पारा आपडेट
मैक्सिमम 29.0 | मिनीमम 21.0
सूर्यास्त (आज) ▸ 17:22
सूर्योदय (कल) ▸ 05:46
बोकारो से प्रकाशित

सेंसेक्स 81,501.36 ₹ ● निफ्टी 24971.30 ₹ ● डॉलर 83.99 ₹ ● सोना 76,667 ₹ ● चांदी 1,03,000 ₹

पेज 06 भारत-अमेरिकी रक्षा डील,,
पेज 09 निर्वाचन पदाधिकारी ने ..

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर
कार्तिक कृष्ण पक्ष सप्तमी संवत 2079




RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 105 | Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### नाइजीरिया में ईंधन से भरे टैंकर में विस्फोट, 90 की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया में ईंधन टैंकर में विस्फोट होने से कम से कम 90 लोगों की जान चली गई। यह वाकया मंगलवार रात उत्तर-पश्चिम नाइजीरिया के जिगावा राज्य में हुआ। जिगावा पुलिस के प्रवक्ता शिइसू एडम ने बुधवार को कहा कि यह दुर्घटना जिगावा राज्य के तौरा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के माजिया टाउन में हुई। अधिकांश पीड़ित दुर्घटनास्थल को घेरने के बाद हुए विस्फोट में मारे गए। एडम ने कहा कि विस्फोट में 50 अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि रात करीब 11:30 बजे माजिया टाउन में खदीजा विश्वविद्यालय के पास टैंकर चालक ने नियंत्रण खो दिया और उसमें विस्फोट हो गया। इसके बाद उसमें आग लग गई। उन्होंने कहा कि नाइजीरिया में आमतौर पर नागरिक ईंधन टैंकर हादसे के वक्त दुर्घटनास्थल को घेर लेते हैं।

### ईडी ने मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू को दी क्लीन चिट

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित 371 करोड़ रुपये के कौशल विकास निगम घोटाला मामले में क्लीन चिट दे दी है। इसी मामले में नायडू को 53 दिन जेल में बिताना पड़ा था। जमानत पर रिहा होने के बाद आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में बहुमत मिलने के बाद वे मुख्यमंत्री बने और अब ईडी से क्लीन चिट मिलने के बाद उन्हें बड़ी राहत मिली है। हालांकि, ईडी ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है लेकिन सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एक दिन पहले मंगलवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को कथित तौर पर 371 करोड़ रुपये के कौशल विकास निगम घोटाला मामले में क्लीन चिट दी गई है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के देशभर में चलाए जाने वाले सक्रिय सदस्यता अभियान का बुधवार को शुभारंभ किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के सदस्यता अभियान के संयोजक विनोद तावड़े की मौजूदगी में प्रधानमंत्री मोदी पार्टी के पहले सक्रिय सदस्य बने। इसी के साथ उन्होंने पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ भी कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा कि विकसित भारत बनाने के हमारे प्रयास को गति देते हुए भाजपा का प्रथम सक्रिय सदस्य बनने पर वे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ कर रहे हैं।

### अकासा एयर की फ्लाइट में बम की धमकी, दिल्ली डायवर्ट

**नई दिल्ली।** अकासा एयर की दिल्ली से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट को बम की धमकी मिली है। इस फ्लाइट पर इमरजेंसी रिस्पांस टीम की नजर है। इसे नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों में कई एयरलाइनों को ऐसी धमकियां मिली हैं। सात क्रू मेंबर सहित 174 यात्रियों को ले जा रही इस एयरलाइन की फ्लाइट पर इमरजेंसी रिस्पांस टीम की नजर है, जिसको दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले तीन दिनों में विमानों में बम की धमकी की ये 12वीं घटना है।

### विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने इस्लामाबाद में शंघाई सहयोग संगठन की शिखरवार्ता में पाक को दिलाई याद

# आतंक और व्यापार साथ-साथ नहीं : जयशंकर

● संगठन के चार्टर में आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद को स्पष्ट रूप से चुनौती माना गया है

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने बुधवार को इस्लामाबाद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखरवार्ता में याद दिलाया कि संगठन के चार्टर में आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद को स्पष्ट रूप से चुनौती माना गया है। ऐसे में सीमा पार से इस तरह की गतिविधियां होती रहेंगी तो सहयोग विशेषकर क्षेत्रीय सहयोग संभव नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि सहयोग आपसी सम्मान और संप्रभुता पर आधारित होना चाहिए।

उन्होंने कहा, यदि सीमा पार की गतिविधियां- आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद होंगी तो समानांतर रूप से व्यापार, ऊर्जा प्रवाह, कनेक्टिविटी और लोगों से लोगों के बीच आदान-प्रदान के प्रोत्साहन की संभावना नहीं होंगी।



एससीओ के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक में संगठन में शामिल देशों के शीर्ष नेता शामिल होते हैं। विदेश मंत्री जयशंकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्थान पर बैठक में शिरकत करने पहुंचे पहुंचे थे।

### सहयोग एकतरफा एजेंडे पर नहीं बल्कि वास्तविक साझेदारियों पर बनना चाहिए

एससीओ की बैठक में विदेश मंत्री ने कहा कि सहयोग एकतरफा एजेंडे पर नहीं बल्कि वास्तविक साझेदारियों पर बनाया जाना चाहिए। हमारे प्रयास तभी आगे बढ़ेंगे जब चार्टर के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ रहेगी। यह स्वयंसिद्ध है कि विकास और प्रगति के लिए शांति और स्थिरता की आवश्यकता होती है। और जैसा कि चार्टर में कहा गया है, इसका मतलब है 'तीन बुराइयों' का मुकाबला करने में दृढ़ता से करना और इनसे समझौता न करना। उन्होंने कहा कि वैश्विक संघर्षों की बीच जलवायु परिवर्तन की गंभीर समस्या, आपूर्ति श्रृंखला की अनिश्चितता और वित्तीय अस्थिरता वृद्धि और विकास को प्रभावित कर रहे हैं। यह एक चुनौतीपूर्ण समय है। प्रौद्योगिकी बड़ी संभावनाएं रखती है, लेकिन साथ ही नई चिंताओं को भी जन्म देती है। एससीओ के सदस्यों को इन चुनौतियों पर कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए इसपर विचार करना होगा। विदेश मंत्री ने इस दौरान वैश्विक संस्थाओं में बदलाव की मांग को दोहराया।

### अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देता है : विदेश मंत्री

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी और गैर-स्थायी दोनों श्रेणियों में व्यापक सुधार आवश्यक है। भारत की भूमिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी अपनी वैश्विक पहल और राष्ट्रीय प्रयास भी एससीओ के लिए अत्यधिक प्रासंगिक हैं। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देता है। आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन हमें जलवायु घटनाओं के लिए तैयार करता है। मिशन लाइफ एक स्थायी जीवन शैली की वकालत करता है। योगाभ्यास और मोटा अनाज को बढ़ावा देने से स्वास्थ्य और पर्यावरण पर फर्क पड़ता है। वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन ऊर्जा परिवर्तन के कार्य को मान्यता देता है। इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस हमारी जैव-विविधता की रक्षा करता है। घर पर, हमने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के मूल्य का प्रदर्शन किया है, जैसे हमने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के प्रभाव को दिखाया है।

# हरियाणा भाजपा विधायक दल के नेता बने नायब सैनी

● कृष्ण बेदी व अनिल विज ने रखा नाम का प्रस्ताव
● गृहमंत्री ने किया नेता चुने जाने का ऐलान

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुन लिया गया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में बुधवार को पंचकूला स्थित भाजपा मुख्यालय में विधायक दल की बैठक में यह फैसला लिया गया। उल्लेखनीय है कि पंचकूला में ही अमित शाह ने विधानसभा चुनाव प्रचार की शुरूआत करते हुए नायब सैनी को हरियाणा में भाजपा का मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया था। विधायक दल के नेता का चुनाव करने के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक गृहमंत्री अमित शाह तथा मोहन यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में नरवाना से विधायक कृष्ण बेदी तथा अंबाला छावनी से विधायक अनिल विज ने नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुनने का प्रस्ताव रखा।

### शपथ ग्रहण से पहले 24 हजार युवाओं को मिलेंगी नौकरियां: नायब सैनी

हरियाणा के मुख्यमंत्री पद के लिए मनोनीत होने के बाद नायब सैनी ने सबसे पहला ऐलान किया है कि गुरुवार को शपथ ग्रहण से पहले प्रदेश के 24 हजार युवाओं को नौकरी दी जाएगी। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग का परिणाम तैयार हो चुका है। उन्होंने चुनाव के दौरान युवाओं के साथ वादा किया था। बुधवार को नायब सैनी ने विधायक दल का नेता चुनने के बाद विधायकों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता से किए सभी वादों को निभाएंगे। नायब सैनी का कहना है कि वह कल (17 अक्टूबर को) शपथ बाद में लेंगे, पहले वह 24 हजार युवाओं की नौकरी का रिजल्ट जारी करवाएंगे। सैनी ने कहा कि कुछ बच्चों के रिजल्ट कमीशन की तरफ से तैयार हो चुके थे। जैसे ही कमीशन उन्हें जारी करने लगा तो विपक्षी दल चुनाव आयोग के पास पहुंच गए।

● मुख्यमंत्री पद की दूसरी बार शपथ लेने से पहले सैनी ने किया बड़ा ऐलान

● प्रदेशवासियों की उम्मीदों पर खतरा उतरने के लिए रहूंगा प्रयासरतः सैनी



### अमित शाह ने नायब सैनी की थपथपाई पीठ

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत का संदेश देशभर में गया है। हरियाणा से शुरू हुआ भाजपा का विजय रथ अब कहीं नहीं रुकेगा।केन्द्रीय मंत्री शाह बुधवार को पंचकूला में भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद प्रदेशभर के विधायकों को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, कृष्णपाल गुर्जर, राव इंद्रजीत समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में अमित शाह ने कहा कि इस जीत का हरियाणा के लिए विशेष महत्व है। वर्ष 1966 से लेकर आजतक किसी भी दल की तीसरी बार हरियाणा में सरकार नहीं बनी है। गृहमंत्री ने नायब सैनी की पीठ थपथपाते हुए कहा कि हरियाणा में आजतक ऐसा कोई मुख्यमंत्री नहीं आया है, जिसने अपनी पार्टी को तीसरी बार जीत दिलवाई हो। शाह ने कहा कि वर्ष 2014 में भाजपा ने जब अकेले चलने का फैसला किया तो हरियाणा में पहली बार अपने बल पर सरकार बनाई। करीब साढ़े नौ साल तक तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में कई ऐसे फैसले लिए गए, जिन्हें केंद्र ने भी देशभर में लागू किया।

### बिहार में फिर जहरीली शराब कांड, मचा हड़कंप

# चार की मौत, 11 बीमार

● सदर अस्पताल में आठ व्यक्तियों का इलाज जारी

संवाददाता

**पटना।** बिहार में सीवान जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत कौड़ियां पंचायत और आसपास के गांवों में संदिग्ध परिस्थितियों में चार लोगों की मौत हो गई है। ग्यारह बीमार व्यक्तियों को समुचित इलाज के लिए सदर अस्पताल सीवान और पीएमसीएच पटना भेजा गया है। इनमें से सदर अस्पताल में आठ व्यक्तियों का इलाज जारी है।
इस घटना के बाद से जिला प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। मृतकों के परिजनों के अनुसार 12 से ज्यादा लोगों की जहरीली शराब पीने से मौत हुई है। महाराजगंज के एसडीएम अनिल कुमार ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया शराब पीने से मौत लग रही है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
मृतकों में कौड़िया वैश्य टोला के अरविंद सिंह (40), रामेंद्र सिंह (30), माघर पोखरा के संतोष महतो (35) और मुन्ना कुमार (32) हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कौड़िया वैश्य टोला के अरविंद सिंह की रात में ही परिजनों ने अंत्येष्टि कर दी। दो लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।



### दोषियों पर होगी कार्रवाई

इस घटना को लेकर सीवान के डीएम मुकुल कुमार गुप्ता और एसपी अमितेश कुमार घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। सीवान के सदर अस्पताल में सदर एसडीएम सुनील कुमार और सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ तैनात हैं। डीएम ने मीडिया से बातचीत में बताया कि 15 लोगों की बीती रात स्थिति गंभीर हुई, जिसमें से तीन लोगों की मौत पहले ही हो चुकी थी जबकि एक की मौत पटना ले जाने के क्रम में हो गई। सदर अस्पताल सीवान में अभी आठ लोग इलाजरत हैं जबकि तीन लोगों को पटना पीएमसीएच भेजा गया है। सदर अस्पताल में इलाजरत आठ में से एक की स्थिति गंभीर है। हमने दो चौकीदारों को निलंबित कर दिया है। साथ ही वहां के एसआई और एएसआई के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश दिये गए हैं।

## केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के डीए-डीआर में तीन प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 01 जुलाई से अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों की महंगाई राहत (डीआर) में तीन प्रतिशत का इजाफा किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में महंगाई की भरपाई के लिए मूल वेतन या पेंशन की 50 प्रतिशत की मौजूदा दर से तीन प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि को मंजूरी दी गयी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। सरकार के अनुसार यह वृद्धि 7वें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित स्वीकृत फॉमूर्ले के अनुसार है। डीए और डीआर के चलते सरकारी खजाने पर प्रति वर्ष 9,448.35 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इससे करीब 49.18 लाख कर्मचारियों और 64.89 लाख पेंशनभोगियों को फायदा होगा।

## उमर अब्दुल्ला ने ली जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ

एजेंसी

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में उन्हें और उनके चुने हुए सदस्यों को पद की शपथ दिलाई। वरिष्ठ एनसी नेता सुरिंदर चौधरी ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है।गठबंधन करके चुनाव में उतरी कांग्रेस ने सरकार में न शामिल होने का फैसला लिया है, इसलिए कांग्रेस के किसी भी विधायक को शपथ नहीं दिलाई गई है।

सुरिंदर चौधरी बने उपमुख्यमंत्री



केंद्र सरकार की ओर से 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद उमर अब्दुल्ला का मुख्यमंत्री के रूप में पहला कार्यकाल होगा। मुख्यमंत्री के तौर पर उमर अब्दुल्ला के अलावा नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता सकीना इट्टू, जावेद राणा, जावेद अहमद डार और सतीश शर्मा ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। सुरिंदर चौधरी ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

### प्रधानमंत्री ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर उमर अब्दुल्ला को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, उमर अब्दुल्ला को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई। लोगों की सेवा करने के उनके प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं। केंद्र जम्मू-कश्मीर की प्रगति के लिए उनके और उनकी टीम के साथ मिलकर काम करेगा।

### मोदी सरकार ने 2,642 करोड़ की वाराणसी–डीडीयू 'मल्टी ट्रैकिंग' परियोजना को दी मंजूरी

# बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने की आवश्यकता है

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को वाराणसी-पंडित दीन दयाल उपाध्याय मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना को मंजूरी दे दी। इस पर 2,642 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। प्रस्तावित परियोजना में गंगा नदी पर एक नया रेल-सह-सड़क पुल और अन्य बुनियादी ढांचा सुविधाओं को आधुनिक बनाने के अलावा वाराणसी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) जंक्शन मार्ग के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन को शामिल करना शामिल है। आधिकारिक बयान में कहा गया है, प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग



परियोजना परिचालन को आसान बनाएगी और भीड़भाड़ को कम करेगी। इससे भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्त खंडों पर जरूरी ढांचागत सुविधाओं का विकास होगा। यह परियोजना उत्तर प्रदेश में वाराणसी और चंदौली जिलों से होकर गुजरती है। इसमें कहा गया है वाराणसी रेलवे स्टेशन, भारतीय रेलवे का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। यह प्रमुख क्षेत्रों को जोड़ता है और तीर्थयात्रियों, पर्यटकों और स्थानीय आबादी के लिए प्रवेश द्वार के रूप में काम करता है।

बयान के अनुसार, यात्री और माल ढुलाई दोनों के लिए महत्वपूर्ण वाराणसी-डीडीयू जंक्शन मार्ग, कोयला, सीमेंट और खाद्यान्न जैसे सामान के परिवहन के साथ-साथ बढ़ती पर्यटन और औद्योगिक मांग को पूरा करने में अपनी भूमिका के कारण भारी भीड़ का सामना करता है। इसमें कहा गया है, इस मुद्दे का हल करने के लिए, बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने की आवश्यकता है।

### रबी सीजन के लिए फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी


केंद्र सरकार ने रबी विपणन सीजन 2025-26 के लिए सभी अनिवार्य फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने आज एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी प्रदान की। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विन वैष्णव ने बताया कि सरकार ने उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए एमएसपी में वृद्धि की है। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी रेपसीड और सरसों में 300 रुपये प्रति क्विंटल की गई है। फैसलों के अनुसार गेहूं पर एमएसपी में 150 रुपये की बढ़ोतरी की गई है और अब पिछले वर्ष के 2,275 रुपये से बढ़कर इस वर्ष 2,425 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। जौ पर एमएसपी में 130 रुपये की बढ़ोतरी की गई है और यह 1850 से बढ़कर 1980 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। चने पर एमएसपी में 210 रुपये की बढ़ोतरी की है और यह 5440 से बढ़कर 5650 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। मसूर की एमएसपी में 275 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। यह 6425 से बढ़कर 6700 रुपये हो गई है। रेपसीड और सरसों की एमएसपी में 140 रुपये की बढ़ोतरी की गई है जो पिछले वर्ष के मुकाबले 5800 से बढ़कर 5940 रुपये हो गई है।

### वाटर टैंक के ड्रेनेज सिस्टम में जांच के दौरान हुआ हादसा

# गुजरात : दम घुटने से 5 लोगों की मौत, मृतकों के परिजनों को मुआवजे का ऐलान

एजेंसी

**भुज।** गुजरात के कच्छ जिले के कांडला की औद्योगिक इकाई में बीती रात दम घुटने से 5 लोगों की मौत हो गई। बताया गया कि कांडला की इमामी एग्रोटेक कंपनी में सुपरवाइजर वाटर टैंक का ड्रेनेज सिस्टम देखने गया था। सुपरवाइजर के अंदर जाने के बाद उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर 4 अन्य लोग भी अंदर गए।इन सभी की ड्रेनेज सिस्टम के अंदर दम घुटने से मौत हो गई। कंपनी की ओर से सभी मृतकों के परिजनों को 10-10 रुपये देने की



घोषणा की गई है। कांडला मरीन पुलिस के अनुसार इस घटना में सिद्धार्थ तिवारी, अजमत खान, आशीष गुप्ता, आशीष कुमार और संजय ठाकोर नामक श्रमिकों की मौत हो गई। सभी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए रामबाग सरकारी हॉस्पिटल ले जाया गया है। कंपनी के एचआर सुनील यादव के अनुसार बीती रात 12.30 बजे के आसपास इन्चार्ज-सुपरवाइजर सिद्धार्थ तिवारी वाटर टैंक का ड्रेनेज सिस्टम जांच करने गया था। इस दौरान वह दुर्घटनावश टंकी में गिर गया। टंकी के अंदर घुटन होने पर वह चिल्लाने लगा, उसकी आवाज सुनकर 4 अन्य श्रमिक भी उसे बचाने को टंकी के अंदर गए। लेकिन टंकी के अंदर गैस होने की वजह से सभी घुटन के कारण बेहोश हो गए।

### आरपीएफ हटिया टीम की बड़ी कामयाबी

# 4.10 लाख कीमत की 41 किलो गांजा किया जब्त



## पांच ट्रॉली बैग व पिट्ठु में भर कर ले जाने की थी तैयारी

वरीय संवाददाता

**रांची।** हटिया आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार को मिली गुप्त सूचना पर बनी टीम ने हटिया स्टेशन के प्लेट फार्म नंबर दो से दो ट्रॉली बैग दो पिट्ठु सहित कुल पांच बैग बरामद किया, जब्त बैग से आरपीएफ की टीम ने 20 पैकेटों में बंद किया हुआ 41 किलो गांजा बरामद किया।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक जब्त गांजे की बाजार कीमत 4 लाख 10 हजार आंकी गयी है। हालांकि स्टेशन में रेलवे पुलिस की सक्रियता को देखते हुए गांजा लेकर कहीं जाने वो तस्कर अपनी पहचान छिपाते हुए कहीं दुबक गये।

आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी की नशे के सौदागरों द्वारा ट्रेन से भारी मात्रा में गांजा तस्करी कर कहीं पहुंचाने की तैयारी है।

सूचना के बाद उन्होंने सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में आरपीएफ फ्लाइंग और जीआरपी हटिया की संयुक्त टीम बना कर प्लेटफॉर्म में चेकिंग शुरु की गयी उसी दौरान टीम ने दो नम्बर प्लेटफॉर्म में उक्त पांचों बैग को देखा और जब्त कर लिया, बाद में उसे खोला गया जहां से 20 पैकेटों में बंद गांजा बरामद किया गया।

### राज्य के 804 विद्यालयों में मॉडल लैब्स की तर्ज पर

# व्यावसायिक शिक्षण प्रयोगशालाएं बनाने की तैयारी

संवाददाता

**रांची।** राज्य के 804 सरकारी विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा को उन्नता प्रदान करने एवं विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और व्यवहारिक व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मॉडल प्रयोगशालाएं बनाई जाएंगी। इन उन्नत प्रयोगशालाओं में विद्यार्थियों को 11 व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की व्यवहारिक शिक्षा दी जायेगी।

इन उन्नत लैब्स की अधिष्ठापना से पहले झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची में छह मॉडल प्रयोगशालाएं बनाई गयी है। इन छह मॉडल प्रयोगशालाओं में परिधान एवं फैशन, ऑटोमोटिव, हेल्थकेयर, ब्यूटी एंड वैलनेस, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी शामिल है।



वर्तमान में छह प्रयोगशालाओं की स्थापना की गयी है। आने वाले कुछ दिनों में रिटेल, एग्रीकल्चर, आईटी, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट और मल्टीस्किल से जुडी प्रयोगशालाएं भी स्थापित की जाएंगी। इन्हीं प्रयोगशालाओं की तर्ज पर राज्य के 804 सरकारी विद्यालयों में प्रयोगशालाएं बनाई जाएंगी, जिससे बच्चो को व्यवहारिक व्यावसायिक शिक्षा में सहयोग मिलेगा।

**जेसीईआरटी में शिक्षकों को मिलेगा प्रशिक्षण :** झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में आने वाले व्यावसायिक प्रशिक्षक भी इन प्रयोगशालाओं के माध्यम से व्यवहारिक व्यावसायिक शिक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसके बाद वे अपने विद्यालयों में जाकर स्कूली बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण दे सकें। इन प्रयोगशालाओं में उन्नत तकनीकों के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षक शिक्षा में नवाचार से अवगत रहेंगे। व्यावसायिक शिक्षा के प्रभाग प्रभारी श्री स्वप्निल हेमंत कुजूर ने बताया कि विद्यार्थियों को उन्नत व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने के लिए 2086 वोकेशनल प्रशिक्षक को प्रशिक्षण दिया जायेगा। वर्तमान में विद्यालयों में 11 प्रकार की व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है। इसमें गुणवत्ता सुनिश्चित करने और शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण देने के मकसद से राज्य स्तर पर झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची में प्रयोगशालाएं बनाई गयी है। व्यावसायिक प्रशिक्षको के कार्यो का निरंतर मूल्यांकन किया जायेगा। साथ ही समय समय पर उन्हें व्यावसायिक शिक्षा में नवाचार से अवगत कराने के लिए जेसीआरटी में प्रशिक्षण भी मिलेगा। इन प्रयोगशालाओं का निरिक्षण किया गया है। जांच के दौरान जो कमियां पायी गयी, उन्हें त्वरित निष्पादित करते हुए नवीन उपकरणों एवं सामग्रियों के साथ 804 विद्यालयों में भी प्रयोगशालाएं अधिष्ठापित करने का निर्णय लिया गया है।

# नव प्रोन्नत 464 एएसआई को बैज पहनाकर किया सम्मानित



रांची। रांची के कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में बुधवार को पीपिंग सेरेमनी आयोजित की गई। इसमें नव प्रोन्नत 464 एएसआई को बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर एसएसपी ने कहा कि नवप्रोन्नत एएसआई ऐसा बदलाव लायें, जिससे खुद के साथ-साथ रांची पुलिस की एक अच्छी छवि बन सके। सम्मानित किये गये नवप्रोन्नत पुलिसकर्मियों में खुशी साफ झलक रही थी। इस मौके पर एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, कोतवाली डीसीपी प्रकाश सोय और सदर डीएसपी संजीव बेसरा सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

# जम्हूरियत को बेचने में लगे हैं भाजपा व चुनाव आयोग : झामुमो

संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा( झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने हेमंत सरकार के पिछले पांच साल के कार्यकाल की उपलब्धियां और चुनौतियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब 2019 के चुनाव में बहुमत लाकर सरकार में आए तो कोरोना से उनका स्वागत हुआ। दो साल कोरोना की लड़ाई में बीत गए। जब इससे बाहर आए तो फिर सरकार को गिराने की साजिश शुरू हो गई लेकिन एक-एक कर हर चीज से निपटने में सरकार सफल साबित हुई। अब चुनाव की घोषणा हो गई है फिर से चुनावी मैदान में जाना है।

भट्टाचार्य बुधवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में सरकार ने युवाओं और छात्रों के लेकर काम किया है। अब चुनाव में इन उपलब्धियों को लेकर जनता के पास जायेंगे।

उन्होंने कहा कि पहले हरियाणा का चुनाव महाराष्ट्र के साथ होता था लेकिन इस बार हरियाणा में अकेले चुनाव कराया गया और झारखंड महाराष्ट्र एक साथ हो रहा है। यह बताने को काफी है कि किसके इशारे पर चुनाव आयोग कम कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक फिल्म आई थी बंटी और बबली। इसमें ताजमहल को बेचा था। ऐसे ही बंटी



और बबली भाजपा और चुनाव आयोग हो गये हैं, जो जम्हूरियत को बेचने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 43 सीटों पर ही चुनाव की घोषणा क्यों हुई, 47 भी हो सकती थी। इसमें मांडू और रामगढ़ और खिजरी का नाम नहीं है।

सुप्रियो ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना छोड़ो बेकार की बातें। उन्होंने कहा कि इस दौरान मुस्कुराहट ही बता रही थी कि कुछ तो घपला घोटाला होने वाला है। उन्होंने कहा कि मांडू दो जिले में आता है। रामगढ़ और हजारीबाग। रामगढ़ में खड़े होकर रांची को प्रभावित करने का काम भाजपा के नेता करेंगे। एक साजिश के तहत किया गया है कि एक विधानसभा 13 तारीख को और दूसरा बगल की ही जो सीट है उसे 20 तारीख को दूसरे चरण में रखा गया।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में ईवीएम में खेल हुआ है।

# उम्मीदवार निर्वाचन के दौरान 40 लाख रुपए तक ही खर्च कर सकेंगे: के रवि

संवाददाता

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा आम निर्वाचन की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस दौरान सभी राजनीतिक दलों एवं निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्याशियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग के जरिये कुछ आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

इसका अनुपालन कर स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित होगा। निर्वाचन प्रक्रिया में सभी के लिए समान अवसर प्राप्त हो, इस उद्देश्य से प्रत्येक



प्रत्याशियों के जरिये निर्वाचन के दौरान 40 लाख रुपए की खर्च सीमा तय की गई है। प्रत्याशियों के खर्च में पारदर्शिता लाने के लिए खर्च के ब्योरा की पंजी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करानी होती है। इस पंजी का जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा उनके कार्यालय की वेबसाईट पर सार्वजनिक की जाती है।

कुमार बुधवार को विधानसभा निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि निर्वाचन आयोग के जरिये सुविधा एप्प बनाया गया है, जिसके इस्तेमाल से प्रत्याशियों के जरिये नामांकन प्रक्रिया में उपयोग होने वाले सभी आवेदनों को भरा जा सकता है। साथ ही नामांकन के दिन के लिए आरओ ऑफिस में अपॉइंटमेंट भी ली जा सकती है। इसके साथ इस माध्यम से अपना ब्योरा भरने एवं एफिडेविट बनाने में भी सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सीझवीजिल एप्प के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामलों पर त्वरित

## ईवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ना झामुमो की निराशा: अजय साह

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य की पत्रकार वार्ता पर बुधवार को तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भट्टाचार्य ने संवैधानिक संस्थाओं, विशेष रूप से चुनाव आयोग को अनुचित रूप से निशाना बनाया और चुनाव आयोग की गरिमा को गिराने का प्रयास किया है। अजय साह ने कहा कि हरियाणा चुनाव में मिली हार की समीक्षा करने की बजाय, उन्होंने इसका पूरा ठीकरा ईवीएम पर फोड़ दिया। साथ ही चुनाव आयोग और केंद्रीय जांच एजेंसियों के खिलाफ इस्तेमाल किए गए अपमानजनक शब्दों से झामुमो की हताशा और निराशा स्पष्ट हो रही है। यह वही लोग हैं, जिन्होंने ईवीएम के माध्यम से विधायक बनी कल्पना सोरेन को लोकतंत्र की जीत बताया था। लोकसभा में भारी हार के बावजूद अपनी जीती हुई कुछ सीटों को लोकतंत्र की जीत बता रहे थे। उन्होंने कहा कि झामुमो आज जिस राजद की गोदी में बैठी है वो राजद वही पार्टी है, जिसके शासन में बिहार में बूथ कैप्चरिंग एक सामान्य घटना थी। ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे कि झामुमो के अंदर कांग्रेस का डीएनए प्रवेश कर रहा है और तभी कांग्रेस की राह पर चल कर ये सवैंधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रहे है।

# एडीजी अभियान ने बैठक में दिए कई निर्देश



संवाददाता

**रांची।** पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार से एडीजी अभियान संजय आनन्द राव लाठकर की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक हुई। बैठक में राज्य के सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक, सभी वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक मौजूद थे। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लैंगिक अपराध , सीपीएमएस एप्लीकेशन के जरिये साक्षियों के उपस्थापन और न्यायालयों की सुरक्षा से संबध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में एडीजी अभियान ने महिलाओं के विरुद्ध होने वाले लैंगिक तथा पोक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज काण्डों के निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादन की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिन जिलों के निष्पादन स्तर में कमी पाया गया उन जिलों के पुलिस अधीक्षकों को कांड के निष्पादन के लिए कई बिन्दुओं पर निर्देश देते हुए कांड का निष्पादन त्वरित गति से करने एवं जिलों में प्रतिवेदित संवेदनशील मामलों का मॉनिटरींग करने का निर्देश दिया गया।

साथ ही प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक एवं क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक को भी पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज कांडो की समीक्षा करते हुये निर्धारित समय सीमा के भीतर काण्डों का निष्पादन सुनिश्चित कराने के लिए निर्देश दिया गया।

उन्होंने सभी वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक को यह निर्देश दिया गया कि जब तक न्यायालय से संबंधित पदाधिकारी अपने कार्यालय में उपस्थित रहते हैं तब तक उनकी सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। साथ ही न्यायिक पदाधिकारियों के आवासों की भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। जिला के प्रधान सत्र न्यायाधीश से समन्वय स्थापित कर सीसीटीवी कैमरा स्थापित करने के लिए आवश्यकतानुसार उसकी संख्या की सूची जैपआईटी को उपलब्ध कराते हुए वांछित कार्रवाई करने, सभी न्यायालयों में सीसीटीवी की निगरानी के लिए पर्याप्त संख्या में तकनीकी रूप से दक्ष पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने का भी निर्देश दिया।

साथ ही साक्षियों की गवाही न्यायालय में ससमय सुनिश्चित करने, विशेषकर पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों की गवाही न्यायालय में ससमय सुनिश्चित करने तथा वैसे पुलिस पदाधिकारी/कर्मी जो न्यायालय में अपनी गवाही के लिए उपस्थित नहीं होते हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक एवं क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक को भी गवाहों की उपस्थिति के संबंध में विशेष समीक्षा करने सहित जिलों में स्थापित विधि शाखाओं को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल देने का निर्देश दिया।

### राज्य में बदला मौसम का मिजाज

# 17-18 को गरज के साथ होगी बारिश

संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में मौसम का मिजाज बुधवार को बदला। आकाश में काले बादल छा गए और देखते ही देखते झमाझम बारिश होने लगी। बादल भी गरजने लगे। मौसम विभाग ने पूवार्नुमान में बताया कि राज्य के नौ जिलों में मौसम का मिजाज बदल सकता है। गरज के साथ बारिश हो सकती है। जिन जिलों के लिए पूवार्नुमान जारी किया है, उनमें रांची, खूंटी, लोहरदगा, रामगढ़, धनबाद, गुमला, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिले शामिल हैं। मौसम केंद्र ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में डिप्रेशन की वजह से मौसम ने करवट ली है। इस कारण बादल छाए हुए हैं और बारिश भी हो रही है। इसका येलो अलर्ट जारी



किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, 17 और 18 अक्टूबर को राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश और वज्रपात की संभावना है। रांची सहित देवघर, धनबाद, गोड्डा, दुमका, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़ साहेबगंज, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा में 17 अक्टूबर को हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है जबकि 18 अक्टूबर को भी बारिश की संभावना है। इसके बाद 19 अक्टूबर से मौसम साफ हो जाएगा।

इसके साथ न्यूनतम तापमान में गिरावट आयेगी। इस गिरावट की वजह से सुबह और शाम ठंड महसूस होने लगेगी। बुधवार को देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड् व साहिबगंज में अधिकतम 33 और न्यूनतम 24 डिग्री, कोडरमा, चतरा, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा, पलामू में अधिकतम 33 डिग्री व न्यूनतम 23 डिग्री रहा। वहीं रांची, हजारीबाग, खूंटी, गुमला में अधिकतम 31 और न्यूनतम 21 डिग्री दर्ज किया गया।

आईएमडी ने लोगों से आग्रह किया है कि मौसम खराब रहने पर यदि आप घर से बाहर हैं, तो सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसी स्थिति में आप सुरक्षित स्थान पर ही ठहरें। किसी भी स्थिति में पेड़ के नीचे ठहरने से परहेज करें। इस दौरान बिजली के खंभों से भी दूरी बनाए रखें। किसान भाई अपने खेतों में नहीं जाएं। वे मौसम के सामान्य होने की प्रतीक्षा करें। इसके बाद ही खेतों की ओर रुख करें।

# ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के लिए कोर्ट के आदेश का सख्ती से पालन करे राज्य सरकार: हाई कोर्ट

संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि वह हजारीबाग के मुख्य चौक चौराहा पर ट्रैफिक सिग्नल लगाएं और सीसीटीवी और ट्रैफिक पुलिसकर्मी की संख्या बढ़ाये। खंडपीठ ने कहा कि हजारीबाग में ट्रैफिक सुधार के लिए ट्रैफिक मैनेजमेंट के तहत ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ाया जाना चाहिए। साथ ही जहां सीसीटीवी खराब है वहां दुरुस्त किया जाए और सीसीटीवी की संख्या बढ़ाई जाए। इससे ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वालों की पहचान एवं आपराधिक घटनाओं की रोकथाम संभव हो सकेगी। इससे पूर्व हजारीबाग में ट्रैफिक स्थिति का अवलोकन करने को लेकर कोर्ट द्वारा नियुक्त किए गए एडवोकेट कमिश्नर की ओर से अपनी रिपोर्ट



खंडपीठ को सौंप दी गई। इसमें बताया गया कि हजारीबाग में कई सीसीटीवी काम नहीं कर रहा है। खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार को हजारीबाग में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर उठाए गए कदम की जानकारी अगली सुनवाई में देने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 11 दिसंबर निर्धारित की है।

पूर्व की सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि हजारीबाग में ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था नहीं है, सड़कों पर छोटे-छोटे दुकान लगाते हैं। पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हजारीबाग के सभी चौक-चौराहों पर जाम की स्थिति देखी जाती है। चुंगी टैक्स वसूली केंद्र के द्वारा बड़े वाहनों बस एवं ट्रक को शहर के भीतर सुबह 8:00 बजे से लेकर रात के 8:00 बजे तक के भीतर प्रवेश करने दिया जाता है जबकि भारी वाहन का प्रवेश झारखंड के सभी जिलों में सुबह 8:00 से रात 8:00 बजे तक नहीं रहता है। कोर्ट को बताया गया कि हजारीबाग शहर में करीब 1500 ई वाहन चल रहे हैं, जो बगैर रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं। हजारीबाग शहर के डिस्टिक मोड चौक, कल्लू चौक, मटवारी चौक आदि में जाम की समस्या हमेशा देखने मिलती है। शहर के 30 चौक चौराहों को जाम से मुक्त किया जाए। प्रार्थी की ओर से याचिका में कहा गया गया है कि हजारीबाग में चौक चौराहों पर ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था की जानी चाहिए। अत्यधिक भीड़भाड़ वाले चौराहा पर पुलिस की तैनाती की जानी चाहिए, ट्रैफिक रूल का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

**हजारीबाग की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाए राज्य सरकार**

हजारीबाग में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि वह हजारीबाग के मुख्य चौक चौराहा पर ट्रैफिक सिग्नल लगाएं और सीसीटीवी और ट्रैफिक पुलिसकर्मी की संख्या बढ़ाये। खंडपीठ ने कहा कि हजारीबाग में ट्रैफिक सुधार के लिए ट्रैफिक मैनेजमेंट के तहत ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ाया जाना चाहिए। साथ ही जहां सीसीटीवी खराब है वहां दुरुस्त किया जाए और सीसीटीवी की संख्या बढ़ाई जाए। इससे ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वालों की पहचान एवं आपराधिक घटनाओं की रोकथाम संभव हो सकेगी। इससे पूर्व हजारीबाग में ट्रैफिक स्थिति का अवलोकन करने को लेकर कोर्ट द्वारा नियुक्त किए गए एडवोकेट कमिश्नर की ओर से अपनी रिपोर्ट खंडपीठ को सौंप दी गई। इसमें बताया गया कि हजारीबाग में कई सीसीटीवी काम नहीं कर रहा है। खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार को हजारीबाग में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर उठाए गए कदम की जानकारी अगली सुनवाई में देने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 11 दिसंबर निर्धारित की है।

पूर्व की सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि हजारीबाग में ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था नहीं है, सड़कों पर छोटे-छोटे दुकान लगाते हैं। पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हजारीबाग के सभी चौक-चौराहों पर जाम की स्थिति देखी जाती है। चुंगी टैक्स वसूली केंद्र के द्वारा बड़े वाहनों बस एवं ट्रक को शहर के भीतर सुबह 8:00 बजे से लेकर रात के 8:00 बजे तक के भीतर प्रवेश करने दिया जाता है जबकि भारी वाहन का प्रवेश झारखंड के सभी जिलों में सुबह 8:00 से रात 8:00 बजे तक नहीं रहता है। कोर्ट को बताया गया कि हजारीबाग शहर में करीब 1500 ई वाहन चल रहे हैं, जो बगैर रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं। हजारीबाग शहर के डिस्टिक मोड चौक, कल्लू चौक, मटवारी चौक आदि में जाम की समस्या हमेशा देखने मिलती है। शहर के 30 चौक चौराहों को जाम से मुक्त किया जाए। प्रार्थी की ओर से याचिका में कहा गया गया है कि हजारीबाग में चौक चौराहों पर ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था की जानी चाहिए। अत्यधिक भीड़भाड़ वाले चौराहा पर पुलिस की तैनाती की जानी चाहिए, ट्रैफिक रूल का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस नेता सह पूर्व विधायक के पुत्र अनिल चौधरी कर रहे जनसंपर्क



**जमुआ/गिरिडीह।** कांग्रेस नेता सह पूर्व विधायक चंद्रिका महथा के पुत्र अनिल चौधरी ने गुरुवार को तारा, चुंगलो, नावाडीह, मदनू टांड़ सहित कई गांवों में जन संपर्क किया।चुंगलो में ग्रामीणों के साथ बैठक भी की। बैठक में दीपक कुमार ,विजय मंडल ,शिव शंकर मंडल, अजीत कुमार दास, संजय मंडल ,अनीश कुमार नीरज कुमार ,टिंकू कुमार अभय कुमार ,रवि कुमार मंडल, विकास कुमार मंडल, अजीत कुमार मंडल, अजय कुमार मंडल, अनिल पांडेय, अशोक मंडल ,अजय कुमार मंडल ,विवेक, चंदन कुमार सहित कई लोग थे। लोगों के संबोधन में कांग्रेस नेता अनिल चौधरी ने कहा कि सामाजिक सद्भाव को मजबूत बनाएंगे। कहा कि सबको साथ लेकर चलेंगे। पूरे क्षेत्र का सम्यक विकास करेंगें। कहा कि जनसेवा मकसद है। जनता की सेवा सर्वोपरि है।

### चुनाव आधारित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित



**जमुआ/गिरिडीह।** जमुआ प्रखंड के श्री झारखंड नाथ प्लस टू उच्च विद्यालय तारा में बुधवार को चुनाव आधारित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन स्वयं प्रधानाध्यापक प्रकाश कुमार वर्मा ने किया। जबकि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का नेतृत्व विश्वनाथ सोनी ने किया। दोनों प्रतियोगिता सुभाष हाउस, पटेल हाउस, भगत सिंह हाउस और रानी लक्ष्मी बाई हाउस के बीच हुई। प्रतिभागियों में निशु कुमारी, सलोनी कुमारी, अनीश कुमार, अभिनंदन कुमार, प्रकाश मंडल, प्रिया सिकंदर राम, सोनल कुमारी, कविता कुमारी तथा लक्ष्मी कुमारी प्रमुख थे। दोनों हीं प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुभाष हाउस को प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अम्बरीष कुमार,अकबर अली, प्रदीप कुमार राय, अनवारूल हक, प्रभाकर कुमार, शगुफ्ता शाहीन, वीणा मेहता, संजय कुमार, श्रीकांत कुमार का प्रमुख योगदान रहा। इस मौके पर जितेंद्र कुमार, शंभू यादव, सोहन लाल, पुष्पा कुमारी, बाल संसद की प्रधानमंत्री निशु कुमारी, ज्योति कुमारी, प्रीति कुमारी, रूपा कुमारी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में विजई प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### स्वांग कोलियरी में कोयला चोरों के विरुद्ध बीटीपीएस पुलिस व सुरक्षा विभाग ने की छापामारी

**कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के स्वांग कोलियरी में कोयला चोरों के विरुद्ध मंगलवार की देर रात्रि छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के क्रम में कोयले से लदे 4 मोटरसाइकिल व 16 साईकिल को जब्त किया गया। जिसे मौके पर ही क्षतिग्रस्त कर दिया गया।कथारा क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त छापामारी अभियान सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक के आदेशानुसार क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में किया गया। जिस अभियान में बोकारो थर्मल थाना के पुलिस प्रशासन तथा क्षेत्रीय गस्ती दल एवं स्वांग कोलियरी गस्ती दल संयुक्त रूप से शामिल थे। छापामारी में गस्ती दल को देख कोयला चोर भाग खड़े हुए। बरामद कोयला को स्वांग कोलियरी कोयला स्टॉक में गिरा दिया गया। जिसका वजन लगभग 3.5 टन होगा।

### मशहूर गायिका देवी ने भक्ति जागरण कार्यक्रम में श्रोताओं को खूब झुमाया

**चतरा।** प्रखंड मुख्यालय में दुर्गा पूजा के अवसर पर मूर्ति विसर्जन के पश्चात हिंदुस्तान की मशहूर गायिका देवी का भक्ति जागरण कार्यक्रम हाई स्कूल के मैदान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन समाज सेविका रश्मि प्रकाश ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का उद्घाटन करने के पश्चात उपस्थित समाजसेवी रश्मि प्रकाश को पूजा कमिटी ने माता की चुनरी देकर स्वागत किया। साथ ही साथ मशहूर गायिका देवी का स्वागत माता की लाल चुनरी के देकर पूजा कमिटी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में देवी के द्वारा कई भजन निमिया के डाल मैया झुलेला झुलनवा कि धीरे धीरे ना,छठी मैया का गीत, रैप सोंग, फिल्मी गाने, यह जो हल्का-हल्का सुरूर है सब तेरी नजर का कुसूर है तूने जाम लबों से पिला दिया मुझे शराबी बना दिया, भोजपुरी गाने न जइयो तो न जइयो जल्दी से राजधानी पकड़ के आ जाइओ, कई गानों को मिलाकर एक गाने के स्वर में जिसे मिक्स सॉन्ग कह सकते हैं उसे भी उन्होंने बड़े अदा के साथ सुनाया। वहीं उनके साथ आए अन्य कलाकारों ने भी कई रिकॉर्डिंग डांस पर अपनी कला के बदौलत लोगों को झूमने व नाचने के लिए मजबूर कर दिया। रिकॉर्डिंग डांस में एक गाना बहुत लोगों ने पसंद किया वह गाना था - बिंदिया चमके चूड़ी खनके लॉन्ग मारे हम हो गए तुम्हारे, अंगूरी में कटले बिया नगिनिया हे, इस गाने को इतनी लोग प्रियता मिली कि दर्शकों श्रोताओं ने गायिका देबी को आग्रह कर-के दो-तीन बार सुना।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक, साथ हीं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में चुनाव की प्रक्रिया एवं आचार संहिता के अच्छे तरीके से अनुपालन एवं अन्य विषयों पर विचार विमर्श के लिए राजनीतिक दलों के साथ बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

व्यय कोषांग के नोडल पदाधिकारी मनोज प्रजापति के द्वारा बताया गया कि उम्मीदवारों को एस ओ आर तीन प्रकार के पंजी जिसमे सफेद में दैनिक खर्च, गुलाबी में कैस खर्च, पीला में बैंक रजिस्टर पंजी का मिलान मतदान दिवस से पहले तीन बार करना है। उम्मीदवार 10 हजार तक हीं कैस खर्च कर सकते हैं। 10 हजार से अधिक खर्च के लिए चेक बुक या ऑनलाइन माध्यम का प्रयोग कर सकते हैं। उम्मीदवार 40 लाख तक खर्च कर सकते हैं। उम्मीदवारों को अपने नाम पर सेपरेट बैंक खाता खुलवाना अनिवार्य है। इस पर अग्रणी जिला प्रबंधक रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि अगर किन्ही को खाता खुलवाने से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो तुरंत संपर्क कर सकते हैं।

आगे कहा कि जल्द से जल्द खाता खुलवाने का कार्य कर लें। जिससे ससमय चेक बुक और एटीएम उपलब्ध कराया जा सके। इसके अलावे सूचना विज्ञान पदाधिकारी ने दौलत कुमार ने सी वी जिल, वोटर हेल्पलाइन, सुविधा एप्प के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा उक्त एप्प की जानकारी अधिक से अधिक लोगों को दें जिससे लोगों को समस्या न हो। आगे उन्होंने बताया कि अगर कहीं पर लग रहा है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है तो इसकी शिकायत सी वी जिल ऐप के माध्यम से कर सकते हैं। वहीं उम्मीदवारों को किसी भी प्रकार की रैली, वाहन, स्टार प्रचारक समेत अन्य से संबंधित अनुमति सुविधा पोर्टल पर ऑनलाइन कर अनुमति के सकते हैं। वहीं वाहन के लिए अनुमति को लेकर कहा कि उन्हीं वाहनों की अनुमति मांगी जाय जिसका मोटर अधिनियम के तहत दस्तावेज है। जिससे सुगमता पूर्वक अनुमति दिया जा सके। सुविधा पोर्टल 48 घंटे पूर्व ऑनलाइन करने की भी बात कही गई। इसके अलावे बताया कि जिले के सिमरिया व चतरा विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण 13 नवंबर को मतदान होना है। इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय में 18 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2014 तक उम्मीदवारों का नामांकन होगा, 28 अक्टूबर को स्क्रुटनी, 30 को नाम वापसी और 23 नवंबर को मतगणना होना है। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि समेत अन्य सम्बंधित उपस्थित थे।

## शिकायत निवारण शिविर में 31 अक्टूबर तक सभी मामलों का निष्पादन करने का दिया गया आश्वासन

संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल ढोरी के जीएम कॉलोनी स्थित ऑफिसर्स क्लब में बुधवार को विशेष अभियान 4.0 के तहत शिकायत निवारण शिविर लगाया गया। जिसमें सीसीएल ढोरी, कथारा, बीएंडके और गिरिडीह क्षेत्र के कर्मी शामिल हुए। इसमें लंबित मामलों के निपटारा तथा कंपनी के कर्मचारी, गैर कर्मचारी एवं अन्य हित धारकों की समस्या के समाधान के लिए शिकायत निवारण शिविर लगाया गया था।

जिसमें मुख्य रूप से सीसीएल ढोरी के महाप्रबंधक रंजय कुमार सिन्हा, सीसीएल रांची से नोडल अधिकारी समाधान एनके झा, सीसीएल रांची से मुख्य प्रबंधक कार्मिक एके मल्लिक उपस्थित रहे। इस दौरान सभी सीसीएल के कर्मचारी, गैर कर्मचारी एवं हित धारकों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखी। जिसमें मुख्य रूप से ग्रेच्यूटी, पेंशन, सी एम पी एफ के भुगतान का मामला आया। साथ हीं मृत कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी नहीं मिलने के कई मामले आए। इसके अलावा क्वार्टर रिपेयरिंग का भी मामला आया। इसमें ढोरी क्षेत्र के कर्मी बीएंडके क्षेत्र के क्वार्टर में रह रहे हैं या बीएंडके क्षेत्र के कर्मी ढोरी क्षेत्र के क्वार्टर में रह रहे हैं उनके क्वार्टरों के रिपेयरिंग में समस्याएं आ रही हैं। शिविर में आये मामलों का 31 अक्टूबर तक निष्पादन करने का आश्वासन दिया गया। नोडल अधिकारी श्री झा ने कहा कि यह शिविर हेड क्वार्टर रांची के तत्वाधान में प्रत्येक क्षेत्र में लगाया जा रहा है। जिससे कर्मियों के शिकायतों को दूर करने में विलंब न हो। उसे दूर करना हमारी प्राथमिकता है। शिविर में कई मामले ऐसे आए जो कई वर्षों से लंबित हैं।

कहां से मामला लंबित हुआ है इसकी छानबीन करते हुए इसका निष्पादन करना जरूरी है। उसके बाद जिन अधिकारियों की लापरवाही रही है उस पर कार्रवाई की जा सकती है। कहा कि किसी भी अधिकारी के पास अगर कोई कर्मी समस्या लेकर आते हैं अगर उनकी डिपार्टमेंटल समस्या नहीं है तो कहा कि समस्या का समाधान होगा उसका उन्हें सुझाव देना कर्तव्य है। जीएम श्री सिन्हा ने कहा कि इस तरह के शिविर से कर्मियों के समस्याओं का समाधान हो सकेगा। इससे भविष्य में समस्याएं कम होगी। मौके पर एस ओ पी प्रतुल कुमार, स्टाफ अधिकारी कार्मिक बी एंड के पीएन सिंह, कथारा जयंत कुमार, गिरिडीह के प्रबंधक राजवर्धन, ढोरी क्षेत्र से स्टाफ अधिकारी सिविल मनोज कुमार साह, सर्वेक्षण डीएस प्रसाद, प्रबंधक कुमारी माला, सुरेश कुमार सिंह, आस्था, अभिषेक कुमार सिन्हा, सीताराम उईके, तौकीर आलम, शालिनी यादव, चिकित्सा पदाधिकारी शिवेंदु शर्मा, बीएंडके क्षेत्र से एलएंडआर बीके ठाकुर, परियोजना पदाधिकारी पिछरी संजीव कुमार, यूनियन पदाधिकारी में जवाहरलाल यादव, बैजनाथ महतो, ओम शंकर सिंह, धीरज पांडेय, विकास सिंह, गोवर्धन रविदास, जयनाथ मेहता, किशोर कुमार, गणेश प्रसाद महतो, कैलाश ठाकुर, संतोष ओझा, भरत यादव, निलेश कुमार, किशोर कुमार, जीबू विश्वकर्मा, संजय भोगता आदि मौजूद थे।

## बीडीओ ने बैठक कर अधिकारियों को शत प्रतिशत मतदान कराने का दिया निर्देश



संवाददाता

**बेरमो।** विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बेरमो प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने व बूथ को व्यवस्थित करने को लेकर समीक्षा की गई। बैठक में बीडीओ श्री कुमार ने कहा कि अधिकारी आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए एवं निष्पक्ष व निर्भीक माहौल में चुनाव कराना सुनिश्चित करें। कहा कि राज्य के विस क्षेत्र के साथ बेरमो विधानसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग के द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिसके अनुसार चुनाव में अब शेष कुछ दिन हीं बचे हैं। ऐसे में चुनाव में जुटे अधिकारी व कर्मचारी अलर्ट मोड़ में कार्य करें। कहा कि चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान कराना है। बीएलओ व अन्य कर्मचारी प्रखंड के सभी पंचायत व शहर के वार्ड में स्विप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को मतदान कराने के लिए प्रेरित करें। कहा कि बेरमो प्रखंड के 142 बूथों पर 1 लाख 38 हजार 140 मतदाता मतदान करेंगे। कहा कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन करने की छुट किसी को नहीं है। यदि कोई भी आचार संहिता का उल्लंघन करते पकडे गये तो उन पर विधि संवत कार्रवाई की जायेगी। बीडीओ मुकेश कुमार ने अभियान चला कर बेरमो थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में राजनीतिक दलों द्वारा लगाये गये बैनर, पोस्टर व झंडा को हटवाया।

## ढोरी एरिया में हुई सीसीएल स्तरीय उत्खनन विभाग की समन्वय बैठक



संवाददाता

**बेरमो।** ढोरी एरिया स्थित चपरी गेस्ट हाउस में बुधवार को सीसीएल स्तरीय उत्खनन विभाग की समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्यालय रांची से आये अधिकारी सहित क्षेत्र के जीएम एवं विभागीय अधिकारियों ने खदान को सुरक्षित ढंग से संचालित करने, बेवजह खर्च को कम करने, मशीनों के रखरखाव आदि मुद्दे को लेकर चर्चा की। सीसीएल मुख्यालय रांची के जीएम उत्खनन सुबोध कुमार ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष कोयला उत्पादन को लेकर सभी परियोजनाओं में कार्यों को तेज गति से किया जा रहा है। ऐसे में बेवजह होने वाले खर्च को कम करना भी जरूरी है। कहा कि पिछले एक माह में 11 माइंस एसडीसी डीजल खपत को कम किया गया है। अन्य अधिकारियों को भी अपने माइंस में एसडीसी को काम करने की जरूरत है। कहा कि ईंधन आयल, ट्रांसमिशन आयल व हाइड्रोलिक आयल खदानों में चलने वाले वाहनों के लिए सबसे आवश्यक है। परंतु अधिकारियों को इस बात का भी ध्यान देने की जरूरत है कि जिन गाड़ियों में खर्च किया जा रहा है वह कितना उपयोगी साबित हो रहा है। कहा कि अब सिस्टम हाईटेक हो गया है। इसलिए अधिकारी हर चीज का रिपोर्ट बनाकर मुख्यालय को भेजे। अन्यथा विजिलेंस जांच में अधिकारी नपे जायेंगे। कहा कि सीसीएल एक मशीनीकृत कंपनी है। जिसका कोयला उत्पादन एवं संप्रेषण भारी मशीनों एवं आधुनिक कोल हैंडलिंग प्लांट के जरिये होता है। साथ हीं उनके संचालन के लिए बिजली आधारित रचनाओं की आवश्यकता होती है। बैठक में सीसीएल के विभिन्न एरिया से आये अधिकारियों ने भाग लिया। मौके पर ढोरी जीएम रंजय सिन्हा, स्टाफ आफिसर यूके पासवान आदि मौजूद थे।

## कोयला व छाई ट्रांसपोर्टिंग से हो रहे प्रदूषण को लेकर हुई त्रिपक्षीय वार्ता

संवाददाता



**बेरमो।** बेरमो प्रखंड कार्यालय के सभा कक्ष में अंचल अधिकारी संजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को फुसरो-जैनामोड़ मुख्य मार्ग में छाई एवं कोयला ओवरलोड ट्रांसपोटिंग से होने वाले प्रदूषण की समस्या पर त्रिपक्षीय वार्ता हुई। जिसमें सीसीएल ढोरी, बीएंडके व कथारा एवं डीवीसी बीटीपीएस के प्रतिनिधि एवं पिछरी, मानगो, तुपकाडीह के ग्रामीण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

यहां बेरमो सीओ श्री सिंह ने कहा कि फुसरो-जैनामोड़ मुख्य मार्ग के आसपास रहने वाले ग्रामीण छाई व कोयला ट्रांसपोर्टिंग से होने वाले प्रदूषण से खासे परेशान हैं। जिस पर नियम संगत कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि इस ट्रांसपोटिंग से जुड़े सभी हाईवा वाहन मालिक परिवहन के सारे नियमों का अनुपालन करेंगे। कहा कि प्रदूषण को देखते हुए मार्ग में घनी आबादी वाले इलाके में पानी छिड़काव किया जाय। ग्रामीणों की मांग पर मार्ग में पानी छिड़काव किया जायेगा। जिसमें तीनों क्षेत्र के प्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र अथवा दिन तय कर पानी छिड़काव करेंगे। यहां सीसीएल अधिकारियों से शुक्रवार से पानी छिड़काव करवाने का निर्देश दिया गया। पिछरी के ग्रामीण सूरज महतो ने कहा कि सीसीएल और डीवीसी बीटीपीएस से चलने वाले सभी हाईवा फुसरो-जैनामोड़ मार्ग से होकर गुजरती है। जिससे मार्ग में रोजाना हजारों वाहनों का आवागमन होता है और इस मार्ग में आने-जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों एवं ग्रामीणों को छाई प्रदूषण एवं सड़क दुर्घटना जैसी समस्या से जूझना पड़ता है। छाई परिवहन से ग्रामीण फेफड़ों और आंखों की बीमारी से ग्रसित हो रहे है। कहा कि दूसरे रूट का विकल्प रहने के बावजूद सभी हाईवा वाहन एक ही मार्ग पर क्यों चलाया जा रहा है। हाईवा मालिक अपने वाहनों को कल्याणी या डुमरी मार्ग से छाई व कोयला ट्रांसपोटिंग कर सकते हैं। पूर्व में भी इन मार्ग से होकर वाहन गुजरती थी। कहा कि दूसरे रूट से परिवहन होने से फुसरो जैनामोड़ मार्ग में वाहनों का बोझ कम होगा। सीओ श्री सिंह ने कहा कि रूट परिवर्तन के लिए एमपीएल मैथन के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के बीच बात कर तय किया जायेगा। सीसीएल अधिकारी ने कहा कि रूट का कोई विकल्प नहीं है। इसलिए हाईवा वाहन इसी मार्ग से चलेगी। डीवीसी बीटीपीएस के प्रतिनिधि ने कहा कि हम अपने माइनिंग क्षेत्र में पानी छिड़काव करते हैं।

# विश्व खाद्य दिवस पर बढ़ती जनसंख्या, खाद्यान्न संकट व उपाय विषय पर सेमिनार

संवाददाता



**कथारा।** राष्ट्रीय सेवा योजना ( एनएसएस ) एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर बढ़ती जनसंख्या, खाद्यान्न संकट एवं उपाय विषय पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में जंतु शास्त्र सभागार में दीप प्रज्वलित कर किया गया। सेमिनार को संबोधित करते हुए प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा कि विश्व खाद्य दिवस पर भूखों के लिए खाद्य सुरक्षा व पौष्टिक आहार की आवश्यकता सुनिश्चित कर जागरूकता फैलाने का कार्य किया जाता है। प्रो० इंचार्ज प्रो० गोपाल प्रजापति ने कहा कि भोजन एक बुनियादी व मौलिक मानव अधिकार है। विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर संकल्प लेने की जरूरत है कि खाद्यान्न संकट की कमी मानव जाति को न हो। डा० अरुण कुमार रॉय महतो ने कहा कि इस दिवस पर महिलाओं और बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाना है और एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने के लिए लोगों को जागरूक बनाना है। संतुलित भोज्य पदार्थ अच्छी सेहत के लिए अनिवार्य है। कार्यक्रम पदाधिकारी एनएसएस डॉ० प्रभाकर कुमार ने कहा किसी भी विकासशील देश के लिए विश्व खाद्य दिवस एक महत्वपूर्ण दिवस है। महत्वपूर्ण इसलिए है कि खाद्य व जनसंख्या के बीच संतुलन हीं देश के सही विकास का ग्राफ तय करते हैं। डॉ० शशि कुमार ने कहा कि विश्व की जनसंख्या में हो रही निरंतर वृद्धि व खाद्य पदार्थों के सीमित भंडार को देखते हुए खाद्यान्य उत्पादन बढ़ाने की जरूरत हर देश शिद्दत से महसूस कर रहा है। मोटे अनाज स्वास्थ्य दृष्टिकोण से लाभकारी है। एनएसएस के स्वयं सेवकों ने पोस्टर, स्लोगन, भाषण व निबंध के माध्यम से संदेश देने का कार्य किया। जिनमें जागृति कुमारी, मिलन कुमार गुप्ता, शहजादी सहगूफा, सुप्रिया कुमारी, आरती कुमारी, सोनू कुमार शर्मा, निधि कुमारी, आकांक्षा अग्रवाल, अमित कुमार, सुमीत कुमार सिंह आदि रहे। इन्होंने संकल्प लिया कि हम सभी जंक फूड्स, पैकेट्स सामग्री से दूर रहेंगे। संतुलित भोज्य पदार्थों का सेवन करेंगे, अपना स्वास्थ्य अच्छा रखेंगे और समाज में संदेश भी देने का कार्य करेंगे। द्वितीय सत्र अनुदीप फाउंडेशन के द्वारा स्किल एंड कैरियर डेवलपमेंट पर किया गया। जिनमें कुंदन कुमार सिन्हा, अभिषेक कुमार, जय प्रकाश, मो० ईमवार आदि रहे। कॉलेज के छात्र छात्राओं को रोजगार से जोड़ने हेतु स्किल्स और कैरियर डेवलपमेंट पर अपना संबोधन रखा। मंच संचालन डॉ० प्रभाकर कुमार व धन्यवाद ज्ञापन डॉ० अरुण रंजन ने किया। डॉ० मधुरा केरकेट्टा, डॉ० नीला पूणीर्मा तिर्की, डॉ० बासुदेव प्रजापति, डॉ० व्यास कुमार, डॉ० अरुण रंजन, डॉ० विश्वनाथ प्रसाद, प्रो० विपुल कुमार पांडे, प्रो० पीपी कुशवाहा, प्रो० संजय कुमार दास, प्रो० सुनीता कुमारी, अनुदीप फाउंडेशन के सदस्य गण, रवींद्र कुमार दास, सदन राम, रवि यादविंधु, मो० साजिद, दीपक कुमार राय, बालेश्वर यादव, राजेश्वर सिंह समेत कॉलेज परिवार के सभी सदस्यों, छात्र-छात्राएं सहित एनएसएस के स्वयं सेवक थे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

# राजनीतिक दल को सुविधा पोर्टल पर अनुमति लेना अनिवार्य है



संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने समाहरणालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान आदर्श आचार संहिता, चुनावी खर्च सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा होने के साथ हीं आदर्श आचार संहिता के साथ-साथ जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा भी लागू है। उन्होंने कहा कि अब हर कार्यक्रम के आयोजन के लिए राजनीतिक दल को सुविधा पोर्टल पर अनुमति लेना अनिवार्य है। इसके लिए सुविधा पोर्टल पर आसानी से ऑनलाइन आवेदन देकर अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। हर कार्यक्रम में वीडियो सर्विलेंस टीम मौजूद रहेगी। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान किए गए खर्च की सही जानकारी सभी प्रत्याशी व्यय कोषांग को उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने सभी से आदर्श आचार संहिता को लेकर सतर्क रहने और भारतीय चुनाव आयोग के निदेशों का पालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने भारतीय चुनाव आयोग के दिशा निदेशों से भी राजनीतिक दलों को अवगत कराया।

वहीं एडीएम लॉ एंड आर्डर पियूष सिन्हा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति या राजनीतिक दल अपने वाहन या मोटरसाइकिल, आवास या कार्यालय के बाहर पार्टी का झंडा या चिन्ह अनुमति लेकर लगाए। वाहनों में लगे विभिन्न पद के बोर्ड हटा लें। किसी आयोजन के लिए समय पर सुविधा पोर्टल पर आवेदन दें। आवेदन मिलने पर पहले आओ पहले पाओ की नीति पर अनुमति प्रदान की जाएगी। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, एडीएम लॉ एंड आर्डर पियूष सिन्हा, वरीय पदाधिकारी व्यय अनुश्रवण कोषांग गालिब अंसारी, नोडल पदाधिकारी व्यय अनुश्रवण कोषांग ध्रुव नारायण राय, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, आईटी मैनेजर रूपेश मिश्रा, डीपीओ यूआईडी अमित कुमार, आनंद कुमार, भाजपा के नरेंद्र त्रिवेदी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संतोष कुमार राय, महेंद्र कुमार दुबे, झारखंड मुक्ति मोर्चा के मंटू कुमार चौहान, राष्ट्रीय जनता दल के राजू यादव, आजसू पार्टी के रतिलाल महतो के अलावा बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी व अन्य दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों को तेजी से कार्य पूरा करने का दिया निर्देश

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में आगामी विधानसभा चुनाव- 2024 की तैयारियों को लेकर सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान उन्होंने सभी कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित जानकारी ली। साथ ही सभी कार्य को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी कोषांग के पदाधिकारी अपने अपने कोषांग के कर्मियों के साथ बैठक कर कोषांग से संबंधित कार्यों एवं दायित्वों पर विशेष फोकस करें। जिस मतदान केंद्र में 1200 से अधिक वोटर हैं वहां अतिरिक्त पोलिंग ऑफिसर की प्रतिनियुक्ति करने, प्रशिक्षण शेड्यूल तैयार करने, मेडिकल बोर्ड का गठन करने, ईवीएम रेंडमाइजेशन, डिस्पैच, काउंटिंग, पोस्टल बैलट, वाहनों की आवश्यकता, मटेरियल, एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग, ऑब्जर्वर सेल सहित अन्य विषय पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।मेडिकल कोषांग को सेक्टर ऑफिसर, जोनल मजिस्ट्रेट, बीएलओ तथा मतदान केंद्रों के लिए मेडिकल किट तैयार कर मटेरियल कोषांग को समय पर सुपुर्द करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, 38 सिंदरी विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी 39 निरसा विधानसभा के सप्लाई जियाउल अंसारी, 40 धनबाद विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ राजेश कुमार, 41 झरिया विधानसभा के एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, 42 टुंडी विधानसभा के दिलीप कुमार महतो, 43 बाघमारा विधानसभा के राजीव रंजन,सुनील कुमार सिंह, राज्य कर उपायुक्त धनबाद प्रमंडल गालिब अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला,अनिता कुजूर समेत विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी मौजूद रहें।

### चुनाव के निमित्त गठित मीडिया कोषांग को लेकर नगर आयुक्त ने की बैठक

**धनबाद।** नगर आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी मीडिया कोषांग रवि राज शर्मा की अध्यक्षता में झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित्त गठित मीडिया कोषांग की बैठक समाहरणालय में कई गई। इस दौरान चुनाव में मीडिया कोषांग व मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी की जिम्मेदारी पर जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गई। नगर आयुक्त ने कहा कि इसके लिए जरूरी है।

## संक्षिप्त खबरें

### सभी छः विधानसभा क्षेत्र के लिए समाहरणालय में होगा नामांकन

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बताया कि झारखंड विधानसभा निर्वाचन-2024 के निमित्त धनबाद जिला के सभी छः विधानसभा क्षेत्र 38 - सिंदरी विधानसभा, 39 - निरसा विधानसभा,40 - धनबाद विधानसभा, 41 - झरिया विधानसभा, 42 - टुंडी विधानसभा एवं 43 - बाघमारा विधानसभा क्षेत्र हेतु नामांकन समाहरणालय परिसर के विभिन्न तल एवं संबंधित निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में किया जाएगा।

### एसडीओ ने की धनबाद विस के सभी एईआरओ के साथ बैठक



**धनबाद।** अनुमंडल पदाधिकारी सह 40 धनबाद विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी राजेश कुमार ने पुराने समाहरणालय में विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने 40 धनबाद विधानसभा के सभी सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, सभी सेक्टर ऑफिसर, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारियों के साथ विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### स्वीप कार्यक्रम को लेकर बैठक



**धनबाद।** आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रवि राज शर्मा की अध्यक्षता में स्वीप एक्टिविटी को लेकर समाहरणालय में बैठक की गई। वरीय पदाधिकारी ने स्वीप कर्मियों से कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में शहरी क्षेत्रों में वोट प्रतिशत कैसे बढ़ाए इस पर चर्चा की गई एवं इसका विस्तार से प्रारूप बनाया गया। साथ हीं कार्य योजना भी तैयार की गई। बैठक में शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गठित स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने कहा कि स्वीप योजना के तहत जिले में कारगर कार्य होना चाहिए। स्वीप कोषांग का मुख्य लक्ष्य मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान के प्रतिशत में वृद्धि करना। स्वीप योजना के तहत कैलेंडर तैयार किया गया है उसके अनुसार कार्यक्रमों को आयोजित करना सुनिश्चित करें। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, डीपीएम जे एस एल पी एस शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त शिखा कुमारी, एसएमपीओ विनीता कुमारी, समेत सीडीपीओ एवं अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## झारखंड में भाजपा सरकार आने पर हीं विकास कार्य संभव : अर्जुन राम मेघवाल



संवाददाता

**कुमारधुबी।** अनुसूचित जाति मोर्चा धनबाद जिला ग्रामीण द्वारा चिरकुंडा स्थित टाउन हॉल में प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मुख्य रूप से उपस्थित हुए। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, निरसा विधायक अर्पणा सेनगुप्ता, धनबाद ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, निरसा प्रभारी राजकुमार अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वहीं निरसा विधायक अर्पणा सेनगुप्ता ने अंग वस्त्र व पुष्प कुछ देकर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघावल का स्वागत किया। झारखंड में चुनावी बिगुल बजने के साथ भाजपा चुनावी मैदान में जोर शोर से उतर गई है। बुधवार को चिरकुंडा टाउन हॉल में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में केंद्रीय कानून, सांस्कृतिक एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि झारखंड में झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की जो सरकार है, वह केवल यहां के लोगों को छलने का काम किया है। पिछले चुनाव में किया गया एक भी वादा पूरा नहीं किया है। अब इसको बदलने का समय आ चुका है। उन्होंने कहा कि आज की सभा में जिस तरह से महिलाओं की उपस्थिति है। इससे साफ जाहिर होता है कि आगामी विधानसभा चुनाव में महिलाओं की भूमिका अहम होंगी। केन्द्र की मोदी सरकार गरीब असहाय लोगों के लिए है। मोदी सरकार ने नारी को वंदन करने का अवसर दिलाया है। एक अटके हुए बिल को संसद में सर्वसम्मति से पास कराकर इतिहास रचा है। श्री मेघवाल ने कहा कि हरियाणा के चुनाव में अनुसूचित जाति के लोग ने अहम भूमिका निभाते हुए विजय दिलाई है। इसके बाद सभी दलों का नजर अनुसूचित जाति के वोटरों पर टिकी हुई है। इसलिए आप लोगों को सजग रहने की जरूरत है और एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करना है। इससे पहले केंद्रीय कानून, सांस्कृतिक एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल हेलीकॉप्टर से के एफ एस मैदान पहुंचे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों को तेजी से कार्य पूरा करने का दिया निर्देश



संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 की तैयारियों को लेकर सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान उन्होंने सभी कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी से आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित जानकारी ली। साथ ही सभी कार्य को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि सभी कोषांग के पदाधिकारी अपने अपने कोषांग के कर्मियों के साथ बैठक कर कोषांग से संबंधित कार्यों एवं दायित्वों पर विशेष फोकस करें। वही कार्मिक कोषांग को मैनपावर की आवश्यकता विधानसभा वार तैयार करने, जिस मतदान केंद्र में 1200 से अधिक वोटर है वहां अतिरिक्त पोलिंग ऑफिसर की प्रतिनियुक्ति करने, प्रशिक्षण शेड्यूल तैयार करने, मेडिकल बोर्ड का गठन करने, ईवीएम रेंडमाइजेशन, डिस्पैच, काउंटिंग, पोस्टल बैलट, वाहनों की आवश्यकता, मटेरियल, एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग, ऑब्जर्वर सेल सहित अन्य विषय पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मेडिकल कोषांग को सेक्टर ऑफिसर, जोनल मजिस्ट्रेट, बीएलओ तथा मतदान केंद्रों के लिए मेडिकल किट तैयार कर मटेरियल कोषांग को समय पर सुपुर्द करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, 38 सिंदरी विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार, 39 निरसा विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, 40 धनबाद विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ राजेश कुमार, 41 झरिया विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, 42 टुंडी विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो, 43 बाघमारा विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह निदेशक डीआरडीए राज्य कर उपायुक्त धनबाद प्रमंडल गालिब अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर समेत विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी मौजूद रहें।

## हरेन्द्र सिंह ने निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन



संवाददाता

**धनबाद।** असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने अपने लक्ष्य धनबाद फर्स्ट के तहत धनबाद के नगरी कला शिव मंदिर में असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान से एक निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करना था। शिविर में स्थानीय निवासियों को स्वास्थ्य जांच, कैंसर स्क्रीनिंग, और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना और हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का समय पर पता लगाना बहुत जरूरी है और हम चाहते हैं कि कोई भी व्यक्ति इस बीमारी का शिकार न हो। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। शिविर में स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने जांच और परामर्श प्रदान किया। असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाता रहेगा और स्वास्थ्य सेवाओं को आम जनता तक पहुंचाने का प्रयास जारी रखेगा।

### बीआईटी रोटरैक्ट क्लब ने धनबाद जंक्शन पर 'उम्मीद' पर खाद्य वितरण किया

**धनबाद।** जरूरतमंदों की सहायता और उन्हें राहत प्रदान करने के उद्देश्य से बीआईटी सिंदरी के रोटरैक्ट क्लब ने प्रो० एस.सी. दत्ता के मार्गदर्शन में 'उम्मीद' नामक खाद्य वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और लगभग 80 से 90 भोजन के पैकेट्स का वितरण धनबाद जंक्शन पर किया। इस पहल का उद्देश्य भूखमरी का सामना कर रहे लोगों को आवश्यक पोषण प्रदान करना था, जिससे क्लब की सामाजिक जिम्मेदारी और समुदाय कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। 'उम्मीद' सिर्फ एक खाद्य वितरण कार्यक्रम नहीं था, बल्कि स्थानीय समुदाय में दयालुता और खुशी फैलाने का एक सशक्त प्रयास था। क्लब के सदस्यों ने बताया कि इस कार्यक्रम ने न केवल भूख मिटाई, बल्कि कई चेहरों पर मुस्कान भी लाई।

## एनएसयूआई ने लांच किया जुड़ेगा विद्यार्थी जीतेगा झारखंड अभियान



संवाददाता

**धनबाद।** हाउसिंग कॉलोनी स्थित कम्युनिटी हॉल में झारखंड प्रदेश एनएसयूआई के अध्यक्ष विनय उरांव के द्वारा जुड़ेगा विद्यार्थी जीतेगा झारखंड मुहिम को धनबाद जिला में लॉन्च किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव ने की। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी ने किया। इस मुहिम के तहत धनबाद जिला के अंतर्गत सभी कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों में छात्रों को पार्टी से जोड़ा जाएगा और उन्हें पार्टी के विचारधारा तथा पूर्व में किए गए कार्यों के विषय में बताया जाएगा। जिला स्तर पर 10 हजार मेंबरशिप करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे विधानसभा चुनाव से पूर्व पूरा करने का समय सीमा दिया गया है। इसी कड़ी में लगभग 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने पार्टी के विचारधारा से प्रेरित होकर एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव के नेतृत्व में एनएसयूआई का दामन थामा। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनएसयूआई को अलग झारखंड के हर उस छात्र तक पहुंचना है जो किसी भी अभाव में या व्यवस्था की कमियों के कारण गुणवत्ता वाली शिक्षा से वंचित रह रहे हैं। इसके लिए पूरे झारखंड के हर एक जिले के अंतर्गत हर एक कॉलेज में जाकर छात्रों को जोड़ना है। इसी कार्य हेतु धनबाद जिला में इस अभियान की शुरूआत की जा रही है और धनबाद जिला में 10000 छात्रों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी, उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष सीता राणा, विश्वविद्यालय प्रोफेसर संघ के अध्यक्ष प्रो० डीके सिंह, प्रदेश महासचिव अभय कुमार, प्रदेश सचिव रवि पासवान व अनुष्का लाल व आकाश प्रमाणिक व राजीव पांडे व प्रिया गुप्ता व दीपशिखा सिंह उपस्थित थे। धनबाद जिला से देवेंद्र पासवान, रोहित पाठक, राज रंजन सिंह साहिल खान, सनी सिंह, अरुण दास, निक्की सिंह, उत्तम कुमार, आयुष सिंह, ऋतिक चटर्जी, मोइन अंसारी, संजय तिवारी, अनिकेत कुमार समेत सैकड़ो एनएसयूआई के नेता मौजूद थे।

कार्यक्रम > एचयुआरएल ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

# रक्तदान से बढ़कर कोई पुण्य का काम नहीं होता : संत सिंह



संवाददाता

**सिंदरी।** स्वच्छता कैम्पेन 4.0 के तहत एचयुआरएल द्वारा बुधवार को हर्ल हेल्थ सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ व उद्घाटन प्लांट प्रमुख सुरेश प्रमाणिक ने दीप प्रज्वलित कर नई सोच नई परंपरा के तहत किया। साथ हीं मतदान जागरूकता के लिए पुरे कैम्प में बैनर भी लगाया गया। बुधवार के रक्तदान शिविर में युवा कर्मचारियों सहित सभी लोगों ने अपनी सहभागिता निभाई। एचयुआरएल द्वारा 03 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा 4.0' मनाया जा रहा है। इस दौरान कम्पनी विभिन्न सामाजिक कार्यों का आयोजन कर रही है। बुधवार को हुए रक्तदान शिविर का आयोजन भी इसी का हिस्सा था। इस मौके पर एचआर प्रमुख संत सिंह ने कहा कि ब्लड डोनेशन कैंप में 100 से ज्यादा लोगों ने अपना रक्तदान कर समाजिक सेवा के संकल्प को दुहराया है। उन्होंने आगे कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई पुण्य का काम नहीं होता है। सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल मरीज समय पर खून नहीं मिलने से अपनी जान गंवा देते है। संत सिंह ने बताया कि स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। रक्तदान से शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी भी नहीं आती है। इस रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम स्वच्छता के 'सेवा पखवाड़ा' का एक हिस्सा था। इस दौरान एचयुआरएल द्वारा और भी कई सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रक्तदान करते हुए एचआर सुजीत दुबे ने कहा कि थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को प्रतिमाह दो से तीन यूनिट ब्लड की जरूरत होती है। जिसकी पूर्ति स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों में रक्तदान और नियमित स्वैच्छिक रक्तदाता की ओर से किए जाने वाले रक्तदान से होती हैं। जिन्हें ब्लड बैंक की ओर से निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाता है। कहा कि रक्तदान से शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है। अपील की कि हर स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष भर में दो से चार बार रक्तदान करना चाहिए। मौके पर डा० जयेश प्रसाद, डा० ए एन सिंह, एचआर ऑफिसर मंजुर अली, रजत रंजन, मंसुल जैन, दिनेश, राजकुमार, आकाश सहित एसीयन जालान हौस्पीटल की टीम मौजूद रहे। हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड हेल्थकेयर, रोहराबंध, सिंदरी में एक जीवनदायिनी पहल के रूप में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जो पूरी तरह सफल रहा। बीआईटी सिंदरी के रोटरैक्ट क्लब के समर्पित सदस्य शोभित, खुशवंत, सूरज, सोमेश और मनीष प्रो० एस.सी. दत्ता के मार्गदर्शन में इस शिविर में स्वयंसेवक के रूप में शामिल हुए और हर पहलू का ध्यानपूर्वक और कुशलता से प्रबंध किया। यह शिविर सिर्फ एक सामान्य कार्यक्रम नहीं था, बल्कि सामुदायिक सेवा और सहानुभूति की शक्ति का साक्षात प्रमाण था। रक्तदाताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्हें तेजी से पंजीकृत किया गया और प्रक्रिया के दौरान उन्हें आरामदायक बनाए रखने के लिए ताजगी प्रदान की गई। प्रत्येक रक्तदाता को आभार स्वरूप एक विशेष प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया गया, जो उनके योगदान के विशाल महत्व को दर्शार्ता था। यह रक्तदान अभियान इस बात की याद दिलाता है कि एक यूनिट रक्त भी जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर हो सकता है।

## ईसीआरकेयू के चुनाव प्रचार समिति की बैठक



संवाददाता

**धनबाद।** ईस्ट सेंटर रेलवे कर्मचारी यूनियन के चुनाव प्रचार समिति की बैठक धनबाद शाखा एक में संपन्न हुआ। जिसमें यूनियन की मान्यता प्राप्ति के लिए आगामी 4, 5 और 6 दिसंबर को होनेवाले चुनाव पर चर्चा हुई। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि तीनों शाखा मिलकर धनबाद क्षेत्र में चुनाव का प्रचार प्रसार करेंगे। यूनियन के मीडिया प्रभारी एन के खवास ने बताया कि जिसके तहत 17 अक्टूबर बृहस्पतिवार को सुबह 8:30 बजे क्डह-1 धनबाद में और 18 तारीख शुक्रवार शाम 6:00 बजे क्रू लॉबी धनबाद में ई सी आर के यू द्वारा जनसंपर्क अभियान शुरू किया जाएगा। आज की इस बैठक में राजेश कुमार सिंह, राकेश कुमार, नेताजी सुभाष, एन के खवास, जे के साव, बी के दुबे, विश्वजीत मुखर्जी, रीतलाल गोप, प्रभाकर कुमार, शंभूनाथ, एम.के.मुकेश, पिंटू नंदन, रंजीत कुमार यादव, शिव कुमार, कुमार आजाद, अशोक कुमार, बीपी आजाद और राजकुमार उपस्थित थे।

## सुभाषितम्

**कभी भी आप ऐसा न सोचें की आप क्या कर सकते है बल्कि आप हमेसा ऐसा सोचे की आप क्या नहीं कर सकते हैं। - जान वुडेन**

## राष्ट्र निर्माण में हिंदी भाषा का अहम् योगदान

देश के हर व्यक्ति में राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण की भावना होनी चाहिए क्योंकि राष्ट्र से बड़ा कुछ नहीं है। नागरिक जितने जिम्मेदार होंगे, उस राष्ट्र की महिमा उतनी ही अधिक होगी। राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक का योगदान राष्ट्र की प्रगति में सहायक होता है, इसलिए हम जिस भी स्थिति और परिस्थितियों में हों, हमें राष्ट्र प्रेम की ज्योति जलाए रखनी होगी। इस सकारात्मक सोच से ही हमारे देश की व्यवस्था और मौजूदा व्यवस्था में सुधार हो सकता है। हम हर दिन जापान जैसे छोटे से देश को याद करते हैं कि कैसे एक छोटे से देश ने पूरी दुनिया में अपना एक नया मुकाम स्थापित किया है, चाहे वह तकनीक का मामला हो, अनुशासन का, स्वच्छता का या बुलेट ट्रेन का। अपने वर्चस्व की लड़ाई में जापान ने अपने बच्चों और बुजुर्गों का जो साथ दिया है, वह देखने लायक है। भारत भी बहुत सराहनीय तरीके से विकास कर रहा है और उसने चंद्रयान-3 जैसे मिशन से पूरी दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया है।

जब हमारा देश विकसित होगा, तो हम भी विकसित कहलाएंगे और जब हमारे देश का सम्मान होगा, तो हम भी सम्माननीय कहलाएंगे। हमारे सीमा सुरक्षा बल को देश की सुरक्षा की पहली पंक्ति कहा जाता है। मैं यहां स्पष्ट करना चाहता हूं कि हम सभी नागरिक अपने देश की सुरक्षा की पहली पंक्ति हैं और देश की सुरक्षा के लिए सजग हैं तथा समय आने पर मर मिटने के लिए भी तैयार हैं। युवाओं से अपेक्षा है कि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी क्षमता सिद्ध करें तथा सकारात्मक सोच के साथ कार्य करते हुए अपना तथा पूरे राष्ट्र का भला करें। हमारे संविधान में मौलिक कर्तव्यों में उल्लेख किया गया है कि हमें वैज्ञानिक सोच रखनी चाहिए। हमें प्रत्येक जीव के प्रति दया का भाव रखना चाहिए तथा पर्यावरण, वृक्ष, जलस्त्रोतों तथा जीव-जंतुओं की भी रक्षा करनी चाहिए।

हम प्रदूषण, भ्रष्टाचार तथा अन्य कुरीतियों को समाप्त करके भी राष्ट्र सेवा का परिचय दे सकते हैं। अंत में मैं यही कहना चाहूंगा कि राष्ट्र सेवा किसी भी प्रकार से की जा सकती है। अपनी भाषा तथा संस्कृति की रक्षा करना भी राष्ट्र सेवा है तथा समाज के उत्थान के लिए कार्य करना भी राष्ट्र सेवा है। सितम्बर 1949 को संविधान सभा द्वारा हिन्दी को सर्वसम्मति से, ध्यान दें कि सर्वसम्मति में किसी पर कुछ थोपने या लादने जैसी कोई बात नहीं होती, संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया तथा इसको अमल में लाते हुए भारत के संविधान के अनुच्छेद 343 के ,खण्ड 1 में यह प्रावधान किया गया कि ह्यसंघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी। व संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अन्तरराष्ट्रीय रूप होगा। इस पर भी भारत के बहुभाषी स्वरूप को ध्यान में रखते हुए अनुच्छेद 343 के, खण्ड 2 में यह व्यवस्था की गई कि भारत के संविधान लागू होने के 15 वर्ष बाद तक भी संघ के शासकीय प्रयोजनों में अंग्रेजी भाषा का प्रयोग किया जाता रहेगा व खण्ड 3 ए के अनुसार 15 वर्ष के बाद भी संसद विधि द्वारा अंग्रेजी भाषा का प्रयोग किए जाने की व्यवस्था कर सकेगी। ज्ञातव्य है कि संविधान के लागू होने के 74 वर्ष बाद तक आज भी अंग्रेजी का प्रयोग जारी है। तो प्रश्न है कि हिन्दी को कहाँ, कब और किस पर थोपा गया।

## चिंतन-मनन

### भक्त के भीतर रहते हैं कृष्ण

जब भगवान चैतन्य बनारस में हरे कृष्ण महामंत्र के कीर्तन का प्रवर्तन कर रहे थे, तो हजारों लोग उनका अनुसरण कर रहे थे। तत्कालीन बनारस के अत्यंत प्रभावशाली और विद्वान प्रकाशानंद सरस्वती उनको भावुक कहकर उनका उपहास करते थे। कभी-कभी भक्तों की आलोचना दार्शनिक यह सोचकर करते हैं कि भक्तगण अंधकार में हैं और दार्शनिक दृष्टि से भोले-भाले भावुक हैं, किंतु यह तथ्य नहीं है। ऐसे अनेक बड़े-बड़े विद्वान पुरुष हैं, जिन्होंने भक्ति का दर्शन प्रस्तुत किया है। किंतु यदि कोई भक्त उनके इस साहित्य का या अपने गुरु का लाभ न भी उठाए और यदि वह अपनी भक्ति में एकनिष्ठ रहे, तो उसके अंतर से कृष्ण स्वयं उसकी सहायता करते हैं। अतः कृष्णभावनामृत में रत एकनिष्ठ भक्त ज्ञानरहित नहीं हो सकता। इसके लिए इतनी ही योग्यता चाहिए कि वह पूर्ण कृष्णभावनामृत में रहकर भक्ति संपन्न करता रहे। आधुनिक दार्शनिकों का विचार है कि बिना विवेक के शुद्ध ज्ञान प्राप्त नहीं किया जा सकता। उनके लिए भगवान का उत्तर है- जो लोग शुद्धभक्ति में रत हैं, भले ही वे पर्याप्त शिक्षित न हों तथा वैदिक नियमों से पूर्णतया अवगत न हों, किंतु भगवान उनकी सहायता करते ही हैं। भगवान अजरुन को बताते हैं कि मात्र चिंतन से परम सत्य भगवान को समझ पाना असंभव है, क्योंकि भगवान इतने महान हैं कि कोरे मानसिक प्रयास से उन्हें न तो जाना जा सकता है, न ही प्राप्त किया जा सकता है। भले ही कोई लाखों वर्षो तक चिंतन करता रहे, किंतु यदि भक्ति नहीं करता, यदि वह परम सत्य का प्रेमी नहीं है, तो उसे कभी भी कृष्ण या परम सत्य समझ में नहीं आएंगे। परम सत्य, कृष्ण, केवल भक्ति से प्रसन्न होते हैं और अपनी अचिंत्य शक्ति से वे शुद्ध भक्त के हृदय में स्वयं प्रकट हो सकते हैं। शुद्धभक्त के हृदय में तो कृष्ण निरंतर रहते हैं और कृष्ण की उपस्थिति सूर्य के समान है, जिसके द्वारा अज्ञान का अंधकार तुरंत दूर हो जाता है।

## आज का राशिफल

**मेष** : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृष** : व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**मिथुन** : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**कर्क** : रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**सिंह** : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**कन्या** : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। सभा में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला** : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**वृश्चिक** : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा।

**धनु** : चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, ङ्कषचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**मकर** : थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कुंभ** : कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें।

**मीन** : प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

# भारत-अमेरिकी रक्षा डील, चीन-पाकिस्तान की सांसें सील



डॉ. मयंक चतुर्वेदी



भारत की चारों दिशाओं से सीमाओं को सुरक्षित करने की दृिष्ट से एक अच्छी खबर आई है। अमेरिका के साथ 31 एमक्यू -9B ड्रोन (प्रीडेटर ड्रोन) खरीदने की डील साइन कर ली गई है। वस्तुतः एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन को लेकर भारत-अमेरिका का यह अनुबंध इसलिए खास है क्योंकि इसके जरिए टारगेट को दूर से ही खत्म किया जा सकता है। इस ड्रोन को बनाने वाली कंपनी जनरल एटॉमिक्स, इसके मल्टीटैलेंटेड होने का दावा करती है। उसका कहना है कि जासूसी, सर्विलांस, इन्फॉर्मेशन कलेक्शन के अलावा एयर सपोर्ट बंद करने, राहत-बचाव अभियान और हमला करने के लिए इसका इस्तेमाल हो सकता है। ड्रोन 2177 किलोग्राम का पेलोड अपने साथ ले जा सकते हैं। इनमें लेजर गाइडेड मिसाइल, एंटी टैंक मिसाइल और एंटी शिप मिसाइलें लगी हैं। ये मानवरहित ड्रोन रिमोट से संचालित किए जाते हैं। एक साथ जमीन से लेकर आसमान और समंदर से लॉन्च किए जा सकते हैं।

यह एक बार उड़ान भरने के बाद 1900 किलोमीटर क्षेत्र की निगरानी कर सकता है। हालांकि भारत के पास पहले से ही चार ताकतवर ड्रोन मौजूद हैं, किंतु इनसे भारतीय बेड़े में शामिल होने से सेना की ताकत हवा में बहुत बढ़ जाएगी। अभी भारत के पास जो ड्रोन हैं, उनमें स्वार्म ड्रोन की यह खासियत है कि वह छोटे-छोटे ड्रोन्स में एक साथ मिलकर हमले को अंजाम देते हैं। इसी तरह से दूसरा हरोप ड्रोन एक इजराइली ड्रोन है। अभी भारतीय सेना के पास यह 150 से ज्यादा हैं। तीसरा, हेरॉन ड्रोन और चौथा सर्चर भी इजराइली ड्रोन हैं, जिसमें कि भारतीय सेना में हेरॉन ड्रोन की तैनाती लद्दाख क्षेत्र की नगरानी करने के लिए की गई है। वहीं, सर्चर ड्रोन को भारतीय सेना लंबी दूरी की सर्विलांस के लिए इस्तेमाल कर रही है। अब इस नए ड्रोन एमक्यू-9बी के सेना में शामिल होने के बाद भारत की सीमाओं की चौकसी करना और अधिक आसान होगा।

इसकी सबसे बड़ी खासियतों में बिना आवाज किए काम करने की है। यह जमीन से 250 मीटर की ऊंचाई पर उड़ सकता है। इसके बाद भी टारगेट को इसकी भनक नहीं लगती। यह 442 किलोमीटर की दूरी पर सिर्फ एक घंटे में पहुंच जाता है। पाकिस्तान-चीन या अन्य किसी सीमा पर ड्रोन को बहुत अधिक ऊंचाई पर उड़ाया जाएगा तो वह भारत की सीमा में रहते हुए भी यह जान लेगा कि उनकी सीमाओं के अंदर क्या चल रहा है। साथ ही ये ड्रोन हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस की कैटेगरी में आते हैं यानी कि यह 40 घंटे से अधिक समय तक किसी भी प्रकार के मौसम से प्रभावित हुए बिना उड़ान भर सकते हैं। ड्रोन की रेंज 1850 किलोमीटर तक है । एक तरीके से भारत के हाथ में ये ड्रोन आने के बाद इस्लामाबाद से लेकर पाकिस्तान से ज्यादातर शहर नई दिल्ली की जद में होंगे। यही स्थिति भारत की दूसरी सीमाओं से सटे देशों की है।

यह सवाल महत्वपूर्ण है कि आखिर भारत सरकार ने अमेरिका से इसी ड्रोन को खरीदने में अपनी सबसे ज्यादा रुचि क्यों दिखाई, जब इस प्रश्न का जवाब खोजने का प्रयत्न किया गया, तब अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट की वेबसाइट के अध्ययन से ध्यान में आया कि ये सर्च और रेस्क्यू से लेकर लॉ एनफोर्समेंट, बॉर्डर एनफोर्समेंट, काउंटर अटैक जैसे मिशन के लिए बेहद कारगर साबित होते रहे हैं और हर बार अपने को सिद्ध करते रहे हैं। अमेरिका ने जहां भी इनका प्रयोग किया, इसके जरिए वह जमीन से लेकर हवा तक अपने दुश्मनों को समाप्त करने के बहुत हद तक सफल रहा।

साल 2022 में अमेरिका ने अलकायदा के खूंखार आतंकवादी अयमान-अल-जवाहिरी को काबुल में इन्हीं ड्रोन्स के जरिए ही मार गिराया। वह बालकनी में टहलने के लिए निकला तभी उस पर रीपर ड्रोन से दो हेलफायर मिसाइलें दागी गईं। इस तरह से अमेरिका ने 9/11 हमले का बदला ले लिया। इतना ही नहीं अमेरिका ने इस ड्रोन की ताकत को देखते हुए ही इन्हें सोमालिया, यमन और लीबिया में इस्तेमाल किया और अभी भी निगरानी के तौर पर इनका इस्तेमाल पुरी दुनिया में अमेरिका द्वारा किया जा रहा है। वह अमेरिका का रीपर ड्रोन ही था, जिससे अलकायदा के ओसामा बिन लादेन की निगरानी की और उसे नेवी सील्स द्वारा 2011 में पाकिस्तान के ऐबटाबाद में मार गिराने में सफलता हासिल हुई। इस ड्रोन की मारक क्षमता और ताकत को देखते हुए ही मोदी सरकार पिछले एक साल से अमेरिका के पीछे पड़ी थी कि इन्हें भारत को मुहैया कराया जाए । इसके लिए क्वाड समिट से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात भी की थी। इस मुलाकात में भारत की अमेरिका से एमक्यू 9बी प्रिडेटर ड्रोन्स की डील पक्की हुई। इसमें भी एक अच्छी बात अनुबंध के समय यह रही है कि सुरक्षा कारणों को देखते हुए मोदी सरकार ने सभी निर्णय अपने समर्थन के करवाए । मसलन, डील के अनुसार जनरल एटॉमिक्स कंपनी ड्रोन के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल के लिए भारत में केंद्र खोलेगी। । समझौते के तहत भारतीय नौसेना को 15 ड्रोन दिए जाएंगे, जबकि भारतीय वायुसेना और थलसेना को आठ-आठ ड्रोन दिए जाएंगे। इनको भारत की चारों दिशाओं में तैनात किया जाएगा।

अब रक्षा विशेषज्ञ कह रहे हैं कि इन मानव रहित विमानों का इस्तेमाल एयरबोर्न अर्ली वार्निंग, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, एंटी-सरफेस वॉरफेयर और एंटी-सबमरीन वॉरफेयर में किया जा सकता है। निश्चित ही इससे भारत को बहुत ताकत मिलेगी। ये अनुबंध दोनों देशों के रक्षा साझेदारी को बढ़ावा देगा, जिसमें सैन्य इंटरऑपरेबिलिटी, इंटेलिजेंस-शेयरिंग, स्पेस और साइबर सहयोग शामिल हैं। इसके साथ ही दोनों देशों की सेना खुफिया जानकारी साझा करेगी। इससे सभी क्षेत्रों में भारत की सशस्त्र सेनाओं की खुफिया, निगरानी और टोही क्षमताओं में वृद्धि होगी। भारत एलएसी से लगे एरिया में चीन को भनक लगे बिना उसकी निगरानी करने में और अधिक सक्षम होगा । वहीं, उसे साउथ चाइना सी में चीन की घुसपैठ को रोकने के इस ड्रोन की मदद से बहुत मदद होगी। सीमाओं की चौकसी को और अधिक मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए अंत में यही कहना होगा, धन्यवाद भारत सरकार! धन्यवाद मोदी सरकार!

# आध्यात्म जगत के राजहंस हैं आचार्य विद्यासागर महाराज

प्रो. श्याम सुंदर भाटिया



बाईस बरस की उम्र में संन्यास लेकर दुनिया को सत्य-अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले आचार्यश्री विद्यासागर महाराज की एक झलक पाने लाखों लोग मीलों पैदल दौड़ते रहे हैं। आचार्य श्रेष्ठ के प्रवचनों में धार्मिक व्याख्यान कम और ऐसे सूत्र ज्यादा होते, जो किसी भी व्यक्ति के जीवन को सफल बना सकते हैं। कर्नाटक में जन्मे वह अकेले ऐसे संत हैं, जिनके जीवंत रहते उन पर अब तक 60 से अधिक पीएचडी हो चुकी हैं। हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, बंगला, कन्नड़, मराठी, प्राकृत, अपभ्रंश सरीखी भाषाओं के जानकार विद्यासागरजी का बचपन भी आम बच्चों की तरह बीता। गिल्ली-डंडा, शतरंज आदि खेलना, चित्रकारी स्वीमिंग आदि का इन्हें भी बहुत शौक रहा, लेकिन जैसे-जैसे बड़े हुए आचार्य श्रेष्ठ का आध्यात्म की ओर रुझान बढ़ता गया। आचार्य श्रेष्ठ का बाल्यकाल का नाम विद्याधर था। कर्नाटक के बेलगांव के ग्राम सदलगा में शरद पूर्णिमा (10 अक्टूबर, 1946) श्रेष्ठी श्री मल्लप्पा अष्टगे और श्रीमती अष्टगे के घर जन्मे आचार्य ने कन्नड़ के माध्यम से हाई स्कूल तक शिक्षा ग्रहण की। इसके बाद वह वैराग्य की दिशा में आगे बढ़े और 30 जून, 1968 को मुनि दीक्षा ली।

आचार्य का पद उन्हें 22 नवंबर, 1972 को मिला। आचार्य श्रेष्ठ की ज्ञान गंगा के सम्मुख करोड़ों-करोड़ लोग नतमस्तक रहे हैं। इनमें तमाम हस्तियां भी शामिल हैं। 1999 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, 2016 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, 2018 में अमेरिकी राजदूत केनेथ जस्टर, फ्रांसीसी राजनयिक अलेक्जेंड्रे जिग्लर, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति सुरेश जैन उनका आशीर्वाद प्राप्त कर चुके हैं। शरद पूर्णिमा पर उन पर तमाम आयोजन होते हैं। आचार्यश्री ने 28 जुलाई, 2016 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आमंत्रण पर मध्य प्रदेश विधानसभा में प्रवचन किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आचार्यश्री को राज्य अतिथि का दर्जा दे रखा था। 20वीं और 21वीं शताब्दी के साहित्य जगत में एक नए उदीयमान नक्षत्र के रूप में जाने-पहचाने जाने वाले शब्दों के शिल्पकार, अपराजेय साधक, तपस्या की कसौटी, आदर्श योगी, ध्यान ध्याता-ध्येय के पर्याय, कुशल काव्य शिल्पी, प्रवचन प्रभाकर, अनुपम मेधावी, नवनवोन्मेषी प्रतिभा के धनी, सिद्धांतागम के पारगामी, वाग्मी, ज्ञानसागर के विद्याहंस, प्रभु महावीर के प्रतिबिंब, महाकवि, दिगम्बराचार्य श्री विद्यासागरजी की आध्यात्मिक छवि के कालजयी दर्शन आनंद से भर देते थे। सम्प्रदाय मुक्त भक्त हो या दर्शक, पाठक हो या विचारक, अबाल-वृद्ध, नर-नारी उनके बहुमुखी चुम्बकीय व्यक्तित्व-कृतित्व को आदर्श मानकर उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारकर अपने आपको धन्य मानते रहे हैं। आपने राष्ट्रभाषा हिन्दी में प्रेरणादायक युगप्रवर्तक महाकाव्य ह्यमूकमाटीह्न का सर्जन कर साहित्य जगत में चमत्कार कर दिया। इसे साहित्यकार ह्यफ्यूचर पोयट्रीह्न एवं श्रेष्ठ दिग्दर्शक के रूप में मानते हैं। विद्वानों का मानना है कि भवानी प्रसाद मिश्र को सपाट बयानी, सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय का शब्द विन्यास, महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की छान्दसिक छटा, छायावादी युग के प्रमुख स्तंभ सुमित्रानंदन पन्त का प्रकृति व्यवहार, ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता महादेवी वर्मा की मसृष्ण गीतात्मकता, बाबा नागार्जुन का लोक स्पन्दन, केदारनाथ अग्रवाल की बतकही वृत्ति, मुक्तिबोध की फैंटेसी संरचना और धूमिल की तुक संगति आधुनिक काव्य में एक साथ देखनी हो तो वह 'मूकमाटी' में देखी जा सकती है। आचार्य श्रेष्ठ का मातृभाषा प्रेम, देशभक्ति, हिंदी के प्रति अगाध आस्था जगजाहिर रहा है। वह हमेशा गर्व से कहते थे- हिंदी में लिखो, हिंदी बोलो, इंडिया नहीं, भारत बोलो, शिक्षा के साथ संस्कार पाओ, हथकरघा के वस्त्र अपनाओ, स्वदेशी पहनो, स्वावलंबन लाओ, भारतीय संस्कृति बचाओ। वह युवाओं को अपने आशीर्वचन में अकसर कहते थे, उन्हें अंग्रेजी मिटानी नहीं है बल्कि अंग्रेजी को हटाना है, क्योंकि इसके पीछे बहुत से कारण हैं। विश्व के कई देशों में अपनी मातृभाषा में ही शिक्षा दी जाती है। वे देश विकास की बुलंदियों पर हैं। फिर हमारा देश हिंदी को अपनाने में पीछे क्यों है? सर्वोच्च और उच्च न्यायालयों में करोड़ों वाद लंबित है। इसके मूल में भी कहीं न कहीं भाषा ही है। अपनी भाषा राष्ट्रभाषा से ही देश का विकास, जन-जन से जुड़ाव और ज्ञान का प्रकाश फैलाना संभव है।

व्यापार की भाषा, बोलचाल की भाषा, प्रशासनिक भाषा, राष्ट्र भाषा या प्रादेशिक भाषा होनी चाहिए। आचार्यश्री मानते थे कुछ लोगों को लगता है अंग्रेजी का विरोध होने से हम बाकि देशों की भाषा से कट जाएंगे। अंग्रेजी के बिना तो कुछ भी नहीं है, यह केवल भ्रम है। आचार्य श्रेष्ठ युवाओं को नामचीन पत्रकार डॉ. वेद प्रताप वैदिक की पुस्तक- अंग्रेजी हटाओ क्यों और कैसे? को पढ़ने की सलाह दी थी, चूंकि उन्होंने भी इस पुस्तक का अध्ययन किया था। यह ही नहीं, डॉ. वैदिक रामटेक हो या नागपुर, वह समय-समय पर जैन संत शिरोमणि के दर्शनार्थ आते-जाते रहते थे। आचार्य श्रेष्ठ मानते रहे हैं, वर्तमान शिक्षा नीति अपनी प्रासंगिकता खो चुकी है। शिक्षा धन से जुड़ गई है। आज की शिक्षा के साथ-साथ अनुभव नहीं है। डिग्री तो मिल जाती है, लेकिन सारी पढ़ाई-लिखाई करने के बाद भी नौकरी नहीं मिलती है। यह सब हमारे देश में पाश्चात्य शिक्षा का प्रभाव है। आज इतिहास को स्कूलों में लीपा-पोती करके पढ़ाया जाता है, हमारा पुराना इतिहास उठा कर देखो। आचार्यश्री ने कहा था, मैं भाषा के रूप में अंग्रेजी का विरोध नहीं करता हूं लेकिन अंग्रेजी भाषा को विश्व की अन्य भाषाओं के साथ ऐच्छिक रखना चाहिए। शिक्षा का माध्यम मातृभाषाएं ही हों। अंग्रेजों ने भारत की परंपरा के साथ चालाकी करके ह्यभारतह्न को ह्यइंडियाह्न बना दिया है। भारत के साथ हमारी संस्कृति और इतिहास जुड़ा है, लेकिन इंडिया ने भारत की भारतीयता, जीवन पद्धति, नैतिकता, रहन-सहन और खान-पीन सब कुछ छीन लिया है। आचार्य शिरोमणि ने यह सलाह भी दी थी, शिक्षा में शोधार्थी की रुचि, किसमें है, इसकी स्वतंत्रता होनी चाहिए।

आज मार्गदर्शक के अनुसार शोधार्थी शोधकर्ता हैं। इससे मौलिकता नहीं उभर पा रही है। शिक्षा रोजगार पैदा करने वाली हो, बेरोजगारी बढ़ाने वाली नहीं हो, शिक्षा कोरी किताब नहीं हो। नई शिक्षा नीति-एनईपी-2020 में मातृभाषा/क्षेत्रीय भाषा की खुशबू, व्यावसायिक शिक्षा, अंग्रेजी भाषा को वैकल्पिक भाषा, शिक्षा रोजगारपरक होने की तमाम खूबियों में आचार्यश्री की दूरदृष्टि सामाहित है। इसके पीछे बड़ा दिलचस्प और प्रेरणादायी किस्सा है। पदम विभूषण, इसरो के पूर्व अध्यक्ष एवं एनईपी कमेटी के चेयरमैन डॉ. कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन नई शिक्षा नीति के मसौदे के सिलसिले में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिले तो उन्होंने चेयरमैन डॉ. कस्तूरीरंगन को सलाह दी थी कि उन्हें एक बार आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज से जरूर मिलना चाहिए और उनकी बेशकीमती राय जाननी चाहिए। राष्ट्रपति की सलाह पर चेयरमैन डॉ. कस्तूरीरंगन अपनी कमेटी के और सदस्यों-प्रो.टीवी कट्टीमनी, डॉ. विनयचन्द्र बीके, डॉ. पीके जैन इत्यादि के संग 21 दिसम्बर, 2017 को दर्शनार्थ और चर्चार्थ छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में विराजित आचार्यश्री से मिले। करीब 53 मिनट के इस बहुमूल्य संवाद और आशीर्वचन की झलक नई शिक्षा नीति में साफ-साफ दिखाई देती है।

# देश के रेलवे नेटवर्क में क्यों होते है सिग्नल फेल



प्रियंका सौरभ

देश का रेलवे बुनियादी ढांचा विशालतम होने के साथ बेहद पुराना है। इसके पुराने होने की वजह से भी विभिन्न कमियों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा मंडराता रहता है। हाल ही में सिग्नल की विफलता के कारण मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस चेन्नई के पास एक स्थिर मालगाड़ी से टकरा गई, जिससे मजबूत सुरक्षा उपायों की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश पड़ा। दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक होने के बावजूद, इस तरह की घटनाएं आधुनिकीकरण की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं।

दरअसल, भारतीय रेलवे के एक लाख किलोमीटर से अधिक फैले देशव्यापी ट्रैक नेटवर्क के जरिये प्रतिदिन करीब ढाई करोड़ यात्री अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचते हैं। साल 2019-20 की एक सरकारी रेलवे सुरक्षा रिपोर्ट में पाया गया है कि 70 फीसदी रेलवे दुर्घटनाओं के लिए उनका पटरी से उतरना जिम्मेदार रहा। इसके बाद ट्रेन में आग लगने और टक्कर लगने के मामले आते हैं, जो कुल दुर्घटनाओं में क्रमशः 14 और आठ फीसदी के लिए जिम्मेदार हैं। इस रिपोर्ट में साल 2019-20 के दौरान 33 यात्री ट्रेनों और सात मालगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाएं गिनाई गईं। इनमें से 17 दुर्घटनाएं में ट्रैक में खराबी के कारण हुईं। नौ हादसे ट्रेनों, इंजन, कोच, वैगन में खराबी के कारण हुए।

ट्रेनों का पटरी से उतरना रेलवे के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। एक ट्रेन कई कारणों से पटरी से उतर सकती है। ट्रैक का रखरखाव खराब हो सकता है, कोच खराब हो सकते हैं और गाड़ी चलाने में गलती हो सकती है। ट्रेन हादसों को रोकने के लिए ट्रेन की पटरियों का मरम्मत कार्य होते रहना बहुत जरूरी है। धातु से बनी रेलवे पटरियां गर्मी के महीनों में फैलती हैं और सर्दियों में तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण सिकुड़ती है। ऐसे में इनके नियमित रखरखाव की जरूरत होती है। जरा-सी लापरवाही बड़े हादसे की वजह बन सकती है। ढीले ट्रैक को कसना, स्लीपर बदलना और अन्य चीजों के अलावा, चिकनाई और समायोजन स्विच। इस तरह का ट्रैक निरीक्षण पैदल, ट्रॉली, लोकोमोटिव और अन्य वाहनों द्वारा किया जाता है। कई वर्ग अभी भी मैन्युअल सिग्नलिंग पर भरोसा करते हैं, जिससे मानवीय त्रुटि का खतरा बढ़ जाता है, जो दुर्घटनाओं का एक महत्वपूर्ण कारक है। 2024 मैसूर-दरभंगा टक्कर सिग्नलिंग विफलता के कारण हुई। ट्रेन को गलत ट्रैक पर ले जाया गया। 2017 कलिंग उत्कल एक्सप्रेस के पटरी से उतरने की घटना का कारण ट्रैक की खराब स्थिति को बताया गया था। अत्यधिक काम करने वाले कर्मचारी, विशेष रूप से लोकोमोटिव पायलट, अक्सर तनावपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं, जिससे त्रुटियां होती हैं। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की 2021 की रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी सीधे सुरक्षा को प्रभावित करती है।

कई भारतीय रेलगाड़ियां पुराने कोचों का उपयोग करती हैं, जिनमें क्रैशवर्थी डिजाइन जैसी आधुनिक सुरक्षा सुविधाओं का अभाव होता है। 2023 की ओडिशा दुर्घटना में पुराने आईसीएफ कोच शामिल थे, जो आधुनिक एलएचबी कोचों की तुलना में कम प्रभाव-प्रतिरोधी थे। मजबूत आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की कमी भी दुर्घटना होने पर क्षति को बढ़ा देती है। 2023 की बालासोर दुर्घटना में मलबा हटाने में छह घंटे से अधिक का समय लगा, जिससे बचाव कार्यों में देरी हुई। इन कमियों को दूर करने में 'कवच' प्रणाली की भूमिका बहुत ही अहम है, कवच प्रणाली लाल सिग्नल पार करने पर ट्रेनों को स्वचालित रूप से रोक देती है, जिससे खतरनाक टकराव को रोका जा सकता है। रेल मंत्रालय ने दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा मार्गों पर कवच लागू किया है। इसके बाद रेल हादसों में कमी आई। कवच यह पता लगाता है कि दो ट्रेनें एक ही ट्रैक पर हैं और टक्कर को रोकने के लिए स्वचालित रूप से ब्रेक लगता है। दक्षिण-मध्य रेलवे नेटवर्क पर कवच सुनिश्चित करता है कि ट्रेनें गति सीमा से अधिक न चलें। कवच लोकोमोटिव पायलटों पर कार्यभार कम करता है, मानवीय त्रुटियों को कम करता है। परीक्षणों से पता चला है कि कवच-संरक्षित ट्रेनों का उपयोग करने वाले पायलटों के बीच थकान सम्बंधी त्रुटियों में 50 फीसद की कमी आई है।

## सूडोकू बवाल- 7221

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू बवाल -7220 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने नव पदस्थापित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से की मुलाकात



**लातेहार।** झामुमो जिला सचिव परवेज आलम के नेतृत्व में झामुमो कार्यकर्ताओं ने महुआडांड़ अनुमंडल में नव पदस्थापित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ देकर अनुमंडल में स्वागत किया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने मुलाकात के दौरान झामुमो जिला सचिव एवं प्रखंड अध्यक्ष से अनुमंडल क्षेत्र के संबंध में जानकारी लेते हुए क्षेत्र में ल एंड ऑर्डर को बनाए रखने में विशेष कर युवाओं का सहयोग मांगा। आगे उन्होंने कहा कि लोगों को उचित न्याय दिलाना और समाज में शांति माहौल स्थापित करना हमारी पहली प्राथमिकता होगा। जिसके लिए पुलिस प्रशासन हर संभव प्रयास करेगी। इस दौरान झारखंड मुक्ति युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सैफ अली उपाध्यक्ष प्रवीण कुजूर अली असगर अमरदीप टोप्पो समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### आचार संहिता लागू होते ही पदाधिकारी रेस, सभी दलों के बैनर पोस्टर हटवाया



**गढ़वा।** मझिआंव चुनाव आयोग के द्वारा विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगते ही पदाधिकारी पूरा रेस हो चुके हैं। मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के सभी स्थानों पर विभिन्न दलों के द्वारा लगायें गये बैनर पोस्टर को हटवाया गया। जिसमें नगर पंचायत क्षेत्र में कार्य पालक पदाधिकारी शैलेश कुमार के द्वारा मेन बाजार, बस स्टैंड,बलौक रोड, पुरानी अस्पताल सहित सभी बैनर पोस्टर हटवाते हुए नजर आए। वही मझिआंव प्रखंड कार्यालय पर लगा हुआ, पूर्व से सभी बैनर पोस्टर हटवाया गया तथा बरडीहा प्रखंड क्षेत्र में भी सभी बैनर पोस्टर हटाए गए। इस संबंध में कार्य पालक पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के लगायें गये बैनर पोस्टर हर -हाल में हटा लिया जाए, ताकि चुनाव आयोग के निर्देश का पालन हो सके। इस दौरान नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार, राकेश सिन्हा, संतोष कुमार चंद्रवंशी, सहायक अनुप कुमार, श्यामा कांत विश्वकर्मा एवं नगर पंचायत के अलावें दोनों प्रखंड के कर्मी शामिल थे।

### पड़वा और हरिहरगंज में पकड़ी गयी छह लाख से अधिक की अवैध शराब



**पलामू।** विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही पलामू पुलिस के द्वारा अवैध शराब को लेकर कार्रवाई तेज कर दी गई है। जिले के पड़वा और हरिहरगंज थाना क्षेत्र में पिछले 24 घंटे के दौरान की गयी कार्रवाई में छह लाख से अधिक की शराब जब्त की गयी है। पड़वा इलाके से पांच लाख 82 हजार 93 रूपए की शराब पकड़ी गयी है। इसके अलावा एक बोलेरो मैक्सी ट्रक (बीआर01जीके3228) को भी जप्त किया गया है। वाहन से 750 एमएल की 358 बोतल और 180 एमएल की 3264 बोतल विदेशी शराब जप्त की गयी है। उधर हरिहरगंज इलाके में 650 एलएल की 216 बोतल एवं 500 एमएल की 48 केन बीयर बरामद की गयी है। इसका बाजार मूल्य 44 हजार रूपए है। जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बुधवार शाम बताया कि अवैध शराब तस्करी को लेकर छापामारी अभियान चलाया गया। इस क्रम में बोलेरो वाहन (बीआर 26ए 7477) से अवैध बीयर बरामद किया गया। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। कार्रवाई टीम में पुलिस अवर निरीक्षण सतीश कुमार गुप्ता, धनंजय कुमार गोप, म.पु.अ.नि हेमंती बास्की, राकेश कुमार सिंह और जवान शामिल थे। पड़वा इलाके में मंगलवार रात्रि गश्ती के दौरान छापामारी की जा रही थी। पुलिस टीम को देखकर एक बोलेरो मैक्सी ट्रक वाहन को चालक मध्य विद्यालय पड़वा के पास रोककर भाग गया। तलाशी लेने पर रॉयल स्टेग व्हीस्कि विदेशी शराब 29 कार्टून में 12-12 बोतल एवं एक कार्टून में 10 बोतल बरामद हुई।

# पुलिस ने प्रतिबंधित क्रियावादी संगठन के छह अपराधियों को किया गिरफ्तार

**● अपराधियों के पास से पांच हथियार और अन्य सामान भी बरामद**

संवाददाता



**लातेहार।** जिला पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अपराधियों के एक गैंग का पदार्फाश किया है। पुलिस ने प्रतिबंधित क्रियावादी संगठन के छह अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। अपराधियों के पास से पांच हथियार और अन्य सामान भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अपराधियों में मनिका के जूंगुर का रहने वाला अपराधी अनिल यादव, जावेद अंसारी, सदर थाना के मानिकपुर निवासी सागर यादव, शिवनंदन यादव, लातेहार स्टेशन निवासी अखिलेश यादव और बालूमाथ रजवार निवासी मिथिलेश यादव शामिल है। दरअसल, लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि मनिका थाना क्षेत्र के जूंगुर गांव का रहने वाला अपराधी अनिल यादव एक अलग प्रतिबंधित क्रियावादी उग्रवादी संगठन बनाकर क्षेत्र में दहशत फैला रहा है। संगठन के अपराधियों के द्वारा लोगों को डरा धमकाकर रंगदारी और लेवी की मांग की जा रही है। इस सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर बरवाडीह डीएसपी भरत राम के नेतृत्व में पुलिस ने एक टीम बनाकर अपराधियों के खिलाफ छापेमारी की।

इस दौरान पुलिस ने जूंगुर गांव के पास से अनिल यादव को गिरफ्तार किया। फिर अनिल यादव की निशानदेही पर पुलिस ने लातेहार सदर थाना क्षेत्र के मानिकपुरा गांव में छापेमारी की, वहां छिपे हुए दो अपराधियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। अपराधियों की निशानदेही पर पुलिस ने चार देसी राइफल, एक देसी रिवाल्वर, चार गोली, वर्दी समेत कई अन्य समान भी बरामद किए हैं। वहीं, अपराधियों की निशानदेही पर तीन अन्य अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया। इधर, बुधवार को प्रेस वार्ता करते हुए डीएसपी भरत राम ने बताया कि सभी अपराधी प्रतिबंधिच क्रियवादी संगठन बनाकर क्षेत्र में दहशत फैला रहे थे। इनका मुख्य कार्य लोगों से रंगदारी वसूलना था। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार सभी अपराधियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है, जिसकी छानबीन पुलिस के द्वारा की जा रही है। अनिल यादव गैंग का मुख्य सरगना था।

रंगदारी वसूलने की योजना इसके द्वारा ही बनाई जाती थी और फिर सभी अपराधी मिलकर संवेदक को डराने धमकाने का काम करते थे। छापेमारी दल में डीएसपी भरत राम के अलावे मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार, सत्येंद्र कुमार रंजन पासवान समेत अन्य पुलिस अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### पलामू में उपवास पर रहे स्टेशन मास्टर

**पलामू।** विभिन्न मांगों के समर्थन में ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन के केंद्रीय पदाधिकारियों के आह्वान पर बरवाडीह से गढ़वा रोड स्टेशन के सभी स्टेशन मास्टरों ने बुधवार को सुबह 10 बजे से उपवास में रहकर ड्युटी को अंजाम दिया। डालटनगंज स्टेशन पर स्टेशन मैनेजर ने डिमांड बैज लगा कर काम किया। इसके साथ मांगों से संबंधित ज्ञापन पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के नाम सौंपा और उनसे मांगों को पूरा कराने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया है। उपवास पर रहकर कार्य करने वालों में स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार द्विवेदी, लक्ष्मण ऊरांव, श्रवण सिंह, अमृतेश कुमार, भीम कुमार, मनीष केरकेट्टा, अजय कुमार एक्का, उमेश कुमार, शशांक शेखर, सुधीर कुमार, जयंत कुमार, बेंजामिन लकड़ा, नमंती सोसन कुजुर, संजीव कुमार सिंह, सबीर, इंद्रजीत राम, संजय कुमार, आशीष रंजन, बिनोद कुमार, मिथुन कुमार पासवान, सतीश कुमार, सुमन बैठा, उदय प्रसाद गुप्ता, उमा शंकर सिंह आदि स्टेशन मास्टर शामिल हैं।

## जपला रेलवे स्टेशन पर अवैध गतिविधियों के खिलाफ आरपीएफ का बड़ा अभियान, 19 आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता




**हुसैनाबाद,पलामू।** पूर्व मध्य रेलवे के जपला रेलवे स्टेशन पर अवैध गतिविधियों के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल ने सोमवार को देर शाम तक एक व्यापक अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व एएसआई जितेंद्र यादव और उनकी टीम के जवानों ने किया। रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 19 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। यह अभियान रेलवे परिसर में यात्रियों की सुरक्षा और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाया गया।

यात्रियों के लिए स्टेशन का माहौल सुरक्षित और सुव्यवस्थित रखने के लिए रेलवे सुरक्षा बल लगातार प्रयासरत है। ये गिरफ्तारियां रेलवे एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत की गईं। धारा 144 के तहत रेलवे परिसर में अवैध रूप से प्रवेश करने या गतिविधियों में शामिल होने के लिए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। वहीं धारा 155 के तहत बिना टिकट यात्रा करने वाले 8 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई। जबकि धारा 162 के तहत रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले या अवैध रूप से इस्तेमाल करने वाले 10 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान कुल 19 आरोपियों को विभिन्न अवैध गतिविधियों में शामिल पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया। इन सभी पर संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

एएसआई जितेंद्र यादव ने कहा कि यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा और किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि है और रेलवे सुरक्षा बल इसके लिए हर संभव कदम उठाएगा। इस प्रकार, रेलवे परिसर में नियमों के उल्लंघन पर रोक लगाने के लिए रेलवे सुरक्षा बल की सक्रियता की प्रशंसा की जा रही है।वहीं कुछ लोगों का आरोप है कि ग्रामीण क्षेत्र के उक्त स्टेशन पर आरपीएफ की कार्रवाई से निर्दोष लोग बेवजह परेशान हो रहे हैं।

## मछली मारने को लेकर दो पक्ष के बीच हुए मारपीट में तीन घायल

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर पथरा गांव में मछली मारने को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में एक व्यक्ति संजय कुमार महतो उम्र 50 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल व्यक्ति को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बारे में घायल संजय महतो ने बताया की बुधवार की सुबह 4:00 बजे वह अपने अन्य परिवार के साथ मछली मार रहे थे तभी गांव के विश्वनाथ महतो, प्रदीप महतो, राजू चौरसिया, विजय चौरसिया, सरोज महतो, लक्ष्मी नारायण चौरसिया, राजेश चौरसिया एक जुट होकर हरवे हथियार से लैस होकर वहां पहुंचे और मुझे पीट कर सिर में टांगी से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही इस मारपीट की घटना में दूसरे पक्ष के भी दो लोग घायल हुए हैं। जिनका इलाज मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। इसके बाद घायल संतोष महतो के परिजनों द्वारा इस घटना की जानकारी चैनपुर थाना की पुलिस को दी गई है।

## बीडी प्रसाद की इनोवा गाड़ी में ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर, चालक की मौत

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मंगलवार की रात को ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष और बिश्रामपुर विधानसभा प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बी.डी. प्रसाद की इनोवा गाड़ी का एक भीषण हादसा हो गया। यह दुर्घटना तब घटी जब ब्रह्मदेव प्रसाद, मंतोष ठाकुर और विजय शर्मा रांची से गया जा रहे थे। रात लगभग 01:00 बजे, बाराचट्टी थाना (गया) के पास उनकी गाड़ी को एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में गाड़ी के ड्राइवर विजय शर्मा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।ब्रह्मदेव प्रसाद और मंतोष ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए।

इन्हें तुरंत गया के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है। उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है, और उनके समर्थक व परिवारजन उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं।ब्रह्मदेव प्रसाद, जो ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष होने के साथ-साथ बिश्रामपुर विधानसभा के विधायक प्रत्याशी भी हैं, का इस क्षेत्र में बड़ा जनाधार है। उनकी लोकप्रियता को देखते हुए इस हादसे ने पूरे क्षेत्र को गहरे शोक में डाल दिया है। उनके समर्थक और स्थानीय लोग इस दुखद घटना के बाद उनके स्वास्थ्य को लेकर बेहद चिंतित हैं और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।इस दुर्घटना ने पूरे क्षेत्र में शोक और चिंता की लहर दौड़ा दी है। उनके परिवार और समर्थकों ने सरकार से इस हादसे की गहन जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। विधायक प्रत्याशी के रूप में ब्रह्मदेव प्रसाद की कर्मठता और ओबीसी समुदाय के अधिकारों के लिए उनकी लगातार की गई आवाज ने उन्हें एक मजबूत नेता बनाया है, और इस हादसे ने उनके प्रति लोगों की सहानुभूति और समर्थन को और भी बढ़ा दिया है।

## आठ दिनों से लापता युवती का शव कुएं से बरामद



संवाददाता

**● परिजनों ने उसे काफी खोजा और थकहार कर पुलिस में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी**

**गढ़वा।** जिले के बिशनपुरा थाना क्षेत्र के कोचेया गांव में एक 16 वर्षीय युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। युवती का नाम सोनम कुमारी है, जो 8 दिन पहले अपने घर से अचानक लापता हो गई थी। पुलिस ने मंगलवार को सोनम का शव गांव से 500 मीटर दूर खेत के पास स्थित कुएं से बरामद किया।

शव काफी दिनों से पानी में रहने के कारण विकृत हो चुका था। परिजनों के मुताबिक, सोनम 8 दिन पहले शाम को रामायण सीरियल देखने के लिए बिशनपुर गांधी चौक गई थी, जिसके बाद वह घर नहीं लौटी। परिजनों ने उसे काफी खोजा और थकहार कर पुलिस में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। मंगलवार को कुछ ग्रामीणों ने खेत के पास स्थित कुएं से आ रही दुर्गंध पर ध्यान दिया। जब उन्होंने झांककर देखा तो पानी में शव तैरता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच शुरू हो चुकी है, पुलिस हर एंगल से छानबीन में जुटी है।

### एसडीओ ने चेक पोस्ट का निरीक्षण किया

**गढ़वा।** बंशीधर नगर मुख्य निवार्ची पदाधिकारी के द्वारा झारखंड विधान सभा चुनाव की घोषणा होते ही भवनाथपुर विधान सभा क्षेत्र में जिला प्रशासन के निर्देश पर अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह रेस हो गया है।बुधवार को एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह, भूमि उप समाहर्ता शिलवंत भट्ट, सीओ विकाश कुमार सिंह, नप के कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल,पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ,थाना प्रभारी आदित्य नायक ने झारखंड उत्तरप्रदेश सीमावर्ती बिलासपुर में लगाए गए चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चेक पोस्ट पर उपस्थित मजिस्ट्रेट को उतर प्रदेश की ओर से आने ओर जाने वाले वाहनों का सही तरीके से जांच करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने कहा कि किसी प्रकार जांच के दौरान संदेहास्पद पाया तो तत्काल सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इधर भूमि उप समाहर्ता शिलवंत भट्ट, सीओ विकाश कुमार सिंह, नप के कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल ने शहरी क्षेत्र में विद्युत खंभे में लगे विभिन्न राजनीतिक दलों के झंडों और पोस्टर हटवाया। साथ ही साथ नगर पंचायत के कर्मियों को 24 घंटे के अंदर शहर के घरों के बाहर लगे राजनीतिक दलों के लिए बैनर पोस्टर हटाने का निर्देश दिया।

# जिला परिषद ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया आवेदन

संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी मेदिनीनगर को आवेदन देकर कहा है कि पाटन प्रखंड में प्रखंड आपुर्ति पदाधिकारी संजय कुमार के द्वारा बिना जांच किये राशन कई गरीबों का राशन कार्ड डिलीट कर दिया गया है एवं उनके द्वारा जन वितरण प्रणाली दुकानदार से अवैध पैसा की वसूली किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पाल्हे काला में दो रद्द राशन कार्ड (1.2) संतोष कुमार गुप्ता एवं उसके भाई (3) जयनब बीबी राशन कार्ड सं0 202800702930 (4) मीना देवी राशन कार्ड सं० 202002632783 (5) मंजू देवी राशन कार्ड सं0 202002632854 (6) राजू राम राशन कार्ड सं0 202002632817 (7)आदित्य पाल, राशन कार्ड सं0 202004791283 (8) सुनैना देवी, राशन कार्ड सं0 202002632785 (7) गीता देवी ये सभी कार्डधारी ग्राम पंचायत सतौवा के है। यह लोग नियमित राशन का उठाव करते है और ये सभी लोग भूमीहीन एवं धनहीन है जीवकोर्पाजन का साधन सिर्फ मजदूरी है। जो कार्डधारी नियमित राशन का उठाव कर रहे है फिर बिना जांच किये प्रखंड आपुर्ति पदाधिकारी के द्वारा आखिर किस परिस्थिति में राशन कार्ड डिलीट किया गया। सरकार एक तरफ गरीबी मिटाने की दिशा में कार्य कर रही है और संजय कुमार के द्वारा गरीबो को मिटाने का कार्य कर रहे है। मेरे द्वारा आपको मौखिक भी अनेको बार सूचना दी गयी है कि संजय कुमार एवं उनके सहयोगी जन वितरण प्रणाली दुकानदार के द्वारा प्रत्येक माह जन वितरण प्रणाली दुकानदार से 30 रुपए प्रति क्यूंटिल की दर से प्रत्येक माह लाखो लाख रुपए अबैध वसूली का कार्य कर रहे है। ज्ञात हो कि पाटन पलामू में गरीबों की संख्या बहुत है।

धनहीन एवं भूमीहीन के साथ हमेशा जीवन यापन हेतु प्लायन करते रहते है कुछ कार्डधारी के द्वारा बताया गया कि मेरा राशन कार्ड डिलीट क्यो किया गया तो बताया गया कि यह मेरा अधिकार क्षेत्र में है, जहां जाना है जा सकते हो मुझे प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ना समझो मुझे जिला आपूर्ति पदाधिकारी समझो, इनके द्वारा कार्डधारियों को धौस जमाया जाता है ऐसे भ्रष्ट प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जो गरीबों के राशन कार्ड डिलीट कर दिये है और गरीबों का आनाज बेचकर प्रत्येक माह अवैध वसूली में लगे हुए है। इसे तत्काल जांच कर स्थानान्तरण करते हुए दण्डात्मक कार्रवाई किया जाए।

## डाल्टनगंज विधानसभा मांग रहा बदलाव: रूचिर

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कर राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने रामगढ़ प्रखंड के बेड़मा, बभंडी, चौपरिया, कोठी महुआ, पचलेवा, अंमवाही गांव में जनसंपर्क अभियान कर लोगों की जन समस्याओं से अवगत हुआ जहां यह पाया कि इस इलाके में में ट्रांसफार्मर खराब है लेकिन इस और ना तो विभाग का और नहीं जनप्रतिनिधियों का ध्यान है । वहीं जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि वर्तमान भाजपा के विधायक में विकास के नाम पर केवल अपना विकास कर अपनी गरीबी दूर कर लिया लेकिन जनता की जन समस्या और स्थिति वहीं के वहीं बनी हुई है। वही हाल कांग्रेस के रहे पूर्व जन प्रतिनिधियों का भी रहा है। डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण इलाकों में विकास का एक भी काम नहीं पूरा हुआ वहीं नल जल योजना के तहत लगा नल का निर्माण घटिया हुआ है। खेती भगवान भरोसे रह गया। कम्युनिस्ट नेता जमालुद्दीन अंसारी ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ने जनता को चलने का काम किया है इस बार कम्युनिस्ट पार्टी के युवा उम्मीदवार रुचिर कुमार तिवारी को जनता विकल्प के रूप में चुने। मौके पर निरंजन कमलापुरी ने कहा कि सभी बेस्ट समाज इस बार रुचिर तिवारी जुझारू एवं कर्मठ उम्मीदवार को जीतने का संकल्प ले। मौके पर नगर सचिव सुरेश ठाकुर ने कहा कि डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा में बदलाव जरूरी है। मौके पर राम जन्म भुइया , नसीम राइन, आयुष पांडे, अविनाश मिश्रा, आर्यन पांडे, सुषमा मुरमा, भीकम यादव विष्णु राम बालकिशन उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### हथियार व कारतूस के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के छतौनी थाना पुलिस ने हथियार और जिंदा कारतूस के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश थाना क्षेत्र के भवानीपुर जिरात मोहल्ला निवासी आदित्य कुमार है। उसके पास से एक देसी पिस्टल, चार कारतूस बरामद किया गया है। उक्त जानकारी देते छतौनी थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर भवानीपुर जिरात स्थित स्टेडियम के भीतर से उक्त अपराधी को हथियार लेकर घूमते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधी आदित्य ने पूछताछ में कई अहम खुलासा किया है। जिसके बाद अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### जवानो पर हमला करने वाले दो गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी से झड़प मामले में दर्ज.हरैया थाना पुलिस ने दो नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को भारत-नेपाल सीमा सटे रक्सौल के मैत्री पुल के समीप प्रेमनगर में तस्करो के झुंड ने एसएसबी के जवानो पर हमला कर दिया।साथ ही ड्यूटी पर तैनात जवानो के साथ मारपीट कर उनकी वर्दी भी फाड़ डाली।जिसके बाद आत्मरक्षा में जवानो को हवाई फायरिंग भी करनी पड़ी। इस घटना के बाद जवानो की तहरीर पर हरैया थाना में कांड संख्या 16/24 दर्ज कराया। जिसमे नामजद अभियुक्त जितु कुमार पिता नगीना मुखिया एवं खुर्शीद आलम पिता मनीर मियाँ दोनों साकिन अहीरवा टोला को हरैया थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनसे पूछताछ कर घटना में शामिल अन्य लोगो की पहचान की जा रही है।

### किशनगंज सांसद को जान से मारने की धमकी

**किशनगंज।** किशनगंज लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद मो. डा. जावेद आजाद को जान से मारने की धमकी मिली है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 12 अक्टूबर को धमकी भरा पोस्ट किया गया है। इस मामले में अब सांसद के निजी सचिव ने दिल्ली स्थित पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में 15 अक्टूबर को इस संबंध में आवेदन दिया है।सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए गए पोस्ट में लिखा गया है, मोहम्मद जावेद तू अल-कायदा का आतंकी है। तुम्हारे जैसे आतंकियों के लिए गिरिराज भईया ठीक बोलते हैं। इस देश में जितने भी दाढ़ी-टोपी और हिजाब वाला मदरसा छाप आतंकी है उनके लिए इस देश में कोई जगह नहीं है। एक-एक को ठिकाना लगाया जाएगा। काम शुरू है तुम्हारा भी नंबर आएगा।

### नदी किनारे रेत के नीचे से मिला युवती का शव

**कोलकाता।** पुरुलिया के बड़ाबाजार थाना अंतर्गत सिंधरी इलाके में गुरुवार को एक युवती का शव बरामद होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय निवासियों ने सुबह कुमारी नदी के तसरबकी घाट के पास खून के धब्बे देखकर पुलिस को सूचना दी। जब पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेत हटाई, तो युवती का शव मिला। मृतका की उम्र लगभग 20 से 22 साल बताई जा रही है, और वह जींस तथा शर्ट पहने हुए थी। प्रारंभिक जांच में पुलिस को शक है कि युवती की हत्या कहीं और की गई और बाद में शव को नदी किनारे रेत में दबा दिया गया।पुलिस का कहना है कि हत्या से पहले युवती के साथ किसी प्रकार की शारीरिक हिंसा या दुष्कर्म हुआ था या नहीं, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चलेगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए पुरुलिया मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

### मुर्शिदाबाद में खेत से जला हुआ शव बरामद

**कोलकाता।** मुर्शिदाबाद के डोमकल थाना क्षेत्र के मेहदीपाड़ा-नयापाड़ा इलाके में बुधवार सुबह एक खेत से जला हुआ और क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि यह हादसा बम बनाने के दौरान हुआ विस्फोट का नतीजा है, जिसमें उस व्यक्ति की मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, ममिनपुर इलाके में सड़क से कुछ दूर स्थित खेत में एक व्यक्ति का शरीर टुकड़ों में बिखरा हुआ और बुरी तरह जला हुआ मिला। मृतक का चेहरा इतना झुलस गया था कि पहचान करना संभव नहीं हो सका। घटना की जानकारी मिलते ही डोमकल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। ममिन के भाई अनामुल ने बताया कि उसका भाई अक्सर बम बनाने से जुड़े खतरनाक काम करता था। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं यह विस्फोट किसी दूसरी जगह पर तो नहीं हुआ और बाद में शव को यहां लाकर फेंका गया। फिलहाल, घटना के सही स्थान का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### दुष्कर्म और हत्या मामले में युवक गिरफ्तार

**नदिया।** नदिया जिले की पुलिस ने बुधवार दोपहर एक युवक को एक युवती की कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में गिरफ्तार किया। पीड़िता का अधजला और अर्धनग्न शव बुधवार सुबह बरामद हुआ था।जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सबसे पहले जांचकताओं ने पीड़िता की पहचान की और फिर उसके परिवार से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि परिवार की शिकायतों के आधार पर एक युवक को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन जांच के हित में फिलहाल उसकी पहचान उजागर नहीं की जा सकती। परिवार के अनुसार, युवती मंगलवार शाम करीब सात बजे घर से निकली थी, लेकिन उसने यह नहीं बताया था कि वह कहां जा रही है। देर रात तक घर न लौटने पर परिवार ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन स्थानीय पुलिस को तत्काल सूचित नहीं किया। आज सुबह पीड़िता के दादा उस युवक के घर गए, जिससे युवती परिचित थी।

#### अमित शाह 24 को बंगाल दौरे पर आएंगे, उपचुनाव रणनीति को अंतिम रूप देने की तैयारी

## पश्चिम बंगाल में पार्टी की सदस्यता बढ़ाने के लिए भी दिशा-निर्देश देंगे

एजेंसी

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस महीने के आखिरी सप्ताह में कोलकाता दौरे पर रहेंगे। यहां वे पश्चिम बंगाल में भाजपा की इकाई के लिए आगामी विधानसभा उपचुनावों की रणनीति तैयार करेंगे। अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो शाह 24 अक्टूबर को शहर में पहुंचेंगे। यह जानकारी भाजपा के राज्य समिति के एक सदस्य ने दी।



भाजपा राज्य समिति के सदस्य ने बताया, पार्टी की उपचुनाव रणनीतियों को अंतिम रूप देने के अलावा वह पश्चिम बंगाल में पार्टी की सदस्यता संख्या बढ़ाने के लिए भी दिशा-निर्देश देंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार, शाह 24 अक्टूबर को कोलकाता पहुंचेंगे और उसी दिन राज्य के चुने हुए सांसदों, विधायकों और पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ बैठक करेंगे। ये उपचुनाव तृणमूल कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये चुनाव कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में अगस्त महीने में एक जूनियर डॉक्टर के साथ हुई बलात्कार और हत्या की घटना के बाद हो रहे हैं।

राज्य समिति के सदस्य ने कहा, आर.जी. कर संकट के चलते पिछले दो महीने से पश्चिम बंगाल में नई सदस्यता अभियान रुकी हुई है। अब हम केंद्रीय गृह मंत्री के दिशा-निदेर्शों का इंतजार कर रहे हैं, ताकि सदस्यता अभियान और आगामी उपचुनावों की रणनीति को लेकर स्पष्टता मिल सके।

राज्य की छह विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होने हैं। ये सीटें हैं -कूचबिहार जिले की सिताई, अलीपुरद्वार जिले की मदारीहाट, उत्तर 24 परगना की नैहाटी और हरोआ, पश्चिम मिदनापुर की मेदिनीपुर और बांकुड़ा जिले की तालडांगरा। इन सभी छह सीटों पर 23 नवंबर को मतगणना होगी। ये सीटें इसलिए खाली हुईं क्योंकि इन सीटों से विधायक इस साल की शुरूआत में लोकसभा चुनावों में चुने गए थे। मदारीहाट सीट को छोड़कर (जो भाजपा के पास थी) बाकी पांच सीटें 2021 के विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस ने जीती थीं।

## डॉक्टरों की भूख हड़ताल का 12वां दिन, सेहत में गिरावट

एजेंसी

**कोलकाता।** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की महिला चिकित्सक की हत्या और बलात्कार के मामले में न्याय की मांग करते हुए भूख हड़ताल पर बैठे जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल बुधवार को 12वें दिन भी जारी रही। डॉक्टरों की प्रमुख मांग है कि उन्हें कार्यस्थल पर सुरक्षा मिले और दोषियों को सख्त सजा दी जाए। उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के डॉक्टर सौरव दत्ता, जो पांच अक्टूबर से भूख हड़ताल पर थे, को मंगलवार शाम को तबियत बिगड़ने पर जलपाईगुड़ी के अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें अस्पताल के सीसीयू में इलाज किया जा रहा है। वहीं, मंगलवार को स्पंदन चौधरी और रुमेलिका कुमार भी भूख हड़ताल में शामिल हुए।

मंगलवार को आयोजित 'द्रोहेर कार्निवाल' को सफल बताते हुए, जूनियर डॉक्टरों ने कहा कि इस प्रदर्शन ने आम जनता समेत कई लोगों को उनकी आवाज से जोड़ने में मदद की। बुधवार को प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अब वे अपने आंदोलन को और तेज करेंगे ताकि प्रशासन को यह एहसास हो सके कि वे अभी भी अपनी लड़ाई के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। एक आंदोलनकारी डॉक्टर, देबाशीष हालदार ने कहा, कल दुनिया ने देखा कि लोग न्याय पाने के लिए कितने उत्सुक हैं। हमें खुशी है कि इतने सारे लोग, खासकर आम जनता, हमारे इस नेक उद्देश्य के साथ हैं।

## डीएम ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय के साथ अनुमंडलीय अस्पताल का किया निरीक्षण

एजेंसी

**अररिया।** डीएम अनिल कुमार बुधवार को फारबिसगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचकर विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया।फारबिसगंज एसडीएम शैलजा पांडे सहित अन्य अधिकारियों के साथ डीएम ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय में काम कर रहे कर्मचारियों और अधिकारियों से विभाग और सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को लेकर जानकारी प्राप्त की।लोक सेवा अधिकार के तहत जाति,आय,निवास सहित अन्य प्रमाण पत्र के लिए बने आरटीपीएस काउंटर का जायजा लेने के साथ मौजूद लोगों से भी काम को लेकर फीडबैक लिया गया। राजस्व अंचल कार्यालय में काम की गति को तेजी में लाने के साथ काम में व्यापक सुधार लाने का कड़ा निर्देश डीएम ने अधिकारी और कर्मचारियों को दिया।ऑनलाइन आवेदन के निबटारे को लेकर भी डीएम सख्त दिखे।प्रखंड सह अंचल कार्यालय के निरीक्षण के बाद डीएम एसडीएम के साथ फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे।जहां ओपीडी से लेकर वार्ड और अन्य चिकित्सीय सुविधाओं को लेकर जानकारी प्राप्त की।



डीएम ने अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ.के. एन.सिंह और अस्पताल प्रबंधक नाजिश नियाज सहित मौजूद चिकित्सकों से बातचीत कर चिकित्सीय सुविधा को और अधिक बेहतर बनाने पर जोर दिया।अस्पताल में मरीजों और उसके परिजनों से भी डीएम ने चिकित्सीय सुविधा और होने वाली परेशानी को लेकर जानकारी प्राप्त की। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में डीएम अनिल कुमार ने बताया कि यह उनका निरीक्षण का कार्यक्रम था,जिसमें उन्होंने विभिन्न विभागों के साथ सरकार की ओर से चलाई जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जानकारी प्राप्त की।बातचीत के क्रम में डीएम ने बताया कि सभी विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों को काम के निबटारे में तेजी लाने को निर्देशित किया गया है।

उल्लेखनीय हो कि बिहार सरकार के भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग की ओर से काम और उसके निबटारे को लेकर बिहार के सभी जिलों के बीच रैंकिंग की गई थी, जिसमें अररिया जिला सबसे निचले पायदान अर्थात 38वें स्थान पर आया है।

## भाजपा ने किया बेतिया में तीन लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य

एजेंसी

**बेतिया।** बेतिया परिसदन में आज भाजपा जिला अध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव के अध्यक्षता में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकताओं एवं जिला के पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री सह क्षेत्रीय प्रभारी जगन्नाथ ठाकुर थे। वहीं मुख्य रूप से जिला प्रभारी विनोद सिंह भी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए जगन्नाथ ठाकुर ने कहा कि बेतिया भाजपा जिला संगठन के कार्यकताओं द्वारा लगभग एक लाख पचास हजार से अधिक सदस्य बना चुके हैं जबकि तीन लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है वह भी बेतिया भाजपा जिला संगठन के कार्यकर्ता पुरा कर ही लेंगे। वहीं सक्रिय सदस्यता का शुभारंभ 16 अक्टूबर से शुरू हो गया है बेतिया भाजपा जिला संगठन के सभी कार्यकर्ता यह भी मापदंड को पुरा करते हुए सक्रिय सदस्य बनेंगे और पूरे विहार में सबसे ज्यादा सक्रिय सदस्य बनेंगे ऐसी आशा और विश्वास किया है। उक्त मौके पर जिला उपाध्यक्ष सह लोकसभा संयोजक रवि सिंह जिला सदस्यता संयोजक मनोज सिंह जिला उपाध्यक्ष सह सक्रिय सदस्यता संयोजक उमेश पाण्डेय बगहा जिला प्रभारी सह सक्रिय सदस्यता सहयोगी आनंद सिंह जिला सदस्यता सह संयोजक सह सक्रिय सदस्यता सहयोगी सदस्य शिवेंद्र शिबू अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रतीक एडवीन शर्मा महामंत्री मुन्ना तिवारी धर्मेंद्र सिंह मनु पाण्डेय कार्यालय प्रभारी अक्षय राज सिंह कृष्णा पासवान नौतन विधानसभा प्रभारी प्रमोद सिंह इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### पुलिस ने साइबर अपराध को लेकर किया स्कूली छात्राओं को जागरूक

**अररिया।** अररिया के बालिका उच्च विद्यालय में अररिया पुलिस ने छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। अमित रंजन के निर्देश पर चलाया जा रहा इस अभियान के तहत स्कूलों और कॉलेजों में छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय और महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही है. फखरे आलम ने साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं के बारे में जानकारी दी और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में छात्राओं को जागरूक किया. उन्होने छात्रों को हनी ट्रैप और धोखाधड़ी के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी और उन्होंने नेट बैंकिंग, सोशल मीडिया हैकिंग और अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा कर बचाव के उपायों भी साझा किये ।

## बहरामपुर में तृणमूल कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

एजेंसी

**कोलकाता ।** मुर्शिदाबाद के बहरामपुर में बुधवार सुबह तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की गोली मार कर हत्या कर दी गई। मित्र तृणमूल कार्यकर्ता का नाम प्रदीप दत्त है। आरोप है कि बुधवार सुबह जब प्रदीप सैर से लौट रहे थे, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और उन पर ताबड़तोड़ सात गोलियां चलाईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।यह घघटना बहरामपुर राधा घाट-1 ग्राम पंचायत क्षेत्र में हुई।

मृत प्रदीप दत्ता नाथपाड़ा इलाके के निवासी थे और उनका बहरामपुर के बाजार में प्लाइवुड और कांच का व्यवसाय था। वे इलाके में तृणमूल कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते थे। बुधवार सुबह करीब छह बजे जब वे अपने घर लौट रहे थे, तभी अचानक बाइक सवार तीन हमलावरों ने उन्हें रोका और उन पर गोलियां बरसाईं। गोली लगने के बाद प्रदीप ने भागने की कोशिश की, लेकिन हमलावरों ने पीछा कर फिर से गोलियां चलाईं और फरार हो गए। गोलियों की आवाज सुनकर स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और प्रदीप को खेत के पास खून से लथपथ हालत में पाया। तुरंत उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बहरामपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि इस हत्या के पीछे निजी दुश्मनी थी या यह राजनीतिक रंजिश का परिणाम है, इस पहलू की गहन जांच की जा रही है। इलाके में लगे सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। घटना के प्रत्यक्षदर्शी मंटू देवनाथ ने बताया, हम लोग उस समय चाय पी रहे थे, तभी अचानक एक धमाके की आवाज सुनी।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस का एक दिवसीय धरना

**भागलपुर।** स्मार्ट मीटर के विरोध में भागलपुर के समाहरणालय चौक पर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने एक दिवसीय धरना दिया। धरना का नेतृत्व भागलपुर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष परवेज जमाल कर रहे थे। मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्मार्ट मीटर के अंदर अंबानी और अडानी का लोगो लगा हुआ है। इससे साफ जाहिर होता है कि यह स्मार्ट मीटर अंबानी और अडानी कंपनी के द्वारा ही बिहार में सप्लाई किया जाता है। बिहार से बड़े राज्य में भी अभी स्मार्ट मीटर नहीं लगाया गया है लेकिन बिहार में स्मार्ट मीटर चालू है। इससे लोगों का शोषण हो रहा है। जिस घर में 300 रुपया महीने की बिजली खपत होती थी आज उसी घर में 3000 हजार रुपया का रिचार्ज करना पड़ता है, जिससे लोग काफी परेशान नजर आते हैं।

## डीएसपी के साहस ने दिखाया रंग,तीन दिन बाद गांव से किया गया मगरमच्छ का रेस्क्यू

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले अरेराज अनुमंडल क्षेत्र के गंडक दियरा से सटे पीपरा पंचायत में बीते तीन दिनो से हडकंप मचाये मगरमच्छ का बुधवार को तड़के सुबह कुशलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। बीते तीन दिन पूर्व आधी रात में अचानक गांव में मगरमच्छ के घुसने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल कायम था। हालांकि ग्रामीणो ने आग का लुक दिखाकर मगरमच्छ को खदेड़ना शुरू किया तो मगरमच्छ भाग कर जितवारपुर गांव स्थित एक पोखरा में प्रवेश कर गया।जिसके बाद ग्रामीणो ने इसकी सूचना वन विभाग को दी।हालांकि वन विभाग गाड़ी नही होने का बात कह कर ससमय नही पहुंचे।

दूसरे दिन वन विभाग पहुंचा और पोखरा से मगरमच्छ का रेक्यु करने में जुटा रहा।लेकिन मगरमच्छ नही मिला।जिससे ग्रामीणो में दहशत में व्याप्त रहा।बताया गया कि मगरमच्छ मंगलवार की रात पोखर से निकल कर पीपरा गांव के एक घर के पीछे धान के खेत मे अर्ध रात्रि को चीत्कार मारने लगा।लिहाजा मगरमच्छ की चीत्कार से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।सूचना पर कैम्प कर रही वन विभाग की टीम पहुंची लेकिन बड़ा मगरमच्छ होने व चीत्कार सुनकर रेक्यु करने से पीछे हट गई।



इस सूचना के बाद मौके पर पहुंचे अरेरज डीएसपी रंजन कुमार ने ग्रामीण युवको को प्रेरित कर साहस बढाया।नतीजतन वन विभाग के रेस्क्यू टीम के साथ गोबिंदगज थाना पुलिस व गांव के युवकों के साथ मिलकर डीएसपी ने बुधवार को मगरमच्छ का अगला हिस्सा को रस्सी से फंसा कर उसका सफलतापूर्वक रेस्क्यु कर लिया।जिसके बाद जीवित मगरमच्छ को वन विभाग को सौप दिया गया।इस पूरे वाक्या के बाद तीन दिनो से रात जग्गा कर रहे ग्रामीणो ने डीएसपी रंजन कुमार की साहस की प्रशंसा करते हुए कहा कि अब हम सब राहत महसूस कर रहे है।

**घोटाला** टीईटी भर्ती घोटाले की जांच में एक और बड़ा खुलासा

## सीबीआई का दावा, पार्थ चटर्जी ने ही भेजी अयोग्य उम्मीदवारों की सूची

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में टीईटी भर्ती घोटाले की जांच में एक और बड़ा खुलासा हुआ है। सीबीआई के अनुसार, राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी ने प्राथमिक शिक्षक पद के लिए 'अयोग्य' उम्मीदवारों की सूची एक वरिष्ठ अधिकारी को भेजी थी, जिनमें से कई को बाद में नौकरी भी दी गई।

जून 2024 में सीबीआई ने कोलकाता स्थित विकास भवन में तलाशी अभियान चलाया था, जहां से बड़ी मात्रा में दस्तावेजों से भरे बोरों को जब्त किया गया। इन दस्तावेजों में टीईटी परीक्षा के उम्मीदवारों और चयनित अभ्यर्थियों की सूची भी शामिल थी। सीबीआई ने हाल ही में इन दस्तावेजों की जांच पूरी की है। सूत्रों के मुताबिक, पार्थ चटर्जी का नाम इन फाइलों में स्पष्ट रूप से सामने आया है, जिससे उनके टीईटी भर्ती घोटाले में संलिप्तता की पुष्टि होती है। इन तथ्यों के आधार पर मंगलवार को सीबीआई ने प्रेसिडेंसी जेल जाकर पार्थ चटर्जी से पूछताछ की।




सीबीआई का कहना है कि जब्त दस्तावेजों में कई प्रभावशाली व्यक्तियों के नाम भी मिले हैं। इनमें से कुछ 'अयोग्य' अभ्यर्थियों को पार्थ चटर्जी द्वारा भेजी गई सूची के आधार पर सरकारी नौकरी दी गई।सीबीआई ने बताया कि विकास भवन का वह गोदाम, जहां ये महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे गए थे, 23 दिसंबर 2022 को सील कर दिया गया था। एजेंसी ने वहां से टीईटी भर्ती से संबंधित कई गोपनीय फाइलें भी बरामद की थीं। पार्थ चटर्जी पर लगे हैं कई गंभीर आरोप यह घोटाला कोई नई बात नहीं है। जुलाई 2022 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दक्षिण कोलकाता स्थित पार्थ चटर्जी के नाकतला स्थित घर पर छापा मारा था, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। उस समय एसएससी भर्ती घोटाले में भी पार्थ और उनकी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। एक अक्टूबर 2024 को पार्थ चटर्जी को विशेष सीबीआई अदालत में पेश किया गया, जहां एजेंसी ने उन्हें टीईटी घोटाले में गिरफ्तार करने की अनुमति मांगी, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया। इसके बाद सीबीआई ने पार्थ को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन उन्हें अपनी हिरासत में लेने की अलग से कोई मांग नहीं की। उधर, कलकत्ता हाईकोर्ट में पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी हो चुकी है, लेकिन न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और न्यायमूर्ति अपूर्व सिंह राय की खंडपीठ ने फैसले को फिलहाल सुरक्षित रख लिया है।

## मानिकचक अस्पताल में इलाज में लापरवाही से मरीज की मौत, परिजनों का हंगामा

एजेंसी

**मालदा।** मालदा जिले के मानिकचक ग्रामीण अस्पताल में बुधवार तड़के एक मरीज की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया। मृतक का नाम शफीकुल इस्लाम (35) था, जो पेशे से ऑटो चालक था और मानिकचक थाना अंतर्गत बड़ाबागान इलाके का रहने वाला था।परिवार के अनुसार, मंगलवार देर रात अचानक शफीकुल को तेज ठंड के साथ बुखार आया, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में इलाज के दौरान लापरवाही बरती गई, जिससे शफीकुल की जान चली गई। मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल के ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। हंगामे के कारण अस्पताल परिसर में तनाव फैल गया और स्थिति हाथापाई तक पहुंच गई। सूचना मिलते ही मानिकचक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हस्तक्षेप कर स्थिति को काबू में किया। मृतक के भाई सामिद शेख ने आरोप लगाया कि डॉक्टर की लापरवाही के कारण उसके भाई की मौत हुई। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि शफीकुल की हालत पहले से ही गंभीर थी। नाड़ी की गति धीमी होने के कारण डॉक्टरों ने उसे तुरंत भर्ती कराने की सलाह दी थी, लेकिन परिजन उसे कहीं और ले गए। बाद में, जब मरीज की हालत और बिगड़ गई, तो उसे वापस अस्पताल लाया गया, लेकिन तब तक उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024 E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

# संक्षिप्त खबरें

## लौरा डेलानी की जगह गैबी लुईस बनीं आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान



**डबलिन।** गैबी लुईस को आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है, जो अब तक की सबसे अनुभवी खिलाड़ी लॉरा डेलानी की जगह लेंगी। डेलानी ने सभी प्रारूपों में आयरलैंड का 207 बार प्रतिनिधित्व किया है, और पिछले आठ वर्षों से वह उनकी कप्तानी भी कर रही हैं। वे महिला टी20 विश्व कप में जगह बनाने में असमर्थ रहीं, लेकिन हाल ही में उन्हें सफलता मिली है, अगस्त में श्रीलंका के साथ द्विपक्षीय मुकाबले में 1-1 से बराबरी की, जब लुईस ने शतक बनाया और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गईं। इसके बाद उनकी टीम ने वनडे में श्रीलंका को 2-1 से हराया। लुईस, जो वर्तमान में मेलबर्न में क्लब क्रिकेट खेल रही हैं, ने कहा मुझे पता है कि जब मैं पहली बार सीनियर टीम में आई थी, तो डेल्स उन टीम-साथियों में से एक थीं जिनसे आप प्रेरणा लेते थे।

## द हंड्रेड : मैनचेस्टर ओरिजिनल्स पुरुष टीम के प्रभारी बने रहेंगे साइमन कैटिच



**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर ओरिजिनल्स ने साइमन कैटिच को एक साल का अनुबंध विस्तार दिया है, जबकि इस सत्र में उनकी पुरुष टीम ने केवल एक जीत हासिल की थी, हालांकि क्लब ने स्टीफन पैरी को महिला टीम के कोच पद से हटा दिया है। पैरी ने दो साल तक महिला टीम की कमान संभाली थी। दोनों कोचों के भविष्य पर निर्णय ओरिजिनल्स बोर्ड द्वारा लिए गए, जिसे 2025 से लंकाशायर के साथ उनके घनिष्ठ संबंधों को दर्शाने के लिए पुनर्गठित किया गया है। काउंटी अगले सत्र में ओरिजिनल्स में बहुसंख्यक शेयरधारक बन जाएगी, जब उन्हें ईसीबी द्वारा 51% हिस्सेदारी सौंपी जाएगी, जबकि शेष 49% एक निजी निवेशक को बेची जाएगी। लंकाशायर के क्रिकेट निदेशक मार्क चिल्टन को पैरी के उत्तराधिकारी के रूप में महिला टीम के मुख्य कोच की नियुक्ति प्रक्रिया का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी गई है।

## एशेज 2024-25 के पहले टेस्ट की मेजबानी करेगा पर्थ

**मेलबर्न।** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया का पर्थ स्टेडियम एशेज 2024-25 के पहले टेस्ट की मेजबानी करेगा। चार दशक से भी अधिक समय में यह पहली बार है जब ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में खेले जाने वाले एशेज की शुरूआत गाबा के अलावा किसी अन्य मैदान पर होगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। पर्थ स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया में एशेज मैच की मेजबानी करने वाला आठवां स्थल बन जाएगा। पहला टेस्ट 21 नवंबर से शुरू होने वाला है। पर्थ में होने वाले इस मैच के बाद, ब्रिस्बेन के गाबा में 4 दिसंबर से दिन-रात्रि टेस्ट खेला जाएगा होगा। गाबा में दूसरा टेस्ट ब्रिस्बेन का तीसरा दिन-रात्रि पुरुष टेस्ट होगा, इससे पहले पाकिस्तान (2016) और श्रीलंका (2019) की मेजबानी की जा चुकी है। तीसरा टेस्ट एडिलेड ओवल में होगा।

## बारिश की भेंट चढ़ा पहले सत्र का खेल



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच का पहला सत्र बारिश से धूल गया और अब दूसरे सत्र पर भी संदेह है। बारिश के कारण अभी तक टॉस भी नहों हो सका है। अंपायर लगातार मैदान का निरीक्षण कर रहे हैं, पिच के चारों ओर पैच और नमी दिख रही है, फिलहाल बारिश रुक गई है, कवर भी हटा दिया गया है। हालांकि खेल शुरू होने में अभी भी समय है। भारतीय टीम इस महीने की शुरूआत में बांग्लादेश को हराने के बाद आत्मविश्वास से भरी हुई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज भारतीय दल के लिए अपनी कमियों को दूर करने और नवंबर में ऑस्ट्रेलिया की यात्रा से पहले अपनी ताकत को परखने के लिए महत्वपूर्ण होगी।

# हरमनप्रीत सिंह और उदिता नीलामी में बने सबसे महंगे खिलाड़ी





**नई दिल्ली। एजेंसी**

तीन दिनों तक चली बोली-प्रक्रिया के बाद, आठ पुरुष और चार महिला टीमें दिसंबर में होने वाली हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में एक-दूसरे से भिड़ने के लिए तैयार हैं। हॉकी इंडिया लीग की बहुप्रतीक्षित वापसी की नीलामी में भारतीय हॉकी टीम के डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह और उदिता सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। उदिता को श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 32 लाख में खरीदा, जबकि सूरमा हॉकी क्लब ने हरमनप्रीत सिंह को 78 लाख में खरीदा। हैदराबाद तूफान, सूरमा हॉकी क्लब, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स, दिल्ली एसजी पाइपर्स, तमिलनाडु ड्रैगन्स, यूपी रुद्रास, कलिंगा लांसर्स और टीम गोनासिका पुरुष फ्रेंचाइजी थीं, जिन्होंने 13 और 14 अक्टूबर को पुरुषों की नीलामी में एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश की। 15 अक्टूबर को महिलाओं की नीलामी में, सूरमा हॉकी क्लब, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स, दिल्ली एसजी पाइपर्स और ओडिशा वॉरियर्स के बीच लीग में 24 खिलाड़ियों की सबसे मजबूत टीम बनाने के लिए मुकाबला हुआ। हॉकी इंडिया लीग सात साल के अंतराल के बाद फिर से शुरू हो रही है, लेकिन लीग की वापसी के साथ ही महिला हॉकी इंडिया लीग की शुरूआत भी हो रही है, जो भारत में अपनी तरह की पहली लीग होगी। महिला हॉकी इंडिया लीग पुरुषों की लीग के साथ-साथ चलेगी और इसका फाइनल 26 जनवरी को रांची में होगा।

भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर उदिता कई मशहूर अंतरराष्ट्रीय हॉकी सितारों को पछाड़कर 32 लाख रुपये में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स की नीलामी में सबसे ज्यादा कीमत पर बिकीं। नीलामी के अंत में, उनकी कुछ उल्लेखनीय साथी नीदरलैंड की ट्रिपल ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता ईवा रोमा मारिया ड्रमंड और भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली खिलाड़ी वंदना कटारिया थीं। उदिता ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा हॉकी इंडिया पुरुष हॉकी इंडिया लीग के साथ-साथ महिला हॉकी इंडिया लीग आयोजित करके बाधाओं को तोड़ रहा है और नए मानक स्थापित कर रहा है। यह पहली बार था जब हममें से अधिकांश ने नीलामी के लिए पंजीकरण कराया और पूरी टीम इसका हिस्सा बनने के लिए उत्साहित थी। यह हमारे कौशल को दिखाने और विभिन्न राष्ट्रीयताओं के खिलाड़ियों के साथ खेलकर एथलीट के रूप में विकसित होने का एक अच्छा अवसर होगा।

हम सभी लीग को अपना 100 प्रतिशत देने के लिए उत्सुक हैं। मैं हॉकी इंडिया लीग की सबसे बड़ी खरीद बनकर खुश हूं और मैं श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स को मुझ पर अपना विश्वास दिखाने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने एक प्रभावशाली टीम बनाई है और मैं मैदान पर उतरने और लीग जीतने का लक्ष्य रखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान और दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हरमनप्रीत सिंह के लिए सभी आठ पुरुष टीमों ने कड़ी बोली लगाई। सूरमा हॉकी क्लब ने आखिरकार बाजी मार ली और नीलामी में कुल 4 करोड़ की राशि में से 78 लाख की बड़ी राशि खर्च की। हरियाणा-पंजाब स्थित इस टीम ने ओलंपिक कांस्य पदक विजेता विवेक सागर प्रसाद और गुरजंत सिंह तथा अन्य बड़े नामों को अपने साथ जोड़कर एक मजबूत टीम बनाई है।

### नीलामी के अंत में सूरमा हॉकी क्लब में हमारी टीम बहुत अच्छी दिख रही है :हरमनप्रीत

**हरमनप्रीत सिंह ने कहा मैं बहुत खुश हूं कि हॉकी इंडिया लीग वापस आ गई है और वह भी शानदार अंदाज में। जब नीलामी के दौरान मेरा नाम आया तो मैं अपनी सीट के किनारे पर बैठा हुआ था और मन ही मन सरदार सिंह से उम्मीद कर रहा था कि वे मेरे लिए बोली लगाएं और मैं हरियाणा-पंजाब क्षेत्र के लिए खेलूं। जब सूरमा हॉकी क्लब ने आखिरकार मुझे नीलामी में शामिल किया तो मुझे बहुत राहत मिली और मैं इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकता था। उन्होंने कहा नीलामी के अंत में सूरमा हॉकी क्लब में हमारी टीम बहुत अच्छी दिख रही है, मालिकों और कोचिंग स्टाफ ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हमारे पास अनुभवी, बड़े नाम वाले खिलाड़ियों और युवा खिलाड़ियों का सही संतुलन है, जिनमें खुद भी बड़ा नाम बनने की क्षमता है। मैं फिर से बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ एचआईएल खेलने के लिए उत्सुक हूं।**

### खो-खो विश्व कप का आयोजन 13 से 19 जनवरी 2025 तक, नई दिल्ली करेगा मेजबानी

# खो–खो हमारे देश की मिट्टी का खेल है: सुधांशु

● **महाभारत के समय से ही खो-खो हमारे देश के इतिहास का हिस्सा रहा है : निखिल खडसे**

**नई दिल्ली। एजेंसी**

खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) ने बुधवार को यहां त्यागराज स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में पहली बार आयोजित होने जा रहे खो-खो विश्व कप की तारीखों का ऐलान और इसके लोगो का अनावरण किया। भारत के प्राचीनतम खेलों में से एक खो खो के इस विश्व कप का उद्घाटन संस्करण का आयोजन 13 से 19 जनवरी 2025 के बीच नई दिल्ली में होगा। लांच समारोह में टीम महाराष्ट्र और शेष भारत के बीच





एक शानदार प्रदर्शनी मैच भी खेला गया, जिसे महाराष्ट्र ने 26-24 से जीता।

मैच के बाद विश्व कप के आधिकारिक लोगो और टैगलाइन #TheWorldGoesKho का अनावरण किया गया। इस प्राचीन भारतीय खेल को वास्तव में अंतरराष्ट्रीय बनाने के लिए, इस टूर्नामेंट में 24 देश शामिल होंगे, जिसमें पुरुष और महिला दोनों टीमें विश्व वर्चस्व के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। चैंपियनशिप में प्रत्येक डिवीजन में 16 टीमें शामिल हैं। केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा खो-खो हमारे देश की मिट्टी का खेल है। इसलिए, हमें इस खेल को मैट पर लाने पर बहुत गर्व है। महासंघ को बहुत-बहुत धन्यवाद, जिसने यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत की है कि खो खो एक अंतरराष्ट्रीय खेल बन जाए। हमने सबसे पहले अल्टीमेट खो-खो लीग के माध्यम से खेल को इसके प्रशंसकों तक पहुंचाया, और अब, पहले खो-खो विश्व कप के साथ चीजों को अगले चरण पर ले जाने का समय आ गया है।

केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने कहा महाभारत के समय से ही खो-खो हमारे देश के इतिहास का हिस्सा रहा है। भारत सरकार कई स्वदेशी खेलों को बढ़ावा दे रही है और 2025 में खो-खो विश्व कप के उद्घाटन संस्करण की मेजबानी करना उसी दिशा में एक कदम है। विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से खेल विज्ञान में उनके प्रयासों के लिए केकेएफआई को बहुत-बहुत बधाई, क्योंकि यह खेल के स्तर को दूसरे स्तर पर ले जाता है। ईजमाईट्रिप के सीईओ और सह-संस्थापक निशांत पिट्टी ने कहा हम 2025 में पहले खो-खो विश्व कप के लिए आधिकारिक भागीदार बनने के लिए उत्साहित हैं। यह आयोजन न केवल खो-खो की गतिशील भावना को प्रदर्शित करने में बल्कि ओलंपिक और एशियाई खेलों में इसे लाने की आकांक्षाओं के साथ वैश्विक मंच पर इसके समावेश को बढ़ावा देने में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

## एडी टी10 लीग में पदार्पण के लिए तैयार यूपी नवाब

**नई दिल्ली। एडी टी10 लीग में नई फ्रेंचाइजी यूपी नवाब अपना पदार्पण करने के लिए तैयार है। टीम के मालिक वेंचर कैपिटलिस्ट लविश चौधरी हैं। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले चौधरी की गाजियाबाद और मुजफ्फरनगर से यात्रा उनकी जड़ों से उनके गहरे जुड़ाव और क्रिकेट के प्रति आजीवन जुनून को दशार्ती है। यह नया उद्यम उन्हें खेल के प्रति अपने प्यार को अपने रणनीतिक निवेश दृष्टिकोण के साथ जोड़कर एक ऐसी टीम बनाने का मौका देता है जो उत्तर प्रदेश की भावना और लचीलेपन का प्रतिनिधित्व करती है। लविश चौधरी ने टीम के लिए अपनी आकांक्षाओं को साझा करते हुए एक बयान में कहा क्रिकेट मेरे जीवन का एक मूलभूत हिस्सा रहा है, और एडी टी10 लीग में एक फ्रैंचाइजी का मालिक होना एक सपने के सच होने जैसा है। यूपी नवाबों के साथ, मेरा लक्ष्य उत्तर प्रदेश के गौरव को वैश्विक मंच पर लाना और लीग में एक मजबूत दावेदार के रूप में अपनी उपस्थिति स्थापित करना है।**

## युगांडा ने द. सूडान को हराकर अफ्रीकी कप ऑफ नेशंस के लिए किया क्वालीफाई

**जुबा। एजेंसी**

युगांडा ने मंगलवार को एक रोमांचक मुकाबले में दक्षिण सूडान को 2-1 से हराकर मोरक्को में होने वाले 2025 अफ्रीकी कप ऑफ नेशंस (एएफसीओएन) के लिए क्वालीफाई कर लिया है। युगांडा ने 11 अक्टूबर को कंपाला में हुए उलट मुकाबले में दक्षिण सूडान को 1-0 से हराया था। दक्षिण सूडान के मुख्य कोच निकोलस डुपुइस ने कहा कि युगांडा व्यक्तिगत मुकाबलों में बेहतर टीम थी, उन्होंने कहा कि मैच का फैसला करने में यह महत्वपूर्ण था। दक्षिण सूडान की राजधानी



जुबा में एक ब्रीफिंग में डुपुइस ने कहा हमारे लिए यह बहुत मुश्किल था क्योंकि युगांडा हमसे बेहतर था, इसलिए मुझे लगता है कि परिणाम सामान्य है। व्यक्तिगत रूप से वे बेहतर थे, लेकिन हमने कड़ी मेहनत की। यह पर्याप्त नहीं है लेकिन हमने एक अच्छी टीम के खिलाफ खेला।

## आज चेन्नइयन एफसी का सामना नॉर्थईस्ट यूनाइटेड से

**गुवाहाटी। एजेंसी**

नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी और चेन्नइयन एफसी के मुकाबले के साथ ही इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 फिर से फुटबॉल मैदान पर आ जाएगी। अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के बाद यह आईएसएल का पहला मुकाबला होगा, जो गुरुवार, 17 अक्टूबर को शाम गुवाहाटी के इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में खेला जाएगा। गेमवीक पांच का यह मुकाबला काफी रोमांचक होने की उम्मीद है, क्योंकि दोनों टीमों ने अंतरराष्ट्रीय ब्रेक से पहले अपने पिछले मुकाबलों में ड्रा खेला था। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी अपने घरेलू मैदान पर अंतिम क्षणों में



गोल खाकर एफसी गोवा के साथ 3-3 का ड्रा खेलने के लिए मजबूर हुई थी। वहीं, चेन्नइयन एफसी को 10 खिलाड़ियों वाली हैदराबाद एफसी ने गोलरहित बराबरी करने पर मजबूर किया था। हाईलैंडर्स चेन्नइयन एफसी के खिलाफ अपने पिछले 10 मुकाबलों में केवल एक जीत (3 ड्रा, 6 हार) दर्ज कर पाए हैं और अपने रिकॉर्ड को बेहतर करना चाहेंगे। हालांकि, हाईलैंडर्स चेन्नइयन (5 जीत, 1 ड्रा) के खिलाफ अपने आठ घरेलू आईएसएल मैचों में से केवल दो हारे हैं। चेन्नइयन एफसी ने मौजूदा आईएसएल सीजन में प्रति मैच 19.3 शॉट प्रयास लगाए हैं, जो कि सबसे अधिक है। लेकिन उनमें से तीन को गोल में तब्दील हुए हैं। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के स्पेनिश हेड कोच जुआन पेड्रो बेनाली ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सीजन में टीम के अब तक के प्रदर्शन पर बात की। उन्होंने माना कि टीम को अपना मैच बेहतर परिणाम के साथ खत्म करने की जरूरत है, लेकिन उन्होंने अपने सेटअप में सुधार करने के लिए कुछ और समय मांगा। बेनाली ने कहा यह मेरा यहां दूसरा सीजन है। हम आगे बढ़ रहे हैं। हम गलतियां करते हैं और उनसे सीखते हैं।

# व्यापार

## बंधन लाइफ और बंधन बैंक ने बिहार और झारखंड में एक महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की

**जमशेदपुर/रांची। एजेंसी**

बंधन लाइफ और बंधन बैंक ने जीवन बीमा योजनाएं प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी का शुभारंभ दो नए प्लान्स : आई-गारंटी विश्वास, गारंटीड लाभ वाली एक बचत बीमा प्लान, और आई-इन्वेस्ट II, एक यूनिट-लिंक्ड बीमा प्लान की पेशकश के साथ हुआ। अक्टूबर 2024 से ये प्लान्स बिहार और झारखंड में बंधन बैंक की 181 शाखाओं पर उपलब्ध होंगे। बंधन बैंक के मौजूदा ग्राहक कुछ ही मिनटों में पॉलिसी प्राप्त कर सकते हैं यदि वे बीमा की शर्तों को पूरा करते हैं तो। आने वाले सप्ताहों में कई नए प्लान्स जैसे 'शुभ समृद्धि' और अन्य बचत प्लान्स को शामिल किए जाने के साथ प्लान्स के पोर्टफोलियो का और भी विस्तार



किया जायेगा। वर्ष 2024 के अंत तक बंधन लाइफ की सभी जीवन बीमा प्लान्स की एक व्यापक श्रेणी पूरे देश में उपलब्ध होगी, जिससे भारत के लोगों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने के बंधन के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को बल प्राप्त होगा। बंधन लाइफ आई-गारंटी विश्वास उभरते हुए नए भारत के ग्राहकों की वित्तीय सुरक्षा की आवश्यकताओं को पूरा करता है। भुगतान किए गए प्रीमियम का 10 गुना जितना जीवन कवर और गारंटीड लाभ के साथ, यह प्लान पॉलिसीधारकों को अपने जीवन के महत्वपूर्ण लक्ष्य, जैसे कि बच्चे की पढ़ाई के लिए पैसे जुटाना, घर के लिए डाउन पेमेंट करना या छुट्टियों पर जाने की तैयारी करना आदि को पूरा करने में मदद करने के लिए तैयार किया गया है। मैच्योरिटी पर गारंटीड लाभ की सुविधा से बंधन लाइफ आई-गारंटी विश्वास मध्यम-आय वाले परिवारों के लिए अधिक फायदेमंद हो जाता है।

## गोयल ने निर्माताओं से निर्यात के लिए गुणवत्ता पर ध्यान देने का आग्रह किया

**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को उद्योग जगत से वैश्विक बाजारों का दोहन करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद को बनाने पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि निर्यात प्रतिस्पर्धा सरकारी सब्सिडी या समर्थन से पूरी नहीं हो सकती।

वाणिज्य मंत्री ने यहां ताज प्लेस होटल में आयोजित प्रथम भारतीय गुणवत्ता प्रबंधन फाउंडेशन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने उद्योग जगत के दिग्गज रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि रतन टाटा ने बहुत कठिन परिस्थितियों में आगे बढ़कर नेतृत्व किया, और वास्तव में एक अंतरराष्ट्रीय समूह बनाया। उन्होंने समूह की उपलब्धियों के साथ भारत को गौरवान्वित किया।



गोयल ने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के निर्माण की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि इस दृष्टिकोण के बिना भारत को वास्तव में प्रतिस्पर्धी बनाना बहुत मुश्किल होगा। उन्होंने उद्योग जगत को संबोधित करते हुए भारत में गुणवत्ता पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए मोदी सरकार के प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योग जगत को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के विनिर्माण के लिए प्रेरित करने का प्रयास कर रही है, लेकिन उद्योग जगत को यह स्वीकार कराना एक कठिन काम है कि उन्हें गुणवत्ता वाला सामान बनाना चाहिए।

## पहले घंटे के शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव

**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार शुरुआती कारोबार में लगातार दबाव में कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी, लेकिन बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया। खरीदारी के सपोर्ट से सुबह 10 बजे के करीब शेयर बाजार रिकवरी करके हरे निशान में पहुंच गया। हालांकि ये तेजी अधिक देर तक नहीं टिक सकी। 10 बजे के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण शेयर बाजार की चाल में दोबारा गिरावट आ गई। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत और निफ्टी 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद



स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी लाइफ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, बीपीसीएल और डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज के शेयर 1.40 प्रतिशत से लेकर 1.03 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा, नेस्ले, ट्रेंट लिमिटेड, इंडसइंड बैंक और हीरो मोटोकॉर्प के शेयर 1.64 प्रतिशत से लेकर 1.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,334 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,384 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 950 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे।

## संक्षिप्त खबरें

### तालाब में डूबने से किशोर की मौत

**औरैया।** जनपद के थाना ऐरवाकटरा क्षेत्र के गांव बरौनाकलां में मंगलवार की शाम तालाब के किनारे पहुंची बकरी को पकड़ने के प्रयास में 14 वर्षीय किशोर का पैर फिसल जाने से वह तालाब के गहरे पानी में चला गया। जिससे पानी में डूब कर उसकी मौत हो गई। हालांकि परिजन किशोर के जीवित होने की उम्मीद में तत्काल उसे इटावा ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना ऐरवाकटरा की चौकी व गांव बरौनाकलां निवासी प्रदीप उर्फ दीपू चक्रवर्ती के मकान के सामने तालाब है। मंगलवार की शाम करीब 7 बजे के बीच दीपू की बकरी तालाब के किनारे पहुंच गई थी।

### प्रतापगढ़ में ईंट से कूचकर युवक की हत्या

**प्रतापगढ़।** कोतवाली देहात क्षेत्र में बुधवार सुबह एयरटेल मैदान में एक युवक का शव मिला। प्रथमदृष्टया उसकी हत्या ईंट के कूचकर प्रतीत हो रही है। सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार संग अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसपी ने घटना की जांच कर जल्द मामले का खुलासा करने का निर्देश अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को दिया है। कोतवाली देहात क्षेत्र के कटरा मेंदनीगंज के रहने वाले राईन (25) का शव एटीएल मैदान में मिला। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

### सिलेंडर फटने से महिला समेत तीन घायल

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र की गणेश विहार कॉलोनी की गली नम्बर 4 के एक मकान में गैस सिलिंडर फटने से घर में मौजूद महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से समीपवर्ती भूमानन्द अस्पताल में भिजवाया। सूचना मिलते ही पहुंचे दमकल कर्मियों ने सिलिंडर को बाहर निकालकर मौके पर स्थिति काबू की। सीतापुर की गणेश विहार कालोनी की गली नम्बर चार में अनिल अग्रवाल के घर में अचानक गैस सिलिंडर फट गया।

### सड़क हादसा में दो की मौत, एक गंभीर घायल

**गोपेश्वर।** चमोली जिले के जोशीमठ विकास खंड में स्थित मलारी के सुराईथोटा-भापकुण्ड मोटर मार्ग पर मंगलवार मध्यरात्रि को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। पागती पुल के पास सीपीपीएल कंपनी का एक वाहन (जेके02 उश 0183) अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। इस दुर्घटना में वाहन में सवार तीनों व्यक्तियों में से दो की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान जम्मू कश्मीर निवासी 32 वर्षीय मानिक सिंह पुत्र सुखदेव सिंह और उद्यमपुर जम्मू निवासी 27 वर्षीय करनेल सिंह पुत्र प्रेम सिंह के रूप में हुई है।

### करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**राजगढ़।** सारंगपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बूड़नपुर में रहने वाली 56 वर्षीय महिला घर में साफ-सफाई करने के दौरान बिजली के फैले तारों की चपेट में आ गई जिससे मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार बीती रात ग्राम बूड़नपुर निवासी रेशमबाई (56) पत्नी सूरजसिंह मोंगिया घर में साफ-सफाई कर रही थी तभी वह बिजली के फैले तारों की चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**राजगढ़।** जिले के बोड़ा थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात नरसिंहगढ़ रोड़ स्थित ग्राम चोरखेड़ी जोड़ के समीप तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में 20 वर्षीय बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और अज्ञात चालक के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### सांप के काटने से महिला की मौत

**राजगढ़।** कालीपीठ थाना क्षेत्र के ग्राम लसुल्ड़ीलोधा में रहने वाली 55 वर्षीय महिला को खेत में काम करने के दौरान सांप ने काट लिया, बेसुध हालत में परिजन उसे जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

### हिन्दुओं की धैर्य की परीक्षा न लें, धैर्य टूटा तो बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी : विहिप



**मुरादाबाद।** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य डा.राजकमल गुप्ता ने बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हिंदुओं के त्योहारों पर शोभायात्राओं पर एक विशेष समाज द्वारा बार-बार की पत्थरबाजी की घटनाएं एक सुनियोजित षडयंत्र हैं। हिन्दुओं के धैर्य की परीक्षा ना लें, यदि हिन्दू समाज का धैर्य टूटा तो बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। डा. राजकमल गुप्ता ने आगे कहा कि बहराइच में दुर्गा पूजा के बाद प्रतिमा विसर्जन के दौरान हिंसा में युवक गोपाल मिश्रा की गोली मारकर नृशंस हत्या की दी गई। उन्होंने विशेष समुदाय पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर देशभर में हिंदू समाज भी इस तरह से जवाब देने लग गया तो परिणाम क्या होगा? साथ ही हत्या को सही बताने और हत्यारों को बचाने की कोशिश कर रहे विशेष समाज से जोर देकर कहा कि यह उनके लिए आत्ममंथन का वक्त है।

# देहरादून और उत्तराखण्ड अपने खाद्य उत्पादों के लिए प्रसिद्ध है : गुरमीत

● देहरादून और उत्तराखण्ड मिलेट्स पोषक तत्वों से भरपूर हैं, जिसके कारण पूरी दुनिया में उनकी अलग ही मांग है



**देहरादून। एजेंसी**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने कहा कि उत्तराखंड के इन विशेष उत्पादों के जरिए स्वाद, संस्कृति और परंपराओं को एक नया आयाम मिलेगा। हमारी यह पहल स्थानीय उत्पादों और संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यटन अनुभव को भी समृद्ध करेगी। इन नवाचारों से राज्य के लोगों के साथ ही पर्यटकों को स्थानीय पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध करा पाएंगे। विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर बुधवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने पर्यटन विकास परिषद और दून बेकर्स एसोसिएशन के सिकदर बेकरी उत्पादों की श्रृंखला का अनावरण किया। इस अवसर पर मंत्री सतपाल महाराज भी मौजूद रहे। इस मौके पर राज्यपाल ने उत्तराखण्ड की खाद्य विशिष्टता को दशार्ते हुए गढ़वाली, कुमाउंनी और जौनसारी पेस्ट्री का अनावरण भी किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि देहरादून और उत्तराखण्ड अपने खाद्य उत्पादों के लिए प्रसिद्ध है। यहां के मिलेट्स पोषक तत्वों से भरपूर हैं, जिसके कारण पूरी दुनिया में उनकी अलग ही मांग है। उन्होंने अपने उत्पादों में वैल्यू एडिशन करने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। हमारे राज्य की विशिष्टताओं को दशार्ते हुए आज सिकदर बेकरी उत्पादों की श्रृंखला का शुभारंभ किया गया है। यह सभी बेकरी, कैफे और होटलों में उपलब्ध रहें ताकि उत्तराखंड आने वाले पर्यटक इनका स्वाद चख सकें। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में लोग पोषक खान-पान की ओर आकर्षित हो रहे हैं। आज आम जनता का जैविक कृषि पर भरोसा बढ़ रहा है। लोग जैविक खाद्य पदार्थों का उपभोग कर रहे हैं। इसलिए हमें जैविक कृषि और पारंपरिक खेती को वरीयता देनी होगी। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए पर्यटन मंत्री को बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में राज्य के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि राधानाथ सिकदर सबसे बड़े विद्वान थे, जिन्होंने एवरेस्ट नापा। आज हम उन्हीं को समर्पित करके विश्व खाद्य दिवस मना रहे हैं। यहां सिकदर बेकरी उत्पादों के बहुत सारे स्वास्थ्य लाभ हैं। आज हमें गढ़वाली पेस्ट्री और कुमाउंनी पेस्ट्री के शुभारंभ की घोषणा करते हुए भी खुशी हो रही है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि राज्य के सभी बेकरी, कैफे और होटलों में उपरोक्त उत्पादों को उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे, ताकि देवभूमि उत्तराखंड आने वाले पर्यटक राज्य के किसी भी हिस्से में इन व्यंजनों का स्वाद ले सकें। उन्होंने कहा कि देवभूमि के धार्मिक और पर्यटन स्थलों में इसे व्यापक रूप से बढ़ावा देने के लिए इन सभी वस्तुओं को बगैर अंडे के ही परोसने की कोशिश की जाएगी।

## समग्र विकास के लिए विभिन्न विषयों पर अतिथि व्याख्यान आवश्यक : डॉ.रोहित



**मुरादाबाद। एजेंसी**

मुरादाबाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 'प्लंबिंग में नवप्रवर्तन और तकनीकी' विषय पर बुधवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के प्रमुख वक्ता राजीव सोमानी और रोहित जोशी थे, जिन्होंने प्लंबिंग के आधुनिक नवप्रवर्तन और तकनीक पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। व्याख्यान का उद्देश्य था कि वक्ता द्वारा अपने अनुभवों को साझा कर छात्र-छात्राओं को बेहतर प्लेसमेंट के लिए तैयार किया जा सके।

रोहित जोशी सिविल इंजीनियरिंग में विभिन्न कार्य क्षेत्रों में अपने अनुभव व इनके अनुरूप स्किल्स को छात्र-छात्राओं से साझा किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने अपने संशयों व प्रश्नों को वक्ता से पूछा। सिविल इंजीनियरिंग के असिस्टेंट प्रोफेसर नीरज चौधरी ने कार्यक्रम के आरंभ में कार्यक्रम की उपयोगिता से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

संस्थान के निदेशक डॉ. रोहित गर्ग ने छात्रों के समग्र विकास के लिए समय-समय पर विभिन्न विषयों पर अतिथि व्याख्यान का महत्व बताया। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष मोहम्मद साकिब कदीर ने कार्यक्रम की समाप्ति पर वक्ताओं का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में असिसटेंट प्रोफेसर सपना कुमारी वक्ता को स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर आभार भी व्यक्त किया।

## भारतीय विदेशमंत्री जयशंकर मंगोलिया के प्रधानमंत्री से मिले



**इस्लामाबाद। एजेंसी**

भारत के विदेशमंत्री एस जयशंकर की यहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से इतर मंगोलिया के प्रधानमंत्री लुव्सन्नामस्रेन ओयुन-एर्डीन से मुलाकात हुई। जयशंकर ने एक्स हैंडल इस मुलाकात का सचित्र विवरण पोस्ट किया है। उन्होंने हम दोनों ने द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा की। मंगोलिया के प्रधानमंत्री से मिलकर खुशी हुई। विदेशमंत्री जयशंकर एससीओ शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने मंगलवार को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंचे। वहां उनका शानदार स्वागत किया गया। जयशंकर की रात को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से एससीओ प्रतिनिधियों के लिए आयोजित रात्रिभोज के दौरान भेंट हुई। दोनों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया और बेहद संक्षिप्त बातचीत हुई। भारत पहले ही साफ कर चुका है कि जयशंकर की यात्रा पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय रिश्ते सुधारने के उद्देश्य से नहीं है। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि एससीओ के सदस्य देशों के प्रमुखों की 23वीं बैठक 16 अक्टूबर को होगी। सालाना तौर पर होने वाली इस बैठक में व्यापार और आर्थिक एजेंडे पर चर्चा होती है। जयशंकर इसमें भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारत एससीओ के तहत गठित विभिन्न व्यवस्थाओं में लगातार सक्रिय रहता है।

### मार्निंग वाक पर निकले तीन युवकों को कार ने रौंदा

**कुशीनगर।** जनपद के समीप फोरलेन स्थित पकवाइनार में बुधवार सुबह मार्निंग वाक पर निकले तीन युवकों को एक अनियंत्रित स्कार्पियो वाहन ने रौंद दिया। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक ने इलाज के दौरान गोरखपुर मेडिकल कालेज में दम तोड़ दिया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। कसया के पकवाइनार डुमरी निवासी अमन कुमार (19), साहिल (19) और पिपरी निवासी अंशू गुप्ता (18) तीनों मित्र रोजाना की तरह बुधवार की सुबह फोरलेन के दक्षिणी सर्विस लेन में टहल रहे थे। यश होटल के समीप पहुंचे थे कि कसया की ओर से आई स्कार्पियो उन्हें रौंदते हुए आगे निकल गई। हिरनापुर गांव के पास चालक वाहन सड़क किनारे खड़ा करके फरार हो गया। इस दुर्घटना में अमन व अंश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल साहिल पटेल ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। दुर्घटना के शिकार युवकों के परिवार में कोहराम मच गया। तीनों कक्षा नवीं के छात्र थे।

# अंतिम निर्णय राष्ट्रीय हित के आधार पर लेंगे : बेंजामिन नेतन्याहू



**वाशिंगटन। एजेंसी**

अमेरिका ने इजराइल को पत्र भेजकर गाजा पर सैन्य सहायता में कटौती की चेतावनी दी है। पत्र में चेताया गया है कि अगर उसने आगामी 30 दिन के भीतर गाजा में मानवीय आपूर्ति का प्रवाह नहीं बढ़ाया तो वह सैन्य सहायता खो सकता है। इस बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने मंगलवार को बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है कि इजराइल संयुक्त राज्य अमेरिका की राय की अनदेखी नहीं करता पर अंतिम निर्णय अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर लेता है। यह पत्र रविवार को इजराइल के रक्षामंत्री योव गैलेंट और रणनीतिक मामलों के मंत्री रॉन डर्मर को भेजा गया है। इस पर अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के हस्ताक्षर हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, अमेरिकी कानून ऐसे किसी भी देश को सैन्य सहायता देने से रोकता है जो अमेरिका प्रदत्त मानवीय आपूर्ति में बाधा डालता पाया जाता है। बावजूद इसके अमेरिका, इजराइल की सैन्य सहायता कर रहा है। हाल ही में एक उन्नत वायु रक्षा प्रणाली और उसे संचालित करने के लिए 100 सैनिकों को भेजा गया है। अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय अधिकारियों ने हाल के सप्ताहों में चेतावनी दी है कि गाजा में विशेषकर उत्तर में स्थितियां और खराब हो रही हैं। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को वाशिंगटन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इजराइल को पत्र भेजने की पुष्टि की। मिलर ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में मानवीय सहायता भेजने में 50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है।

अमेरिकी अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर में कूटनीतिक अधिकारियों की पहचान को छुपाते हुए उनके हवाले से कहा गया है कि इजराइल के अगले हमले ईरान के सैन्य ठिकानों पर केंद्रित होंगे। बाइडेन प्रशासन का मानना है कि अगर इजराइल तेल या यूरेनियम संवर्धन स्थलों पर हमला करता है, तो यह मध्य पूर्व शत्रुता में नाटकीय रूप से वृद्धि कर सकता है।

# आम आदमी के लिए काम करती रहेगी सरकार : एकनाथ शिंदे



**मुंबई। एजेंसी**

महाराष्ट्र में चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही सरकार ने बुधवार को रिपोर्ट कार्ड जारी करके सरकार के विकास कार्यों का विवरण दिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि उनकी सरकार पिछले सवा दो साल से आम आदमी के लिए काम कर रही है और आगे भी करती रहेगी। पिछली सरकार ने राज्य में विकास कार्य रोक दिए थे लेकिन जब वे मुख्यमंत्री बने तो राज्य में रुके विकास कार्य शुरू हुए। शिंदे ने कहा कि पिछली सरकार की वजह से मेट्रो का काम अटका हुआ था, जिससे इसका लागत खर्च 17 हजार करोड़ रुपये बढ़ गया। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि उनकी सरकार के काम को देखते हुए राज्य की जनता फिर से एनडीए गठबंधन को ही चुनकर लाएगी। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हम 2022 से 2024 तक का अपना रिपोर्ट कार्ड दे रहे हैं। कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि महायुति ने खजाना खाली कर दिया। पिछले बजट में कुछ प्रावधान किए गए थे और उनका उपहास किया गया था।

लाडली बहन योजना के बारे में भी भ्रम फैलाया जा रहा है। जबकि यही लोग कह रहे हैं कि हम चुनकर आए तो बहनों को दी जाने वाली धनराशि बढ़ा देंगे। विपक्ष राज्य में कानून व्यवस्था की बात करता है, जबकि उनके गृहमंत्री खुद जेल जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि यह कितना हास्यास्पद है जिनके गृह मंत्री जेल गए, वे हमें कानून-व्यवस्था का पाठ पढ़ा रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े बिजनेसमैन के घर के बाहर बम रखने की कोशिश की गई। हम महिलाओं की मदद करेंगे और उन्हें सुरक्षित रखेंगे। विपक्ष अफवाह फैलाने की कोशिश कर रहा है।

## भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लिए जागरूकता की आवश्यकता : यतीश्वरानंद



**हरिद्वार। एजेंसी**

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से आदर्श युवा समिति हरिद्वार द्वारा त्रिहरी पब्लिक स्कूल छाम पथरी भाग-2 में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित अतिथियों ने महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने भ्रष्टाचार मुक्त समाज की आवश्यकता पर जोर देते हुए सभी को सतर्क और जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला सिविल जज हरिद्वार के प्रतिनिधि अधिवक्ता रमन दीप ने न्याय व्यवस्था में सतर्कता और पारदर्शिता के महत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने सतर्कता और ईमानदारी के मूल्यों को अपनाने के लिए समाज के सभी वर्गों को प्रेरित किया। चौधरी धर्मेंद्र चौहान वरिष्ठ उप प्रमुख बहादराबाद ने कहा कि समाज को आज के तकनीकी युग में अधिक सजग रहने की आवश्यकता है, जिससे किसी भी प्रकार के धोखाधड़ी से बचा जा सकता है।

लोकपाल मनरेगा सुनीता ने कानून प्रवर्तन और सतर्कता के संबंध में चर्चा की। पंजाब नेशनल बैंक के अग्रणी बैंक अधिकारी संजय संत ने बैंकिंग क्षेत्र में सतर्कता के महत्व और वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के तरीकों पर प्रकाश डाला।

### शातिर लुटेरा मुठभेड़ में घायल

**गाजियाबाद।** थाना मधुबन बापूधाम पुलिस ने मंगलवार की देर रात में सदरपुर रोड पर मुठभेड़ के दौरान शातिर चेन लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की ओर से चलाई गई गोली से लुटेरा घायल हो गया और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक तमंचा में एक सोने की बट्टी बरामद है। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवस्तव ने बुधवार को बताया कि थाना मधुबन बापूधाम पुलिस सदरपुर रोड पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया। यह युवक रुका नहीं बल्कि उसने तमंचा निकाल कर पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाब में कार्रवाई की, जिसमें एक गोली बदमाश के पैर पर जा लगी और यह घायल होकर गिर पड़ा। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम विशाल निवासी बेहटा हाजीपुर थाना लोनी बॉर्डर बताया।

# आदिवासियों के जीवन निर्वाह के साधनों की उचित व्यवस्था करें सरकार: सीपीआई

● वन विभाग ने जमीन और घर से बेदखल कर घरों में तोड़फोड़ कर छत्तीसगढ़ बॉर्डर तारलागुडा में लाकर छोड़ा दिया



**बीजापुर। एजेंसी**

भाकपा जिला सचिव कमलेश झाड़ी ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उग्र दमनकारी आंदोलन के दौरान छत्तीसगढ़ छोड़कर तेलंगाना के भूपालपल्ली जिले में रह रहे 27 परिवारों को तेलंगाना वन विभाग ने जमीन और घर से बेदखल कर घरों में तोड़फोड़ और पिटाई कर छत्तीसगढ़ बॉर्डर तारलागुडा में लाकर छोड़ा दिया है। तेलंगाना से बेदखल हुए बस्तर के आदिवासियों की, सरकार तत्काल संज्ञान में ले और उनके स्थाई रूप से रहने एवं जीवन निर्वाह के साधनों की भी उचित व्यवस्था करे। सीपीआई जिला सचिव कमलेश झाड़ी ने इस सारे मामले को लेकर भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव वाली भाजपा सरकार आदिवासी क्षेत्र में आदिवासी हितों को लेकर गंभीर नहीं है। वे सिर्फ. देश के पूंजीवादियों की दलाली कर रही है और यहां के आदिवासियों को नक्सली के नाम से बेदखल कर इनके जमीनों को बड़े कार्पोरेट के हवाले करना चाहती है। यह मौजूदा सरकार कि प्रमुख नीति है जिसका भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी विरोध करती है।

उन्होंने तेलंगाना से बेदखल हुए बस्तर के आदिवासियों की तस्वीर जारी करते हुए बताया कि विगत कई वर्षों पूर्व बस्तर के अंदर भाजपा-काग्रेस ने मिलकर नक्सली उन्मूलन के नाम से सलवा जुडूम आंदोलन चलाया गया था।

इस उग्र दमनकारी आंदओलन से प्रभावित बस्तर के कई आदिवासी परिवार पड़ोसी राज्यों में पलायन कर गए। जिसमें सर्वाधिक आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा में लगभग एक लाख से अधिक लोग पलायन कर जंगलों में बस गये और मजदूरी कर अपना जीवनी यापन कर रहे थे। समय-समय पर इन्हें वापस लाने की मांग राजनैतिक दलों द्वारा सरकार से करते आ रहे थे, लेकिन भाजपा कांग्रेस की किसी भी सरकार ने इस पर ध्यान नही दिया। जिसका खामियाजा आज बस्तर के आदिवासी भुगत रहे हैं, उनकी सुध लेने वाले कोई नही। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ की पूंजीवादी परास्त सरकारें यहां के आदिवासियों को उनके जमीन छीनने के उद्देश्य से वोट की राजनीति कर सिर्फ. उन्हें पलायन करने के लिए मजबूर किया है, जिसका सीपीआई कड़ी निंदा करती है। मंगलवार को तेलंगाना में बस्तर के आदिवासियों के साथ हुए बर्बरता की सीपीआई कड़ी निंदा करती है।

## क्लिनिकल ट्रायल नियम ने वैज्ञानिक अनुसंधान को दिया बढ़ावा: अनुप्रिया



● महामारी के दौरान उपयोग के लिए 8 टीकों को लाइसेंस दिया

**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने बुधवार को कहा कि भारत ने एक उचित नियामक प्रक्रिया के माध्यम से महामारी के दौरान उपयोग के लिए 8 टीकों को लाइसेंस दिया। यह सभी टीके दुनिया में उपलब्ध अन्य टीकों की तुलना में बहुत कम कीमत पर उपलब्ध थे। नई दिल्ली में आयोजित औषधि नियामक प्राधिकरण के 19वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए अनुप्रिया पटेल ने कहा कि न्यू ड्रग्स एंड क्लिनिकल ट्रायल नियम 2019 और मेडिकल डिवाइस नियम 2017 के रूप में क्लिनिकल परीक्षण के क्षेत्रों में प्रकाशित नए नियमों ने वैश्विक अपेक्षा और अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं के अनुरूप वैज्ञानिक एवं नैतिक अनुसंधान को बढ़ावा दिया है। केंद्रीय राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि चिकित्सा उपकरण नियमों में जोखिम आधारित वर्गीकरण, पंजीकरण के माध्यम से सभी उपकरणों को विनियमन के तहत लाना और नियामक मार्ग तैयार करना शामिल है।

बाल कहानी

# लंगड़ू लोमड़



■ मीनू गुप्ता

**नंदनपुर** जंगल में चार दोस्त रहा करते थे-हीरा तोता, चमकू गिलहरी, राजू बंदर और कुक्कू चिड़यिा। चारों में बहुत गहरी दोस्ती थी। हीरा कभी मीठे अमरूद या सेब कहीं पा जाता तो वह राजू बंदर और कुक्कू के साथ मिल-बांटकर खाता। गिलहरी भी कहीं से अखरोट लाती तो आते ही उसे राजू बंदर को देती। राजू बंदर उसे तोड़कर सब में बराबर बांट देता। ऐसा ही दूसरे दोस्त भी करते थे।

चारों दोस्त एक-दूसरे का पूरा ध्यान रखते थे। कभी कोई बीमार हो जाता, दूसरा उसके बच्चों का ध्यान रखता। उसकी दवा लाता और उसके खाने-पीने का सामान भी लाता। जंगल का राजा शेर भी उनका पूरा सम्मान करता था। वह अपने बच्चों को उनके पास भेजता, जिससे वह उनसे कुछ अच्छी बातें सीख सकें। यही हाल हाथी दादा का था। वह उन चारों की दोस्ती से खूब खुश होते। कभी-कभी तो उन्हें अपनी पीठ पर बैठाकर जंगल की सैर करा लाते। उनकी दोस्ती जंगल के लंगड़ू लोमड़ को अच्छी नहीं लगती थी। जब वह चारों को एक साथ खेलता देखता तो उसके मन में एक ही भावना आती कि कैसे भी इन्हें आपस में लड़ा दे।

एक दिन चारों दोस्त जंगल में घूम रहे थे। तभी उन्हें तालाब के पास अमरूद के कई पेड़ दिखाई दिए। इन पर खूब अमरूद लदे थे। कई गिलहरियां इस डाल से उस डाल पर फुदक रही थीं। हीरा तोते ने जब अमरूद देखे तो उसके मुंह में पानी आ गया। उसने अपने साथियों से कहा कि चलो हम भी चलकर इन अमरूदों का आनंद लें। हीरा के तीनों दोस्तों ने कहा कि किसी के बाग में बिना पूछे जाना अच्छी बात नहीं है।

हीरा ने कहा कि हम रोज थोड़े ही जाते हैं? और जो गिलहरियां यहां हैं, उनसे पूछकर ही तो जाएंगे। हीरा तोते की बात सभी दोस्तों को जम गई। चारों साथी वहां जा पहुंचे। बाहर खेल रही गिलहरियों ने वहां तोता, चिड़यिा, बंदर को देखकर पूछा, आप लोग यहां क्यों आए हैं?

हीरा तोते ने कहा, हम जंगल में घूम रहे थे। यहां आए तो देखा कि आपके बाग में अमरूद लगे हैं। आप अगर नाराज न हों तो हम भी थोड़े-से अमरूद ले लें? मीठे अमरूद देखकर उसका मन ललचाने लगा। गिलहरियों ने हीरा तोते की बात पर आपस में चर्चा की। फिर उन्हें अमरूद लेने की अनुमति दे दी। चारों दोस्तों ने पहले तो पेट भरकर अमरूद खाए। बाद में थोड़े-से घर के लिए भी ले लिए।

चलते वक्त सभी ने गिलहरियों को धन्यवाद दिया। घर आकर सभी ने अमरूदों को नीम के पेड़ के कोटर में रख दिया। फिर अपने काम में लग गए। जब वे अमरूद रख रहे थे तो उन्हें चोरी से लंगड़ लोमड़ देख रहा था। उसने उनके जाने के बाद आधे अमरूद निकाल लिए। दूसरे दिन चारों दोस्तों ने अमरूद खाने के लिए निकाले तो देखकर दंग रह गए। यहां पर तो आधे अमरूद थे ही नहीं। सभी एक-दूसरे को देखने लगे। सभी ने एक-दूसरे से पूछा। पर जब किसी ने लिए हों तब तो हां करता। सभी ने अमरूद लेने से मना कर दिया, फिर एक-दूसरे से जोर-जोर से बोलने लगे।

लंगड़ू लोमड़ पहले से ही इस इंतजार में था कि उन चारों में झगड़ा हो तो वह उसका मजा ले। उसने उनसे पूछा, अरे कुक्कू क्या हो गया? क्यों झगड़ रहे हो? कुछ नहीं लंगड़ू लोमड़। कुक्कू ने बात टालनी चाही। नहीं कोई बात तो है, जो तुम चारों लड़ रहे हो? पहले तो मैंने तुम्हें कभी लड़ते नहीं देखा?

अब चमकू गिलहरी ने कहा, लंगड़ू लोमड़ बात यह है कि हमने कल इस पेड़ के कोटर में अमरूद रखे थे। पर आज आधे हैं ही नहीं। लंगड़ू लोमड़ ने बनावटी गंभीरता से पूछा, पक्का यहीं रखे थे? हां, हां यहीं रखे थे। दोस्तों को भिड़ाने की चाल से लंगड़ू लोमड़ ने राजू बंदर की ओर देखकर कहा, राजू, तुमने तो अमरूद नहीं निकाल लिए?

नहीं, मैं क्यों निकालता। हम सभी तो लाए थे एक साथ। फिर वह नाराज होने लगा। नहीं-नहीं, मैं तो ऐसे ही पूछ रहा था। कह कर वह मौका देखकर वहां से खिसक लिया। उसके मन की बात हो गई थी। लंगड़ू लोमड़ की बात सुनकर सभी एक-दूसरे पर शक करके झगड़ने लगे। थोड़ी देर में वहां से जंगल के राजा शेर का बेटा निकला तो उसने उन चारों को लड़ते देखकर गुर्राकर पूछा, आप सब क्यों लड़ रहे हो?

सभी ने उसे अमरूदों की बात बता दी। साथ ही यह भी बताया कि लंगड़ू लोमड़ ने उन्हें क्या कहा। शेर के बेटे ने आश्चर्य से उन्हें देखा और फिर एक-एक को अलग-अलग बुलाकर कान में कुछ कहा। उसके बाद सभी उसके पीछे चलने लगे। शेर का बेटा उन्हें लंगड़ू लोमड़ की खोह के पास ले गया। वहां उन्होंने देखा, लंगड़ू लोमड़ मजे से अमरूदों का आनंद ले रहा है। शेर के बेटे और चारों दोस्तों को देखकर उसके पसीने छूट गए। सभी उसे देखकर हैरान थे। तभी शेर के बेटे ने लंगड़ू लोमड़ के गाल पर एक थप्पड़ मारा और कहा, तू चोरी करके लाया था अमरूद?

लंगड़ू लोमड़ का दिमाग भन्ना गया। उसकी समझ में ही नहीं आया कि वह क्या उत्तर दे? उसके मुंह से निकला, हां। शेर के बेटे ने उसके गाल पर फिर एक झापड़ रसीद किया। जा, भाग जा यहां से। अब कभी जंगल में नजर मत आना। लंगड़ू लोमड़ वहां से भाग छूटा। फिर चारों दोस्त माजरा समझ गए और एक-दूसरे से माफी मांगी। सभी ने शेर के बेटे को धन्यवाद दिया, उनकी दोस्ती बचाने के लिए।

# दूध पीने में करता है बच्चा आनाकानी तो क्या करें?



**दूध को एक संपूर्ण आहार माना जाता है, जो हड्डियों व दांतों के लिए बहुत जरूरी होता है, खासकर बच्चों के लिए। दूध बच्चों की हड्डियों में मजबूत ही नहीं बल्कि शरीर विकास में भी मदद करता है लेकिन कुछ बच्चे दूध पीने में आनाकानी करते हैं और मुंह चढ़ाने लगते हैं। ऐसे में मांओं को कुछ अलग सोचना होगा। यहां हम आपको कुछ ट्रिक्स बताएंगे, जिससे बच्चे को दूध पिलाने के लिए डांटने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी और वो दूध भी पी लेगा।**

## ऐसे पूरी करें कैल्शियम की कमी

अगर बच्चा फिर भी दूध पीने में नखरे दिखाता है तो उनकी डाइट में बादाम बच्चा दूध पीना पसंद नहीं करता तो आप उसे बादाम या आलमंड मिल्क, दही, पनीर, ब्रोकोली, नारियल पानी, सोया प्रोडक्ट्स शामिल करें। इससे शरीर में कैल्शियम की कमी भी पूरी होगी और बच्चे स्वस्थ भी रहेंगे।

## फेवरेट गिलास में दें बच्चे को दूध

बच्चें दूध न पीने का बहाना ढूंढते रहते हैं। ऐसे में उन्हें कार्टून करेक्टर गिलास में दूध देकर देखें। हो सकता है कि वो गिलास देखकर दूध पीने लगे।



## पसंदीदा फ्लेवर्ड मिल्क पिलाएं

दूध का फ्लेवर चेंज करने के लिए उसमें चॉकलेट, स्ट्रॉबेरी, ड्राईफ्रूट्स, कॉर्नफ्लेक्स, चोकोस आदि डाल सकते हैं। इसके अलावा आप दूध में केसर, खजूर आदि भी डाल सकते हैं। इससे दूध का स्वाद और पौष्टिक तत्व बढ़ जाएंगे।

## हैल्दी ऑप्शन चुनें

बच्चा सिंपल दूध नहीं पीता तो उसे मिल्कशेक, कस्टर्ड, स्मूदी, बॉर्नविटा बनाकर खिलाएं। इससे



उन्हें दूध के साथ दूसरे पौष्टिक तत्व भी मिलेंगे।

## बच्चे को दूध न हो हजम तो क्या करें?

कुछ बच्चों को दूध हजम नहीं होता और उन्हें पेट में दर्द, गैस, पेट खराब जैसी समस्या होती है। ऐसे में उन्हें हल्दी वाला दूध पिलाएं।

## गर्म दूध के बजाए दें कोल्ड मिल्क

बच्चों को गर्म की बजाए ठंडा दूध दें। इसे वो चाव से पी लेंगे और उनकी हड्डियों व दांतों को कैल्शियम भी मिलेगा।

## दूध हजम नहीं होता तो क्या करें?

बच्चे को दूध हजम नहीं होता तो उसमें बादाम, अंजीर, हल्दी, चिया सीड्स, पीपल के पत्ते मिलाकर पीएं। इससे दूध हजम हो जाएगा और उल्टी, पेट में गड़बड़ भी नहीं होगी।

## आइस क्यूब्स डालें

गर्मियों के बच्चों को दूध की तरफ आकर्षित करने के लिए उसमें कुछ कलरफुल आइस क्यूब्स डालें। इसके लिए आप फूड कलर, रूआबजा आदि का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## खेल-खेल में पिलाएं दूध

माता-पिता या कोई भी घर का बड़ा बच्चों के साथ बैठकर खेल-खेल दूध पिलाएं। इससे वो मस्ती में दूध भी पी लें और उनकी एक्टिविटी भी हो जाएगी। साथ ही इससे उन्हें दूध के पौष्टिक तत्व भी मिल जाएंगे।



# बच्चों में हेमाट्यूरिया
## प्रकार, कारण, लक्षण व उपचार

**बच्चे को अपनी बढ़ती उम्र में कभी छोटी, तो कभी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्हीं में से एक है बच्चों में हेमाट्यूरिया। मॉमजंक्शन के इस लेख में हम आपको बच्चों में हेमाट्यूरिया के बारे में विस्तार से बताएंगे। साथ ही यहां हेमाट्यूरिया के प्रकार, कारण और लक्षण के साथ ही उपचार की जानकारी भी मिलेगी। बच्चों में हेमाट्यूरिया को समझने के लिए इस लेख को अंत तक पढ़ें।**

**सबसे पहले समझिए कि हेमाट्यूरिया क्या होता है।**

बच्चों के पेशाब में खून नजर आने की स्थिति को हेमाट्यूरिया कहते हैं। इसकी मात्रा पेशाब में इतनी कम हो सकती है कि बिना माइक्रोस्कोप के नजर ही न आए या फिर खून की वजह से पेशाब का रंग लाल या गुलाबी दिख सकता है। साथ ही पेशाब करने के बाद खून के धब्बे भी दिखाई दे सकते हैं। हेमाट्यूरिया थोड़े समय के अंतराल में या लगातार हो सकता है। ऐसे में बच्चे को डॉक्टर के पास ले जाकर इसका कारण जानना और उपचार शुरू करना जरूरी है।



**क्या बच्चों के मूत्र में रक्त एक गंभीर समस्या है?**

हां, बच्चों के पेशाब में खून आने की समस्या कुछ मामलों में गंभीर हो सकती है। इसे वक्त रहते बढ़ने से रोका जा सकता है। इसके लिए हेमाट्यूरिया के कारण जैसे इंफेक्शन और अन्य समस्या का उपचार करने के साथ ही बच्चे को हाइड्रेट रखना जरूरी है।

**हेमाट्यूरिया के प्रकार**

हेमाट्यूरिया के बाद हम हेमाट्यूरिया के प्रकार बता रहे हैं। एनसीबीआई की वेबसाइट पर प्रकाशित एक शोध में हेमाट्यूरिया दो प्रकार के माने गए हैं।

**माइक्रोस्कोपिक हेमाट्यूरिया:** इस प्रकार का हेमाट्यूरिया होने पर पेशाब में रक्त कोशिकाएं केवल माइक्रोस्कोप से देखने पर ही नजर आती हैं। इसी वजह से इस प्रकार के हेमाट्यूरिया के बारे में तबतक पता नहीं चलता है, जबतक कि बच्चों का मूत्र परीक्षण नहीं करवाया जाता। यह हेमाट्यूरिया अपर यूरीनरी ट्रेक के घाव जैसे ग्लोमेरुलस या ट्यूबलोइंटरस्टिटियम के कारण हो सकता है।

**ग्रॉस हेमाट्यूरिया:** जब बिना माइक्रोस्कोप की सहायता के भी पेशाब में लाल रक्त कोशिकाएं नजर आती हैं, तो उसे ग्रॉस हेमाट्यूरिया कहते हैं। इस हेमाट्यूरिया के प्रकार में खून की मात्रा पेशाब में इतनी होती है कि उसका रंग लाल, भूरा या गुलाबी दिखने लगता है। आम तौर पर यह हेमाट्यूरिया लोअर यूरीनरी ट्रेक जैसे मूत्राशय और मूत्रमार्ग में होने वाले घाव के कारण हो सकता है।

# बच्चा हमेशा रहता है चिड़चिड़ा तो फॉलो करें ये टिप्स

**को**रोना का असर अभी तक बच्चों की जिंदगियों में देखने को मिल रहा है। अभी तक स्कूल पूरी तरह से ना खुलने के कारण उन्हें ऑनलाइन पढ़ाई करनी पड़ रही है। वहीं बच्चे लंबे समय तक घर पर बंद है। इसके कारण कई बच्चों को स्ट्रेस होने से उनके स्वभाव में चिड़चिड़ापन बढ़ रहा है। असल में, उन्हें अपनी पर्सनल और स्कूल लाइफ में बैलेंस बनाना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में पेरेंट्स का फर्ज बनता है कि वे इस मुश्किल दौर में बच्चे का खास ध्यान रखकर उनकी लाइफ में बदलाव लाएं। चलिए आज हम आपको कुछ टिप्स बताते हैं, जिसकी मदद से आप बच्चे की पर्सनल जिंदगी और स्कूल लाइफ के बीच बैलेंस बना सकती है...

**एक्टिव रखें :** बच्चे घर पर रहकर या ऑनलाइन क्लासिस लगाकर थका-थका महसूस करते हैं। मगर इसमें पेरेंट्स का फर्ज बनता है कि वे बच्चे को एक्टिव रखने की पूरी कोशिश करें। इसके लिए आप घर पर ही उसे कोई छोटे-मोटे गेम्स



खिला सकते हैं। ताकि आपका बच्चा एक्टिव रहे। एक्टिव रहने से स्ट्रेस हार्मोन कम होने में मदद मिलती है। ऐसे में आपका बच्चा खुश रहेगा। आप कोरोना गाइलाइन्स का पालन करते हुए कभी-कभाव उसे घर से बाहर भी लेकर जा सकते हैं।

**बच्चे से बातचीत करें :** अगर आपका बच्चा स्ट्रेस महसूस कर रहा हो तो उसके साथ समय गुजारें। उनके साथ बातें करें। उसे समझाएं कि इस तरह गुस्सा करने से उसकी सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। आप उसे खुश रखने के लिए उसका मनपसंद काम कर सकते हैं। इसके अलावा उसकी ऑनलाइन क्लास में उसकी मदद करें।

**फैमिली गेम नाइट करें प्लान :** बच्चे को एक्टिव व हैप्पी रखने के लिए आप कभी-कभार फैमिली गेम नाइट आयोजित कर सकते हैं। इसमें आप कुछ आसान सी फिजिकल एक्टिविटीज शामिल कर सकती है। इसके अलावा कुछ बच्चे की पसंद की डिशेज भी रख सकती है। इससे आपका बच्चा उस पल को अच्छे से एन्जॉय करेगा। साथ ही अपनी चिंता व एंजाइटी को भूल जाएगा।

**बच्चे की डाइट का रखें ध्यान :** शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने से भी बच्चे चिड़चिड़ा स्वभाव करने लगते हैं। इसलिए बच्चे की डेली डाइट में पोषक तत्वों व एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर चीजें शामिल करें। इससे आपके बच्चे की इम्यूनिटी बढ़ेगी। वे दिनभर एनर्जेटिक रहेगा। अगर आपके बच्चे को बाहर का खाना ज्यादा पसंद है तो आप उसे घर पर ही पिज्जा, सैंडविच, फ्रूट कस्टर्ड, शैक, स्मूदी आदि हेल्दी चीजें बनाकर खिला सकती है। ये सब चीजें आपका बच्चा खुशी-खुशी खाएगा। साथ ही इससे उसकी सेहत को कोई नुकसान भी नहीं झेलना पड़ेगा।

**बच्चे का एक रूटीन सेट करें :** आप अपने बच्चे का एक रूटीन सेट कर सकती है। इसमें आपको उसके जागने से लेकर सोने तक का सारा टाइम टेबल सेट करना होगा। इससे बच्चे को इस बात की समझ आएगी कि उसे कब जागना है, कब खाना है, कब खेलना व पढ़ना है। एक रूटीन सेट होने पर वह अपने सारे काम उसी मुताबिक करेगा। ऐसे में उसे एक खुशहाली और ट्रेंशन फ्री जिंदगी जीने में मदद मिलेगी।

# बच्चों को शुरुआत से ही सिखाएं ये आदतें पढ़ाई में हमेशा रहेंगे अव्वल

**हर माता-पिता अपने बच्चे को एक अच्छा व कामयाब इंसान बनना देखना चाहते हैं। इसकी शुरुआत स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने से ही होती है। इसके लिए कई पेरेंट्स बच्चों को ट्यूशन क्लास भी ज्वाइंन करवाते हैं जिससे उनका दिमाग तेज हो पाए। मगर आप चाहे तो बच्चे की डेली रूटीन में कुछ खास बदलाव करके उन्हें एक बेहतर विद्यार्थी बना सकते हैं। चलिए आज हम आपको इससे जुड़े कुछ खास टिप्स बताते हैं...**



**नियमित रुप से पढ़ना**

बच्चा सही से पढ़ रहा है या नहीं इसके लिए पेरेंट्स जिम्मेदार होते हैं। इसलिए माता-पिता का फर्ज बनता है कि वे अपने बच्चे को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही बच्चे के पढ़ाई दौरान उनके साथ बैठें। इससे उन्हें पढ़ाई में मदद मिलेगी और रोजाना पढ़ने की आदत बनेगी।

**पढ़ने का समय तय करें**

बच्चों को कोई आदत डालने के लिए जरूरी है कि समय तय करें। इसके लिए आप बच्चे के पढ़ने का भी एक समय सेट करें। इससे उनकी एक रूटीन बन जाएगी। साथ ही आपको बार-बार उसे पढ़ने के लिए नहीं कहना पड़ेगा।

**किताबें व्यवस्थित रखना**

कई पेरेंट्स बच्चे की किताबें व जरूरी सामान को खुद संभालते हैं। मगर ऐसा करने की जगह पर बच्चे को इस बात की आदत लगानी चाहिए। बच्चों को उसका स्कूल बैग खुद सेट करना सिखाएं। इससे वे अपनी चीजें



संभालना सिखेंगे साथ ही वे पढ़ने व स्कूल जाने के लिए प्रेरित होंगे।

**खुद का टेस्ट लेना सिखाएं**

खुद को तैयार करने के लिए स्वयं की परीक्षा लेना बेस्ट माना जाता है। ऐसे में अगर आपका बच्चा 7-8 साल है तो उसे खुद से पढ़ना व परीक्षा लेना सिखाएं। इससे उसे पता चलेगा कि उसे किस विषय में कितनी मेहनत करने की जरूरत है। इसके अलावा आप पढ़ने में उसकी मदद जरूर करें।



**नॉलेज का इस्तेमाल करें**

बच्चे को सिखाएं कि चीजों को समझ व उन्हें याद करना ही काफी नहीं होता है। उन्हें जरूरत पढ़ने पर अपनी नॉलेज का इस्तेमाल करना भी जरूरी है। बच्चे को दूसरों के आगे बात करना व बोलना सिखाएं। इससे बच्चे का आत्मविश्वास बढ़ेगा साथ ही उसे अपनी कमियों के बारे में पता चलेगा।

**भरपूर मात्रा में पानी पीना**

ज्ञान के साथ सेहत का होना भी बेहद जरूरी है। इसलिए बच्चों को भरपूर पानी पीने की आदत डालें। इससे शरीर में मौजूद विषैले पदार्थ बाहर निकलने में मदद मिलती है। ऐसे में बीमारियों से बचाव रहता है। वहीं सेहत दुरुस्त होने से बच्चे का पढ़ाई में पूरा ध्यान लगेगा। एक्सपर्ट्स के अनुसार, बच्चों को रोजाना 8-9 गिलास पानी का सेवन करना चाहिए। आप बच्चे की डेली डाइट में पानी वाले फल व सब्जियां, सूप, जूस आदि भी शामिल कर सकती है।

**अच्छे दोस्तों की संगत में रहना**

एक अच्छा इंसान बनने के लिए अच्छी आदतों का होना बेहद जरूरी है। इसलिए अपने बच्चों को हमेशा अच्छी संगत में रहने के लिए प्रेरित करें। बुरी संगत में आने से बच्चे पढ़ाई में पीछे होने के साथ जीवन में भी गलत आदतें सिख सकते हैं। वहीं अच्छे दोस्त पढ़ाई के लिए प्रेरित करने के साथ पढ़ने में साथ भी देते हैं। इसलिए आपका फर्ज बनता है कि आप बच्चे को सही दोस्त चुनने में मदद करें।

# एक दिन
(कविता)

मैं तुम्हारे शब्दों की उँगली पकड़ कर
चला जा रहा था बच्चे की तरह
इधर-उधर देखता
हँसता, खिलखिलाता
अचानक एक दिन
पता चला
तुम्हारे शब्द
तुम्हारे थे ही नहीं
अब मेरे लिए निश्चिंत होना असंभव था
और बड़ों की तरह
व्यवहार करना जरूरी।।

- अखिलेश्वर पांडेय

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9955023741